दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा शनिवार 22 फरवरी 2025 ● वर्ष : 03 अंक : 535



## संक्षिप्त खबरें ।

### फिर मुश्किलों में केजरीवाल, जानिए कब पेश होगी कैग की रिपोर्ट? आप सरकार में भ्रष्टाचार के खुलेंगे काले चिट्ठे



**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही सीएम रेखा शर्मा ने एक्शन में हैं। उन्होंने पहले दिन से ही जनता के हक में फैसला लेना शुरू कर दिया है। वहीं, अब नवगठित दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू होगा, जिसमें लंबित कैग रिपोर्ट पेश की जाएंगी। विधानसभा में कैग की रिपोर्ट पेश होते ही एक बार फिर से पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

**शिवरात्रि के बाद सदन में पेश होगी कैग की रिपोर्टः** विधानसभा के अधिकारियों ने बताया कि सत्र 24, 25, 27 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। आम आदमी पार्टी की पिछली सरकार के प्रदर्शन से जुड़ी 14 लंबित कैग (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) रिपोर्ट सदन में पेश की जाएंगी। नवनिर्वाचित विधायकों को 24–25 फरवरी को शपथ दिलाई जाएगी और 26 फरवरी को शिवरात्रि की छुट्टी के बाद भारतीय जनता पार्टी की सरकार कैग रिपोर्ट पेश करेगी।

**भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए नहीं पेश हुई रिपोर्ट :** मालूम हो कि इससे पहले दिल्ली में 'आम आदमी पार्टी' सरकार के दौरान बीजेपी ने कोर्ट से गुहार लगाई थी कि सरकार को कैग रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया जाए। बीजेपी ने 'आप' सरकार पर अपने 'भ्रष्टाचार' को छिपाने के लिए रिपोर्ट को रोकने का आरोप लगाया था।

**केजरीवाल को घेरेगी बीजेपी सरकारः** इस महीने की शुरुआत में हुए विधानसभा चुनावों के बाद बीजेपी ने दिल्ली में नई सरकार बनाई है। विधानसभा में उसके 48 विधायक हैं, जबकि विपक्षी आम आदमी पार्टी के 22 विधायक हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि 27 साल बाद सत्ता में लौटी बीजेपी सरकार भ्रष्टाचार के मुद्दे पर अरविंद केजरीवाल को जमकर घेरेगी। इसमें पूर्व की आप सरकार में शामिल कई मंत्री भी लपेटे में आ सकते हैं।

## मुखिया का चुनाव भी नहीं जीत सकते जीतन राम मांझी', बिहार में विस चुनाव से पहले इस नेता ने कर दिया चैलेंज

**लोक तंत्र की आवाज़**



**पटना ।** केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संयोजक जीतन राम मांझी बिहार विधानसभा चुनाव से पहले अपनी ताकत दिखाने वाले हैं. 28 फरवरी को पटना के गांधी मैदान में दलित समागम के नाम से एक बड़ी रैली करेंगे. उनकी इस रैली से पहले अब सियासत शुरू हो गई है. आरजेडी के दलित नेता और गया लोकसभा क्षेत्र से जीतन राम मांझी के प्रतिद्वंद्वी रहे विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ. कुमार सर्वजीत ने जीतन राम मांझी को खुला चैलेंज दे दिया है. शुक्रवार (21 फरवरी) को मीडिया से उन्होंने कहा है कि अगर जीतन राम मांझी को लगता है कि हम दलितों के नेता हैं तो अकेले एक बार चुनाव लड़कर देखें. जीतन राम मांझी खुद मुखिया का चुनाव भी नहीं जीत सकते हैं।

कुमार सर्वजीत ने कहा कि मेरे पास तो कोई शब्द नहीं है. जीतन राम मांझी बुजुर्ग व्यक्ति हैं. कहने में भी थोड़ा अच्छा नहीं लगता है, लेकिन उनका चरित्र इस तरह का है कि वो जिस मंदिर में जाते हैं उसी धर्म को अपना लेते हैं. सत्ता के प्रति वह लालची हैं. उन्होंने लालू यादव से विनती की थी कि वे अपने बेटे को राजनीति में चमकाना चाहते हैं. लालू यादव ने उनके बेटे को एमएलसी बनाया. बाद में मंत्री भी बना दिया. इसका कर्ज भी वे अभी तक लालू यादव का नहीं उतारे हैं।

इतने अनुभवी नेता लालू यादव के खिलाफ अनाप–शनाप बयान देते हैं. डॉ. कुमार सर्वजीत ने कहा कि इनको लग रहा है कि ऐसे बोलने से इन्हें कोई प्रधानमंत्री बना देगा. समय की मांग है. समय एक दिन आएगा और उनकी भाषा का हिसाब पूरे बिहार की जनता लेगी।

**'अगर ताकत है तो अकेले चुनाव लड़कर दिखाएंः** मांझी की दलित समागम रैली पर तंज कसते हुए कुमार सर्वजीत ने कहा कि अगर वह 10 हजार भीड़ नहीं जुटाएंगे तो उनको कोई मुखिया का भी टिकट देगा क्या? अगर ताकत है तो अकेले चुनाव लड़कर दिखाएं. उनके उम्मीदवार 500 से ज्यादा वोट नहीं लाएंगे. अकेले तो वह मुखिया और सरपंच भी नहीं बन पाएंगे. वह दलित समागम के नाम पर कुछ भीड़ जुटाएंगे और उसके बाद अपने गठबंधन में टिकट का दबाव बनाएंगे तो उन्हें 4–5 सीट गठबंधन में मिल जाएगी. उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के सपने को चूर करने वाले ऐसे नेता को बिहार की जनता इसी बिहार विधानसभा चुनाव में सबक सिखाएगी।

## दिल्ली-पटना छोड़ दो, बूथ तक जाओ, पटना पहुंचते ही कृष्णा अल्लावरू ने बिहार कांग्रेस को दिया साफ संदेश



**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** बिहार कांग्रेस के प्रभारी का पद संभालने के बाद कृष्णा अल्लावरु गुरुवार को पहली बार पटना पहुंचे. पटना हवाई अड्डा पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे वे निभाएंगे और सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ मिलकर काम करेंगे. पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, ₹बिहार कांग्रेस के लिए पुरानी जगह है. सबके साथ मिलकर आज कांग्रेस को फिर से मजबूत करने की जिम्मेदारी मिली है. मजबूती से काम करेंगे और पार्टी को मजबूत बनाएंगे।

हराने की ताकत किसी भी दल और संगठन में नहीं है। कांग्रेस को कांग्रेस ही हरा सकती है।बाकी का पता तो नहीं लेकिन बिहार में यह सहन नहीं होगा। कोई भी हो कितना भी बड़ा पद हो और कितना भी बड़ा नाम हो, अगर वह गुटबाजी लक्ष्मण रेखा को पार करती है तो उसको बाहर कर देंगे। हम सबको मिलकर अंदर की लड़ाई लड़नी होगी. राजनीति क्रिकेट और फुटबॉल की तरह टीम गेम है कोई अकेले नहीं जीत सकता है. कृष्णा अल्लावरु ने बिहार कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को संदेश दिया कि दिल्ली–पटना जाना छोड़ दो,–बूथ बूथ तक जाओ. विधानसभा की तिजोरी की चाभी वहीं पर है।

इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को चुनौती माने जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि चुनौती कैसी भी हो, पूरी मेहनत करेंगे और मिलकर मुकाबला करेंगे. इससे पहले पटना हवाई अड्डे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कृष्णा अल्लावरु का भव्य स्वागत किया. कार्यकर्ताओं ने पार्टी के पक्ष में नारे लगाए और अपने नए प्रभारी का फूल–मालाओं से स्वागत किया. एयरपोर्ट से कृष्णा अल्लावरु कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता शकील अहमद खान के आवास पर पहुंचे और उनसे मुलाकात की. दरअसल पिछले दिनों शकील अहमद खान के पुत्र का निधन हो गया था।

## कौन है बीजेपी को वो नेता जिसकी वजह से चुनाव हार गए आरके सिंह, पवन सिंह को किसने दिए थे पैसे? खुलासे से मची खलबली!

**लोक तंत्र की आवाज़**



**पवन सिंह की कोई गलती नहीं थीः आरके सिंह**

आरके सिंह के अनुसार पवन सिंह की कोई गलती नहीं थी. उन्हें चुनाव लड़ने के लिए बीजेपी नेताओं ने ही मजबूर किया था. पार्टी के भीतर कुछ लोगों ने मेरे खिलाफ काम किया और मेरी हार सुनिश्चित की. आरा के पूर्व सांसद आरके सिंह ने कहा कि पवन सिंह चुनाव में ऐसे ही खड़े नहीं हुए, उन्हें पैसा लेकर खड़ा कराया गया. हमारी पार्टी के नेताओं ने पवन सिंह को पैसा देखर चुनाव लड़ने को कहा. हमारी पार्टी के नेताओं ने विद्रोह करके यह काम किया।

**आरा।** पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह के एक बयान से बिहार की राजनीति में खलबली मच गयी है. दरअसल बीजेपी के कद्दावर नेता आरके सिंह ने भोजपुर में एक कार्यक्रम के दौरान अपनी ही पार्टी बीजेपी के नेता पर आरोप लगाते हुए बड़ा खुलासा किया है. आरके सिंह ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए पवन सिंह को खुद बीजेपी के कुछ नेताओं ने पैसे दिए थे. बीजेपी में कुछ लोग चाहते थे कि मैं चुनाव न जीत पाउं. वहीं अब आरके सिंह का यह बयान सामने आने के बाद से बिहार की राजनीति गरमा गई है।

दरअसल आर के पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह इस बार आरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव हार गए थे. वहीं उन्होंने चुनाव में अपनी हार के लिए बीजेपी के ही कुछ नेताओं को जिम्मेदार ठहराया है. आरके सिंह ने बीजेपी नेताओं पर भोजपुरी अभिनेता और गायक पवन सिंह को काराकाट सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने के लिए आर्थिक मदद देने का आरोप लगाया है. बताया जा रहा है कि आरके सिंह ने यह बयान बुधवार को आरा में एक कार्यक्रम के दौरान दिया था।

**दगा देने वालों के नाम का खुलासा करेंगे आरके सिंहः** आरके सिंह ने कहा कि यही वजह है कि काराकाट में कुशवाहा और राजपूत वोटों को विभाजित कर दिया, जिस वजह से काराकाट में उपेंद्र कुशवाहा की हार हुई और आरा से मैं चुनाव नहीं जीत सका. हालांकि आरके सिंह ने का कहना है कि मैं उन नेताओं के सबूत जमाकर उनको सबके सामने लाऊंगा. वहीं आरके सिंह के इस बयान के बाद बिहार की राजनीति में खलबली मची हुई है. महागठबंधन के नेता भी बीजेपी पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं. वहीं ऐसे में सवाल यह है कि आखिर आरके सिंह बीजेपी के किन नेताओं की बात कर रहे हैं, जिनकी वजह से वह आरा सीट पर चुनाव हार गए।

## राजद पर लटक रही टूट की तलवार! तेजस्वी ने जगदानंद सिंह के परिवार को मनाया तो नवादा में खेला हो गया

**लोक तंत्र की आवाज़**




**पटना।** बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. चुनावी साल में राजद पर बड़ी टूट का संकट मंडरा रहा है. अभी तक प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह का परिवार नाराज बताया जा रहा था, लेकिन तेजस्वी यादव ने उनको मना लिया है. अब नवादा में अंतर्कलह सामने आई है। नवादा में तेजस्वी यादव के संवाद कार्यक्रम से पहले लगे पोस्टरों में दो विधायकों की तस्वीरें गायब कर दी गई हैं.

नवादा से राजद विधायक विभा देवी और रजौली से विधायक प्रकाश वीर को पोस्टर में जगह नहीं मिली है, जबकि गोविंदपुर के विधायक मोहम्मद कामरान की तस्वीर पोस्टर में मौजूद है. सियासी गलियारों में इसकी काफी चर्चा हो रही है. कहा जा रहा है कि आने वाले समय में तेजस्वी यादव को झटका दे सकते हैं।

वहीं पोस्टर में दोनों विधायकों की तस्वीर नहीं लगाने को लेकर राजद के जिलाध्यक्ष उदय यादव की प्रतिक्रिया सामने आई है. उदय ने दोनों विधायकों की तस्वीर नहीं लगाने का कारण बताया है. उन्होंने कहा कि दोनों विधायक किसी भी बैठक में नहीं आते हैं. लोकसभा चुनाव में भी इन्होंने गड़बड़ी की थी, इसलिए उनकी तस्वीरें हटाई गई हैं. पार्टी सूत्रों के अनुसार, दोनों विधायक राष्ट्रीय जनता दल की विचारधारा के साथ नहीं चल रहे थे. अब सभी की नजरें तेजस्वी यादव के आगमन पर टिकी हैं. यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या दोनों विधायक संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे।

बता दें कि नवादा जिले में कुल 6 विधानसभा सीटे हैं– बरबीघा विधानसभा सीट रजौली विधानसभा सीट हिसुआ विधानसभा सीट गोविंदपुर विधानसभा सीट और वारिसलीगंज विधानसभा सीट इनमें से तीन पर राजद तो तीन सीटों पर एनडीए का कब्जा है. वहीं नवादा लोकसभा सीट की बात की जाए तो यहां पर भी एनडीए का कब्जा है. पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में एनडीए की ओर बीजेपी के विवेक ठाकुर ने राजद के श्रवण कुशवाहा को 67 हजार से ज्यादा वोटों से हराया था।

## राजद के साथ फिर जाने वाले हैं नीतीश कुमार?

**लोक तंत्र की आवाज़**



● राजद विधायक भाई वीरेंद्र के एक बयान से मच गया नया सियासी बवाल, दिल्ली में सीएम के शपथ ग्रहण समारोह में हुए थे मौजूद नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर महागठबंधन के साथ जा सकते हैं? एक बयान ने फिर से राजनीतिक अटकलों को जन्म दे दिया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिल्ली के मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह से विशेष रूप से अनुपस्थित रहे, जिससे राजनीतिक अटकलें तेज हो गईं। उनकी अनुपस्थिति पर प्रतिक्रिया देते हुए राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि नीतीश कुमार हमारे साथ आने वाले हैं, तो वह एनडीए की बैठक में क्यों शामिल होंगे? भाई वीरेंद्र के इस बयान से सियासी गलियारे में एक बार फिर तूफान उठ गया है।

**क्यों नहीं शामिल हुए नीतीशः** बता दें कि सीएम नीतीश कुमार के दिल्ली नहीं जाने को लेकर भले राजनीति शुरू हो गई है लेकिन शपथ ग्रहण समारोह में नहीं जाने के पीछे कई कारण था। सीएम का पहले से भी कार्यक्रम तय था। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को रोहतास जिले में 1378.46 करोड़ रुपये की कुल 1220 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। उन्होंने 1110.23 करोड़ रुपये की 1971 परियोजनाओं का शिलान्यास और268.22 करोड़ रुपये की 249 परियोजनाओं का उद्घाटन किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, ''मुख्यमंत्री ने जिले के करमचट, बादलगढ़, दुर्गावती और दिनारा में विभिन्न इको–टूरिज्म और एडवेंचर हब केंद्रों और बोट हाउस शिविरों का उद्घाटन व शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने चेनारी प्रखंड में मल्हीपुर पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया और क्षेत्र में जीविका दीदियों के साथ बातचीत की। उन्होंने रोहतास जिले में राज्य सरकार का जारी विकास योजनाओं की समीक्षा के लिए एक बैठक की भी अध्यक्षता की।

**कांग्रेस नेता ने साधा नीतीश पर निशानाः** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की प्रमुख अलका लांबा ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि जद(यू) प्रमुख नीतीश कुमार कुछ महीनों में होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे। महिला कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद बिहार की राजधानी की अपनी पहली यात्रा पर उन्होंने देर शाम यहां पत्रकारों से बातचीत की। लांबा ने भाजपा पर महिला आरक्षण विधेयक को पारित करवाने का श्रेय लेने के बावजूद इसके क्रियान्वयन में बाधा डालने का भी आरोप लगाया। लांबा ने कहा कि बिहार में चुनाव की घोषणा होने के पूर्व एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित कर दी जाना चाहिए।

## बिहार में डोमिसाइल पर सियासी तकरार, भाजपा सांसद ने नीति को बताया आत्मघाती

**लोक तंत्र की आवाज़**



**पटना।** बिहार भाजपा उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ भीम सिंह ने राजद की उस घोषणा को बिहार के लिए घातक बताया है, जिसमें बिहार में डोमिसाइल पॉलिसी लागू करने की बात कही गयी है. डॉ सिंह ने कहा कि डोमिसाइल पॉलिसी पर राजद का ज्ञान अधकचरा और भ्रामक है. डॉ सिंह ने कहा कि अव्वल तो राजद का डोमिसाइल पॉलिसी पर यह घोषणा ₹न नौ मन घी होगा न राधा नाचेगी₹ जैसी है, क्योंकि राजद सत्ता में तो आने वाला है नहीं. उसके द्वारा ऐसी घोषणा क्या अर्थ है।

**डोमिसाइल पॉलिसी हर रूप में गलतः** डॉ सिंह ने जोर देकर कहा कि डोमिसाइल पॉलिसी सिद्धांततः और व्यवहार दोनों रूपों से गलत है. यह स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार के विरुद्ध है. डॉ सिंह ने कहा कि राजद को मालूम होना चाहिए कि जिन राज्यों में इस पॉलिसी को लागू किया, उन्हें सर्वोच्च न्यायालय द्वारा असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया गया है. फिर यह बिहार में कैसे लागू किया जा सकेगा?

**डोमिसाइल पॉलिसी का हो विरोधः** डॉ सिंह ने कहा कि भारत के किसी भी राज्य द्वारा यदि डोमिसाइल पॉलिसी लायी जाती है तो बिहार को उसका कट्टर विरोधी होना चाहिए. कारण,प्रवासी कामगारों में ज्यादातर बिहार के ही लोग होते हैं. इसके उलट अन्य राज्य से बिहार में आकर काम करने वाले कामगारों की संख्या नाममात्र के ही होते हैं. भीम सिंह ने राजद और उसके नेताओं को सलाह दी है कि अपने अधकचरे ज्ञान के आधार पर मात्र सस्ती लोकप्रियता के लिए इस संदर्भ में बयानबाजी तुरंत बंद कर दें।

## चीनी नौसेना के अभ्यास से सकपका गया ऑस्ट्रेलिया, विमानन कंपनियों को दिया सावधान रहने का संदेश

**लोक तंत्र की आवाज़**



**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलिया ने उसके देश के हवाई अड्डों और न्यूजीलैंड के बीच उड़ान संचालित करने वाली अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनियों को चेतावनी दी है कि चीनी युद्धपोत तस्मान सागर में युद्धाभ्यास कर रहे हैं जिसके मद्देनजर वो सावधान रहें। ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

**ऑस्ट्रेलियाई पूर्वी तट पर अभ्यास कर रहे हैं चीनी युद्धपोत :** वोंग ने 'ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन' की उस खबर की पुष्टि की है जिसमें 'एयरसर्विसेज ऑस्ट्रेलिया' ने पायलटों को दोनों देशों के बीच हवाई क्षेत्र में संभावित खतरे के बारे में चेतावनी दी है। ऐसा इसलिए है क्योंकि चीन के तीन युद्धपोत ऑस्ट्रेलियाई पूर्वी तट पर अभ्यास कर रहे हैं। एबीसी की खबर के अनुसार, कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का मार्ग भी परिवर्तित कर दिया गया है।

**चीनी युद्धपोतों पर रखी जा रही है नजरः** वोंग ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया चीन के साथ उसके नौसैनिक अभ्यासों, ''विशेष रूप से गोलीबारी के अभ्यासों'' के बारे में अधिसूचना और पारदर्शिता पर चर्चा कर रहा है। ऑस्ट्रेलियाई सैन्य जहाज और विमान कई दिनों से चीनी युद्धपोतों पर नजर रख रहे हैं क्योंकि ये युद्धपोत ऑस्ट्रेलियाई पूर्वी तट से होते हुए अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में गुजर रहे हैं।

**चीनी युद्धपोतों का होना सामान्य बात नहींः** 'आस्ट्रेलिया एवं अंतरराष्ट्रीय पायलट संगठन' के उपाध्यक्ष कैप्टन स्टीव कॉर्नेल ने एक बयान में कहा, ''दुनिया के इस हिस्से में चीनी युद्धपोतों का होना सामान्य बात नहीं है। पायलटों को अक्सर ही बाधाओं का सामना करना पड़ता है, चाहे वह इस तरह के सैन्य अभ्यासों से हो या रॉकेट प्रक्षेपण, अंतरिक्ष मलबे या ज्वालामुखी विस्फोट जैसी अन्य घटनाओं से हो।

## जानिए कौन हैं डोनाल्ड ट्रंप के वफादार काश पटेल

**लोक तंत्र की आवाज़**

### एफबीआई डायरेक्टर बनते ही भरी हुंकार



**कौन है काश पटेल?**

काश पटेल भारतीय मूल के अमेरिकी हैं। काश पटेल के माता–पिता गुजरात से थे। उनका परिवार 1970 के दशक की शुरुआत में विदेश चला गया था। पहले वो युगांडा में रहे उसके बाद जातीय भेदभाव के कारण युगांडा छोड़कर कनाडा में बस गए।

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी और वफादार माने जाने वाले काश पटेल अब एफबीआई के डायरेक्टर बन गए हैं। डोनाल्ड ट्रंप के कट्टर समर्थक काश पटेल की एफबीआई चीफ के रूप में नियुक्ति को सीनेट से हरी झंडी मिल गई है। काश पटेल की नियुक्ति के लिए अमेरिकी सीनेट ने 51–49 के मतों से मंजूरी दी है।

**डेमोक्रेट सांसदों ने किया विरोध :** डेमोक्रेट सांसदों ने काश पटेल की नियुक्ति का विरोध किया और उनकी योग्यता पर सवाल उठाए। उनका कहना था कि पटेल ट्रंप के इशारे पर काम करेंगे और रिपब्लिकन नेता के विरोधियों को निशाना बनाएंगे। इस बीच सीनेट में काश पटेल ने एफबीआई के राजनीतिकरण और प्रतिशोधी कार्रवाई से इनकार किया है। काश पटेल एफबीआई की कार्यशैली के आलोचक रहे हैं। नियुक्ति के बाद काश पटेल ने एक्स पर पोस्ट कर खुशी जताई। उन्होंने लिखा, 'यह मेरे लिए सम्मान की बात है। राष्ट्रपति ट्रंप और अटॉर्नी जनरल बोंडी आपके अटूट विश्वास और समर्थन के लिए धन्यवाद। अमेरिकी लोग एक ऐसे एफबीआई के हकदार हैं जो पारदर्शी, जवाबदेह और न्याय के प्रति प्रतिबद्ध हो। हमारी न्याय व्यवस्था के राजनीतिकरण ने जनता का भरोसा तोड़ा है...लेकिन आज से ये बंद होगा। निदेशक के रूप में मेरा मिशन स्पष्ट है, अच्छे पुलिसवालों को पुलिसिंग करने दें और एफबीआई में विश्वास कायम करें।'

**एफबीआई में होंगे बदलाव?ः**काश पटेल की नियुक्ति के बाद तय है कि एफबीआई में बड़े बदलाव संभव हैं। काश पटेल पहले ही कह चुके हैं कि वह एफबीआई में बड़े बदलाव करेंगे। इनमें वाशिंगटन स्थित मुख्यालय में कर्मचारियों की संख्या में कमी और खुफिया जानकारी जुटाने और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे कामों के बजाय अपराध से निपटने जैसे एफबीआई के पारंपरिक कामों पर नए सिरे से जोर देना शामिल है। काश पटेल को डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल में भी अहम जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। काश पटेल ने अमेरिका की राज्य और संघीय अदालतों में हत्या, तस्करी जैसे केस लड़े हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### उपप्रमुख ने सीओ के खिलाफ खोला मोर्चा, पंचायत समिति की बैठक में कार्रवाई का किया मांग

**कौआकोल।** शुक्रवार को प्रखण्ड सभागार कक्ष में आयोजित पंचायत समिति की बैठक में कौआकोल उपप्रमुख अनन्त कुमार उर्फ नवीन यादव ने सीओ मनीष कुमार ने खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उनके खिलाफ सदन से कार्रवाई की मांग की। उपप्रमुख ने कहा कि सीओ मनीष कुमार अनाधिकृत ढंग से नवनिर्मित प्रखण्ड कार्यालय भवन के कैंटीन में आवास बनाकर रह रहे हैं। जिसे तुरंत खाली करने का उन्होंने सदन में प्रस्ताव रखा। वहीं उन्होंने सीओ मनीष कुमार के कार्यकाल में अब तक हुए स्वीकृत एवं अस्वीकृत दाख़िलखारीज वादों एवं परिमार्जन के कारणों का जांच करवाने का मांग सदन के माध्यम से नवादा डीएम से किया। उपप्रमुख ने कहा कि यह दुर्भाग्य ही है कि उनके पंचायत के एक विधवा महिला का दाख़िल खारीज सिर्फ इसलिए अस्वीकृत कर दिया गया कि वह नाजायज राशि देने में सक्षम नहीं थी। ऐसे ऐसे कई लोगों का दाख़िल खारीज अकारण सीओ द्वारा नाजायज राशि नही देने के कारण कर दी गई। उपप्रमुख ने कहा कि जरूरत पड़ने पर वे स्वंय भी नवादा डीएम से मिलकर सीओ के कार्यकलापों की जांच की मांग करेंगे।

### कौआकोल : बकाया नहीं चुकाने पर काटी गई ओखरिया गांव की बिजली

**कौआकोल।** प्रखण्ड के पाली पंचायत के ओखरिया गांव में शुक्रवार को बिजली विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। बिजली बिल समय पर नहीं जमा करने के आरोप में बिजली विभाग ने पूरे गांव की ही बिजली काट दी है। जिससे इस गांव में लोगों के लिए काफी समस्या उत्पन्न हो गई है। विद्युत विभाग के कनीय अभियंता अनीश कुमार ने बताया कि ओखरिया गांव में 90 कनेक्शनधारी के विरुद्ध लगभग 10 लाख रुपए का बिजली बिल बकाया है। विभाग द्वारा कई बार नोटिस देकर एवं अन्य माध्यमों से बिल जमा करने का निर्देश दिया गया है। बावजूद उपभोक्ताओं द्वारा बिल जमा नहीं किया गया। जिससे बाध्य होकर वरीय पदाधिकारी के आदेश पर पूरे गांव की सामूहिक बिजली काट दी गई है।

### सिरदला: पुलिस के द्वारा फरार चल रहे चार वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया न्यायालय

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**



सिरदला नवादा-परना डाबर पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न गांव में छापेमारी कर कांड में फरार चल रहे चार वारंटी को गिरफ्तार किया है। परना डाबर थाना अध्यक्ष रंजन चौधरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार वारंटी की पहचान कांड संख्या 560/24 के एनबीडब्लू वारंटी सुखनर गांव निवासी नाथों पासवान के पुत्र सातों उर्फ सत्येंद्र पासवान। कांड संख्या 355/15 के एनबीडब्लू वारंटी मंझगावां गांव निवासी वासुदेव चौधरी के पुत्र उपेंद्र चौधरी। कांड संख्या 288/24 के वारंटी सांढ़ गॉव निवासी जागो चौधरी के पुत्र पप्पू चौधरी एवं कांड संख्या 288/ 24 के सांढ़ गॉव निवासी विधि विरुद्ध बालक बताया गया है। जिसे पुलिस ने व्यवहार न्यायालय नवादा में उपस्थापन हेतु भेज दिया है।

### सिरदला: प्रखंड के कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन को लेकर किया गया बैठक

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**



**सिरदला नवादा।** प्रखंड अंतर्गत संचालित कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय में नामांकन को लेकर एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक वार्डेन, लेखपाल एवं शिक्षिकाओं के द्वारा किया गया। बैठक में वार्डेन श्वेता कुमारी, लेखपाल दीक्षा प्रसून ने बताया कि सत्र 2025-26 के लिए 11 से 14 आयु वर्ग की छात्राओं को नामांकन किया जाएगा। वैसे छात्राएं जो पांचवी उत्तीर्ण कर आर्थिक एवं अन्य कारणों से प्रारंभिक शिक्षा पूरी नहीं कर पाई हो। का प्राथमिकता के आधार पर नामांकन किया जाएगा। पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 26 मार्च निर्धारित किया गया है। वार्डेन ने बताया कि छात्रावास में नामांकन अनुसूचित जाति, जनजाति, अत्यंत पिछड़ी जाति, एवं बीपीएल परिवारों की बच्चियों का नामांकन किया जाना है। संभवत: कुल 48 बालिकाओं का नामांकन किया जाएगा। नामांकन के लिए इच्छुक बालिकाएं एवं परिजन छात्रावास के कार्यालय अवधि में आवश्यक कागजातों के साथ-साथ समय पंजीयन कर सकते हैं। नामांकन के लिए प्रखंड संसाधन केंद्र सिरदला नवादा में सूचना दे दी जाएगी। मौके पर वार्डेन सहित सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर मगही मगध नागरिक संघ के बैनर तले कार्यक्रम आयोजित

**लोक तंत्र कीआवाज**

## व्यक्ति के विकास में मातृभाषा की भूमिका अहम : पारस सिंह




**सुनील कुमार**

**नवादा।** नयी पीढ़ी अपनी मातृभाषा मगही के महत्व को समझे। उक्त बातें मगही मगध नागरिक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पारस सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के मौके पर कही। उन्होंने आगे कहा आज के आधुनिक युग में नयी पिढी के बच्चों में अपनी मातृभाषा मगही के प्रति लगाव कम हो रहा है।जबकि व्यक्ति के विकास में मातृभाषा की भूमिका अहम होता है ,उसकी सर्वांग विकास का आधारशिला होती है, मातृभाषा व्यक्ति को समाज से जोड़े रखता है। उदाहरण के तौर पर यदि किसी की मातृभाषा मगही है, तो वह व्यक्ति अपने लोगों से मिलकर अपनात्व का अनुभव करता है और अपनी संस्कृति ऐवं संस्कारों से भी जोड़े रखता है।भाषा सिर्फ अभिब्यक्ति का माध्यम ही नहीं है, बल्कि समाज व विरासत को सहेजने का काम करती है। भाषा की अपनी खूबियां है, मातृभाषा का अपना विज्ञान है। इस विज्ञान को समझते हुए ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्थानीय भाषा में पढ़ाई पर जोर दिया गया है। आज देखने को मिल रहा है, कि बच्चे अपनी मातृभाषा में गिनती नहीं करते अपितु अंग्रेजी में गणना करते हैं ।अंग्रेजी का ज्ञान भी प्राप्त करना चाहिए क्योंकि यह भी समय की मांग है । किंतु अपनी मातृभाषा को तुच्छ समझ कर नहीं। माता-पिता भी बच्चों को अपनी मातृभाषा की बजाय अंग्रेजी में बात करते हुए देखकर प्रसन्न होते हैं। वे अपने बच्चों को इसके लिए प्रोत्साहित भी करते हैं। ऐसा करने से बच्चे भी अंग्रेजी को उच्च मानने लगते हैं, उन्हें अपनी मातृभाषा तुच्छ लगने लगता है। इस प्रकार वे अपनी संस्कृति से दुर होने लगते हैं, जो कही से भी इसे सही नहीं कहा जा सकता। इस प्रकार से उन्हें अंग्रेजी सभ्यता अच्छी लगने लगती है और स्वयं को श्रेष्ठ समझने लगते हैं तथा अपनी लोक भाषा यानी मातृभाषा को तुच्छ समझने लगते हैं। मातृभाषा के प्रति लोगों में जागृति पैदा करने के लिए प्रतिवर्ष 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाने के लिए 1999 में यूनेस्को के द्वारा घोषणा की गई थी। मुझे लगता है यह एक सराहनीय और अनुकरणीय कदम कहा जा सकता है,कम से कम इस दिवस पर ही लोग अपनी मातृभाषा के बारे में जानेंगे और समझेंगे। हमे अपनी मातृभाषा के ऊपर गर्व करनी चाहिए । आज मुझे बताते हुये खुशी हो रहा हैं की मगही मगध नागरिक संघ के द्वारा विगत कई सालों से मगही भाषा के विकास के लिये मुहीम चला रही है, जो अब रहा रंग लाने लगा है। गत वर्ष बिहार सरकार ने इढरउ के शिक्षक नियुक्ति परिक्षा में प्रायमरी स्कूल से मगही विषय पढ़ाने के लिये 7 शिक्षक को नियुक्ति पत्र दिया है। अब मगही रोजगार की भाषा बन गया है । इतना ही नहीं बिहार सरकार ने इस वर्ष मगही सहित अन्य बिहार के चार भाषाओं को सरकारी कैलेंडर में शामिल किया है ,जो पंचामृत नाम से मगही महोत्सव हर साल मनाया जायेगा। इसके लिये बिहार सरकार को हमलोगों ने आभार जताया है। बिहार सरकार ने हमरी मांगो को मंजूरी दी है ।ऐ सब उपलब्धि हम सब के सामुहिक प्रयास का ही नतीजा है। इस मौके पर हम सब की मातृभाषा ₹मगही₹ को संवेधानिक दर्जा देने के लिये केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूँ कि मगध के स्वाभिमान के प्रतीक और कडोरो लोगों की मातृभाषा मगही को जल्द से जल्द संविधान के आठवीं अनुसूची मे शामिल कर मगध वासियों की भावनाओं को सम्मान दे कर मातृभाषा दिवस की सार्थकता पुरा करे। इस मौके पर उदय शर्मा, विजय सिंह ,राजकुमार सिंह ,सतनारायण शर्मा, रामावतार राम ,बिजेंद्र सिंह, वीरेंद्र शर्मा ,अर्जुन वर्मा, सकेत शर्मा, मनोज शर्मा, संचित शर्मा, विक्रम सिंह सभी लोगों ने अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के शुभकामना देते हुए अपने मातृभाषा मगही के विकास के लिए संकल्प लिए।

# पंचायतों में हुई नल- जल योजना की जांच, अधिकतर जगह मिली शिकायतें



**लोक तंत्र कीआवाज**

**मेसकौर।** शुक्रवार को मेसकौर प्रखंड के बारत पंचायत के कुल दस विभिन्न वार्डों में पेयजल आपूर्ति योजना के लिए नल-जल योजना के अंतर्गत हर घर नल का जल के सुलभ संचालन एवं क्रियान्वयन की जांच नवादा जिला कल्याण पदाधिकारी प्रकाश प्रिय रंजन के द्वारा किया गया। इसमें करीब आधे से ज्यादा नल -जल योजनाएं खराबी के कारण ठप मिलीं। कल्याण पदाधिकारी प्रकाश प्रिय रंजन के द्वारा बारत पंचायत के करीब दस वार्डों,जहां उक्त योजना क्रियान्वित है, सभी पहलुओं की जांच किया गया। इधर, जांच में नल जल योजना की जो स्थिति अधिकारियों के सामने आयी है,उससे यह स्पष्ट हो गया कि पंचायत में नल जल योजना किस तरह धाराशायी हो चुकी है। कहीं सिंटेक्स (टंकी) में आज तक कभी पानी हीं नहीं पहुंचा है, कहीं मोटर जला हुआ है। कहीं स्टार्टर खराब है, कहीं सप्लाई पाइपें फटी पड़ी हैं। कहीं तकनीकी खामियों के कारण बंद पड़ी है, तो कहीं पम्प हाउस भी निर्मित नहीं है। कहीं -कहीं पीएचइडी द्वारा मरम्मत भी करायी गयी है , तो कहीं आधी-अधूरी आबादी को ही पानी मिल रहा है। वार्ड नंबर 08 में तो स्थिति यह है कि अगर मोटर आधा घंटा लगातार चला दीया जाए तो वह पूरा जल जाता है। वार्ड 08 के ग्रामीणों ने बताया कि आजतक जब भी नल जल योजना में कोई खराबी आती है, तो वो हम सभी ग्रामीण मिलकर अपने निजी पैसों से मरम्मत कराने का काम करते हैं। इसे लेकर जांच अधिकारी भी दबी जुबान से यह मान रहे हैं कि जितनी नल जल योजनाओं की जांच शुक्रवार को की गयी है, उसमें 50 फीसदी नल जल योजनाएं किसी न किसी कमी के कारण बंद पायी गयी है। आप इन बातों से समझ सकते हैं कि सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में शामिल नल जल योजना के क्रियान्वयन के शुरुआती दौर में जब पंचायतों में नल जल योजनाओं को धरातल पर उतारने की कवायद परवान पर थी, तब किस तरह उस समय अपनी जेबें भरने के लिए संबंधित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व ठेकेदारों ने इस योजना को निचोड़ लिया। जिसका नतीजा है कि आज इस योजना को संवारने में विभाग को नये सिरे से पसीना बहाना पड़ रहा है। यदि योजनाओं के क्रियान्वित होने के समय ही सरकार व विभाग के वरीय पदाधिकारियों ने निष्पक्ष जांच की होती, तो डबल राशि खर्च करने की नौबत नहीं आती। मालूम हो कि इन योजनाओं को सफल बनाने की जिम्मेदारी पिछले कुछ वर्षों से पीएचइडी विभाग के कंधों पर डाल दिया गया है, जिससे उस समय की खामियों को दूर करने में अब पीएचइडी के अधिकारियों को भी पसीने छूट रहे हैं।

# फुलवरिया डैम में फ्लोटिंग सोलर प्लांट के लिए एसडीओ एवं सीओ ने पदाधिकारियों के साथ किया भूमि निरीक्षण

**लोक तंत्र कीआवाज**



- दरभंगा में चालू है बिहार का पहला फ्लोटिंग सोलर प्लांट,किन्तु रजौली में अबतक मामला लंबित
- फ्लोटिंग सोलर प्लांट बनने से सस्ती होगी बिजली

**रजौली।** प्रखण्ड क्षेत्र के हरदिया पंचायत स्थित फुलवरिया डैम में ग्रिड कनेक्टेड फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट की स्थापना होगी।फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट से नियमित रूप से 10 मेगावाट बिजली का उत्पादन सुनिश्चित होगा।इसके निर्माण को लेकर शुक्रवार को एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष एवं सीओ मो. गुफरान मजहरी फुलवरिया डैम के समीप भूमि निरीक्षण के लिए पहुंचे।मिली जानकारी के अनुसार फ्लोटिंग सोलर प्लांट के लिए 30 से 35 एकड़ क्षेत्रफल की मांग की गई थी,जिसकी मंजूरी दे दी गई है।सोलर प्लांट की स्थापना रेस्को मोड में होगी यानि निजी या सरकारी एजेंसी इसका निर्माण कर बिजली का उत्पादन करेगी और बिजली आपूर्ति कंपनियां संबंधित एजेंसी से बिजली की खरीद करेगी।प्लांट से उत्पादित सोलर बिजली 3.87 रुपये प्रति किलोवाट की दर से डिस्कॉम्स को मिलेगी।बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने रेस्को मोड में सोलर प्लांट की स्थापना और निर्धारित दर पर बिजली खरीद को लेकर लंबी अवधि का समझौता किये जाने की मंजूरी दे दी है।बताते चलें कि बिहार सरकार द्वारा ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने को लेकर एक ही समय दरभंगा और रजौली में फ्लोटिंग सोलर प्लांट बनाने की योजना की स्वीकृति मिली।वहीं वर्ष 2022 में दरभंगा में फ्लोटिंग सोलर प्लांट चालू कर दिया गया,किन्तु रजौली में अब भूमि सर्वे की जा रही है।

**सोलर प्लांटों की स्थापना को जेनरेशन कंपनी बनी नोडल एजेंसी :** बिजली कंपनी ने बताया कि बिहार में कई जगहों पर ग्राउंड माउंटेड व फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांटों की स्थापना का प्रस्ताव है।इसके लिए सर्वे की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है और जल्द ही इस पर काम शुरू होगा।सोलर पावर प्लांटों से उत्पादित बिजली थर्मल यूनिटों के मुकाबले काफी सस्ती होगी और कार्बन फुट प्रिंट से मुक्त होगी।ऊर्जा विभाग ने विभिन्न जल निकायों में एक मेगावाट से अधिक के सोलर पावर प्लांटों की स्थापना को लेकर बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड को नोडल एजेंसी बनाया है।इसके साथ ही बेकार व बंजर जमीन पर एक मेगावाट से अधिक के ग्राउंड माउंटेड सोलर पावर प्लांट की स्थापना और एक मेगावाट से अधिक के बायोमास व बैगेस पावर प्लांट की स्थापना को लेकर भी जेनरेशन कंपनी ही कार्यकारी एजेंसी बनायी गयी है।

**25 वर्षों की लंबी अवधि को लेकर होगा खरीद समझौता :** विनियामक आयोग की मंजूरी के बाद अब फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट निर्माण को लेकर सफल बोली लगाने वाली एजेंसी और डिस्कॉम्स के बीच पावर परचेज एग्रीमेंट का रास्ता साफ हो गया है।बिजली कंपनियां 25 साल की लंबी अवधि के लिए बिजली खरीद का समझौता करेगी।इससे डिस्कॉम्स को रिन्युएबल पावर ऑब्लिगेशन (आरपीओ) यानि नवीकरणीय ऊर्जा खरीद की बाध्यता के लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी।बता दें इसके पूर्व रजौली में न्यूक्लियर बिजली पावर प्लांट की योजना है।ग्रीन एनर्जी को लेकर सोलर पावर बिजली उत्पादन की ओर सरकार ने कदम बढ़ाया है।इसके धरातल पर उतरने से न केवल रजौली बल्कि आसपास के नागरिकों को इसका लाभ मिलने की संभावना है।

# महाशिवरात्रि को ले हिसुआ थाना में शांति समिति की बैठक, दिए निर्देश





**लोक तंत्र कीआवाज**

**हिसुआ (नवादा )।** महाशिवरात्रि को लेकर हिसुआ थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष अनिल कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कहा गया कि हिसुआ पांचू शिवाला, अंदर बाजार काली स्थान ,हिसुआ डीह हनुमान मंदिर ,रेलवे गुमटी शिवाला ,स्टेशन परिसर स्थित मदनेश्वर शिव मंदिर ,नंदलाल बिगहा ,मन्झवे शिवाला ,सिरसा शिवाला आदि जगहों में महाशिवरात्रि की पूजा होती है। सभी जगह पुलिस की तैनाती का निर्णय लिया गया। थाना अध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा ने सड़क के किनारे वाले शिवालयों के पास वाहनों के परिचालन सीमित गति पर रहे सभी मंदिरों में प्रबंधन समिति को निर्देश दिया गया है कि सभी मंदिरों में वोलेंटियर रखें, जो भीड़भाड़ को नियंत्रित कर सके। किसी भी तरह से शांति व्यवस्था ना बिगड़े इसे ध्यान में रखते हुए महाशिवरात्रि पूजा को संपन्न करना है। महाकाल सेवा समिति नरहट रोड में भव्य कार्यक्रम होती, जिसको लेकर प्रशासन काफी सक्रिय होकर सभी के सहयोग से शांतिपूर्ण संपन्न कराना है। इस मौके पर मुख्य रूप से हिसुआ प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद प्रसाद ,एसआई रूपा कुमारी ,धनवीर कुमार ,हिसुआ नगर परिषद उपाध्यक्ष टिंकू चौधरी ,पैक्स अध्यक्ष लक्ष्मीकांत उर्फ वीगन , समाजसेवी शशिध्वज वर्मा उर्फ अरविंद सिंह ,मोसाफिर कुशवाहा ,वार्ड पार्षद शंभू शर्मा ,मो.असगर अली ,विश्वनाथ प्रसाद वर्मा ,तस्लीम उद्दीन ,रामदेव प्रसाद ,मो वाहिद ,विपिन कुमार समेत दर्जनों लोग शामिल होकर अपना विचार दिए।

# प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने में कोई पैसे मांगे तो करें शिकायत : एहतेशाम कैशर उर्फ बंटी

**लोक तंत्र कीआवाज**



**नरहट(नवादा)।** नरहट जदयू प्रखंड अध्यक्ष एहतेशाम कैशर उर्फ बंटी के बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर अवैध राशि वसूली की जा रही है। जिसकी शिकायत उनके पास आकर लाभुक कर रहे हैं। हालांकि उन्होंने लोगों से अपील किया है कि कोई पैसे मांगे तो शिकायत अवश्य करें। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के नाम पर कुछ अराजक तत्व द्वारा आवास स्वीकृत कराने एवं किश्त डलवाने के लिए लोगों से पैसे की मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ दिलाने में कोई पैसा नहीं लगता अगर इसके लिए कोई पैसे मांगते हैं ,तो उन लोगों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि नगरपालिका क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के नाम पर कुछ अराजक तत्वों का लोगों के आवास स्वीकृत करवाने, किस्त डलवाने के नाम पर धंधे चल रहे है। लाभुकों से एक आवास के लिए मोटी रकम की वसूली जा रही है। इसके साथ ही पात्र हितग्राही जिन्हें छत की जरूरत है वह आज भी ऑफिसों के चक्कर लगा रहे हैं। जबकि जो अपात्र है, वह लाभान्वित हो रहे हैं। जदयू नेता मोहम्मद कैसर ने कहा अगर कोई व्यक्ति किसी लाभार्थी से पैसा मांगने आता है , तो तत्काल उनके मोबाइल नंबर 7509152274, 9893938049 पर जानकारी दे सकते हैं। जिससे पैसे मांगने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सके। केंद्र सरकार का मकसद 2024 तक हर बेघर को छत मुहैया कराना है। इसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना चल रहा है।

# कौआकोल में आयोजित पंचायत समिति की बैठक में 85 लाख की योजना पारित

**लोक तंत्र कीआवाज**





**रौशन कुमार सोनू**

**कौआकोल(नवादा)।** नवनिर्मित प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के सभागार कक्ष में शुक्रवार को प्रखण्ड प्रमुख रीना राय की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन बीडीओ सह पंचायत समिति के कार्यपालक पदाधिकारी डॉ० अखिलेश कुमार ने किया। बैठक की शुरुआत सर्वप्रथम सभी सदस्यों एवं अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। इसके बाद गत बैठक की सम्पुष्टि की गई। वहीं बैठक में वर्ष 2025-26 हेतु विभिन्न योजनाओं को अनुमोदन के लिए प्रस्ताव लाया गया। जिस पर सभी सदस्यों ने एक स्वर से योजनाओं के अंतिम चयन के लिए प्रखण्ड प्रमुख को अधिकृत कर दिया। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न मदों से लगभग 85 लाख की योजनाओं का चयन किया जाना है। वहीं 2024-25 में लगभग 80 लाख रुपये की योजना को पारित किया गया। योजनाओं के चयन व अनुमोदन के बाद प्रखण्ड प्रमुख रीना राय के आदेश पर विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई। बैठक में सबसे पहले बैठक से अनुपस्थित अधिकारियों से कारणपृच्छा करते हुए वरीय अधिकारियों को सूचित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में सदस्यों ने मनरेगा, राजस्व, आपूर्ति,कल्याण, स्वास्थ्य, कृषि आदि विभागों का मामला उठाया। जिस पर सम्बंधित अधिकारियों ने समस्याओं को सुनकर निदान की बात कही। वहीं बैठक में उपप्रमुख अनन्त कुमार उर्फ नवीन यादव ने ई-किसान भवन में अनाधिकृत रूप से चल रहे बाल विकास परियोजना कार्यालय को नवनिर्मित प्रखण्ड कार्यालय भवन के तीसरे तल्ले में शिफ्ट करने का प्रस्ताव पारित किया। उन्होंने कौआकोल सीओ पर भी कई गंभीर आरोप लगाते हुए सदन से कार्रवाई की मांग की। सोखोदेवरा एवं कौआकोल मुखिया ने भी सीओ पर एनओसी देने में बेवजह देरी करने का आरोप लगाया। कई मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्यों ने आवास योजना के नए लाभुकों के चयन में सम्बंधित कर्मियों के ऊपर 2 से तीन हजार की राशि लेकर नाम जोड़ने का आरोप लगाया। बैठक में जनवितरण दुकानों में एफसीआई के द्वारा बगैर वजन किए कम अनाज देने का भी मुद्दा उठाया गया। मौके पर सीओ मनीष कुमार,मनरेगा पीओ प्रमोद मिस्त्री,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० रामप्रिय सहगल,टीबीओ डॉ० हरिशंकर शरण,मुखिया नीभा कुमारी,उषा देवी,पंचायत समिति सदस्य रेणु कुमारी,देवकी देवी,ताजेंद्र कुमार,निकुंज विश्वकर्मा समेत कई जनप्रतिनिधि एवं सम्बंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# एचएम की बैठक : अपार आईडी बनाने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : बीईओ

**लोक तंत्र कीआवाज**



**विवेक कुमार**

**मेसकौर।** प्रखंड बीआरसी सभागार में शुक्रवार को बीईओ के साथ प्रधानाध्यापकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए बीईओ दिगंबर ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अपार आईडी बनाने को लेकर लगातार निर्देशित किया जा रहा है।जिसकी समीक्षा के क्रम में अपार आईडी बनाने की स्थिति संतोषजनक नही पाई गई है। बीईओ ने उपस्थित प्रधानाध्यापकों को चेतावनी देते हुए कहा कि अपार आईडी बनाने की गति तेज करें, अन्यथा लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही की जाएंगी। इसके अलावे ई शिक्षा कोष पर जाकर डीबीटी के करेक्शन लिस्ट में शामिल बच्चों का डाटा ठीक करने का निर्देश भी दिया। बीईओ ने कहा कि जितना भी बेंच डेस्क एजेंसी के माध्यम से ही आपूर्ति की गई है। उन सब पर नंबरिंग कराने का निर्देश प्राप्त हुआ है। जिसे भी विद्यालय स्तर पर अविलंब करा लेना है। साथ ही विद्यालय में खुद भी अनुशासित रहकर सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने को कहा है। बीईओ ने कहा बीआरसी से जो भी प्रतिवेदन मांगा जाता है। उसे समय पर उपलब्ध कराने की आदत डालें। बैठक में बी आर पी बीरेंद्र रविदास, प्रभात कुमार, सुरेश विश्वकर्मा, नरेश प्रसाद, डाटा इंट्री ऑपरेटर उमेश प्रसाद प्रधानाध्यापक प्रेम कुमार, संगीता कुमारी, दिलीप कुमार, रूबी कुमारी, अशोक कुमार आदि थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बिजनौरः एफएम 90.0 टीम ने टी बी के प्रति गाजीपुर की जनता को किया जागरूक



रिपोर्ट रोहित कुमार

**किरतपुर ।** भारत सरकार द्वारा 2025 तक भारत को टी.बी. मुक्त करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे कार्यक्रम सेहत सही लाभ कई अभियान में किरतपुर विकासखंड की जनता को जागरूक करने के लिए रामा एफ एम 90.0 की टीम कोर्डिनेटर श्रीमती नीलम वर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र के गांव गाजीपुर की जनता से बातचीत की और रामा इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन के छात्र – छात्राओं द्वारा गाजीपुर में रैली निकाल कर ग्रामीण जनता को टी.बी. नामक भयंकर बीमारी के प्रति जागरूक किया। रैली को सफल बनाने में रचना चौधरी, रूचि शर्मा एवं चित्तवन शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

### बिजनौर सीओ देश दीपक सिंह ने कावड़ यात्रा को देखते हुए नजीबाबाद क्षेत्रान्तर्गत कावड़ रुट मार्गो का भ्रमण व निरीक्षण किया




रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह

**नजीबाबाद।** सीओ देश दीपक सिंह ने कावड़ यात्रा को देखते हुए थाना नजीबाबाद और थाना मंडावली के क्षेत्रान्तर्गत कावड़ रुट मार्गो का भ्रमण व निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रूट डायवर्जन, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी आदि को चेक कर सर्वसंबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीओ ने कांवड़ यात्रियों के मार्ग सभी सड़कों को बारीकी से निरीक्षण कर, वहां पर ड्यूटी पॉइंट व पुलिसकर्मियों को चेक किया। सीओ ने कहा कि कांवड़ यात्रियों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। सीओ ने पुलिस को कांवड़ यात्रा मार्ग को अतिक्रमण मुक्त रखने, कांवड़ यात्रा मार्गों पर पुलिस पिकेट पर गंभीरता से ड्यूटी करने के निर्देश दिए। बता दे कि इसी महीने महाशिवरात्रि है, जिसको लेकर काफी दिन पहले कावड़ यात्री हरिद्वार से जल लेने अलग अलग शहरों से हजारो लाखो की संख्या में आते जाते हैं, और भारी संख्या में वहां से जल लेकर पैदल अपने गंतव्य के लिए रवाना होते हैं। हरिद्वार के बाद उत्तर प्रदेश का जनपद बिजनौर और मंडावली नजीबाबाद सबसे पहले आते है, जहां पर कांवड़ यात्री लाखों की संख्या में प्रवेश करते हैं।

### बंदरों का आतंक रोड़ जाम कर राहगीरों पर कर रहे हमला

रिपोर्ट महताब अहमद



**मंडावर।** मंडावर कस्बे में बंदरों का आतंक बढ़ाता ही जा रहा है कस्बे में बंदरो ने पूरा आतंक मचा रक्खा है। बंदरों का झुंड कस्बे में आने जाने वाले राहगीरों पर हमला कर रहा है।बंदरो के डर से मकानों की छतों पर जाना भी दुश्वार हो गया है। कभी कभी तो बंदरो का झुंड मकानों व घरों की रसोई में घुस कर काफी नुकसान कर देते हैं। दो सप्ताह पहले भी एक युवक बंदरों के ढर से अपने मकान के छत से नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया था।लेकिन नगर पंचायत मंडावर इस और कोई ध्यान नहीं दे रही है। कस्बे वासियों ने वाज़िद अंसारी,आवेश अंसारी,वज़ीर हसन जैदी,आबिद अंसारी,गय्यूर अहमद,नसीम अहमद,ने प्रशासनिक अधिकारियों से बंदरो से निजात दिलाने की मांग की है।

# महाकुंभ से लौट रही पप्पू यादव की भांजी की सड़क हादसे में मौत फफक-फफक कर रो पड़े सांसद

लोक तंत्र कीआवाज



**गाजीपुर ।** के गाजीपुर सड़क हादसे में जान गंवाने वालों में सांसद पप्पू यादव की भांजी भी शामिल हैं. अपनी भांजी की मौत पर बिहार के पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव फफक-फफक रो पड़े. मृतक भांजी का नाम डॉ. सोनी यादव है. सोनी अपनी बुआ और अन्य लोगों के साथ कार से महाकुंभ स्नान के लिए आई थीं. लेकिन लौटते वक्त उनकी कार वाराणसी-गोरखपुर हाइवे पर गिट्टी लदे एक ट्रक से टकरा गई. इस हादसे में सोनी समेत 4 लोगों की मौत हो गई।

दरअसल, अररिया जिले की डॉ. सोनी यादव अपनी बुआ, एक असिटेंट, एक परिचित एमआर और ड्राइवर के साथ प्रयागराज महाकुंभ में स्नान कर वापस बिहार जा रही थीं. इसी दौरान गाजीपुर के बिरनो थाना के पास उनकी कार हाइवे पर खड़े ट्रक से टकरा गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. वहीं, कार में बैठे चार लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। गाजीपुर पुलिस के मुताबिक, गाजीपुर के बिरनो थाने के वाराणसी-गोरखपुर हाइवे पर ये भीषण सड़क हादसा हुआ है. मृतकों में 2 महिलाएं और 2 पुरुष शामिल हैं. मृतक बिहार के अररिया जिले के पलासी थाना इलाके के रहने वाले थे, जो प्रयागराज से महाकुंभ में स्नान कर वापस जा रहे थे. हादसे में घायल एक शख्स को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. डॉ. सोनी पूर्णिया में अपने पति के साथ नर्सिंग होम चलाती थीं। अस्पताल की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, हादसे में डॉ सोनी यादव, ड्राइवर सलाउद्दीन, सोनी यादव की बुआ और एमआर अरविंद यादव की मौत हो गई. जबकि, डॉ सोनी यादव का सहायक विपिन शाह गंभीर रूप से घायल है, जिसका अभी इलाज चल रहा है. फिलहाल, शवों को मोर्चरी रखवा दिया है और अग्रिम कार्यवाही जारी है।

**फूट-फूट कर रोए पप्पू यादवः** भांजी की मौत की खबर मिलते ही पप्पू यादव भावुक हो गए. वह परिजनों के गले लगकर फूट-फूट कर रोने लगे. उन्होंने हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि मृतकों की डेड बॉडी को गाजीपुर से बिहार लाने का प्रबंध कर दिया है. ईश्वर इस दुखद घड़ी में परिवार को संबल प्रदान करे।

# प्रदेश उपाध्यक्ष ने लगाया भृष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने पर धमकी का आरोप



लोकतंत्र की आवाज

सीतापुर राकेश पाण्डेय

**सीतापुर।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी जो कि भारतीय जनता पार्टी का सहयोगी दल है के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कुमार राजवंशी ने पुलिस अधीक्षक सीतापुर को पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि सीतापुर के पंचायत राज विभाग में कुछ भृष्ट अधिकारियों के संरक्षण के कारण जनपद की विभिन विकास खण्डों की ग्राम पंचायतों में प्रधान और सचिव द्वारा ग्राम पंचायतो में आवंटित सरकारी धनराशि का बंदर बाट कर भृष्टाचार किया जा रहा था जिस कारण पार्टी नेतृत्व द्वारा सत्रह फरवरी से अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन दिया गया था। जो कि उन्निस फरवरी को जिला विकास अधिकारी हरिश्चंद्र प्रजापति के द्वारा शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन देकर समाप्त करा दिया गया। उन्होंने बताया कि बीस फरवरी की शाम 6.48 के मध्य उनके मोबाइल पर एक अज्ञात मोबाइल नंबर से काल आई काल में प्रदेश उपाध्यक्ष को भृष्टाचार की शिकायतों को लेकर धमकी देते हुए नैपालापुर चौराहे की तरफ आने पर देख लेने की बात कही गई। धमकी मिलने के बाद प्रदेश उपाध्यक्ष द्वारा तत्काल प्रभाव से सम्बन्धित जिम्मेदारों के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को धमकी से अवगत कराया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष ने सुहेलदेव समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को पत्र के माध्यम से मामले की शिकायत की है। पीड़ित प्रदेश उपाध्यक्ष ने बातचीत की रिकॉर्डिंग और मोबाइल नंबर भी पुलिस को उपलब्ध कराया है। प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील राजवंशी ने शिकायत के बाद बताया कि हमे धमकियों की परवाह नहीं न ही हमे खुद की परवाह है हमारा व हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जो कि सहयोगी दल होने के कारण पँचायत विभाग के मंत्री भी है उनका एक ही लक्ष्य है कि प्रदेश के मुख्य मंत्री द्वारा संचालित समस्त महत्वाकांक्षी योजनाएं धरातल पर भृष्टाचार मुक्त होकर पहुंचे सरकार का एक-एक पैसा जनता के विकास में लगे मगर कुछ भृष्ट अधिकारियों के संरक्षण में प्रधान व सचिव जनता के पैसों का बंदर बांट कर रहे हैं जिसे पार्टी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगी हम लोग जनता के विकास के लिए अंतिम सांस तक हम लड़ाई लड़ेंगे। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव इजहार अली, प्रदेश प्रमुख महासचिव योगेन्द्र सिंह अर्कवंशी(मध्यांचल), प्रदेश मीडिया प्रभारी मदन पाल सिंह अर्कवंशी, प्रदेश महासचिव (मध्यांचल) संजय अर्कवंशी, जिलाध्यक्ष कुलदीप राजवंशी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित



लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

**बलिया।** शुक्रवार को जिलाधिकारी के निर्देशानुसार, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन जिला चिकित्सालय के परिसर मे आयोजित किया गया इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्ट पद्मावती गौतम द्वारा पांच पौधा लगाया गया । इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर से केंद्र प्रशासक प्रिया सिंह, नीलम शुक्ला, हर्षवर्धन, मनोज, अरविंद तथा चाइल्ड हेल्पलाइन की समस्त टीम उपस्थित रही ।

## ससुर व जेठ ने महिला के साथ बलात्कार का प्रयास

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह



अम्हेडा थाना हल्दौर के साथ हुई थी। शादी के कुछ माह बाद ही महिला का पति महिला प्रयास किया। महिला के विरोध करने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने महिला से दहेज में 5 लाख रुपए की डिमांड करते हुए घर से निकाल दिया। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर सौंपकर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की। थाना क्षेत्र के ग्राम निवासी महिला की शादी डेढ़ वर्ष पूर्व दानिश पुत्र मोहम्मद जाकिर निवासी ग्राम को घर पर अकेले छोड़कर महाराष्ट्र में नौकरी करने चला गया। पति द्वारा महिला को घर पर अकेले छोड़ जाने के बाद महिला के ससुर जाकिर सास रोशन, जेठ मौ. आदिल, जेठानी शमा परवीन, नंद मन्तशा परवीन, तहेरी जेठानी गुलिस्ता, व तेरा जेठ इमरान ने महिला के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। ससुराल पक्ष के लोग महिला से 5 लाख रुपये की डिमांड करने लगे। महिला का आरोप है कि बीती 23 जनवरी को महिला के ससुर मोहम्मद जाकिर, जेठ ससुराल वालों ने उसका जीना दूभर बना दिया था, दहेज के लिए भी उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। शादी के बाद शादी के कुछ माह बाद ही विवाहिता को छोड़कर चला गया पति महिला का आरोप है कि शादी के कुछ दिनों बाद ही उसका पति उसको घर पर अकेले छोड़ कर चला गया। घर पर मौजूद महिला का ससुर व दो जेठ महिला पर बुरी नीयत रखने लगे और महिला के साथ बलात्कार का प्रयास किया। महिला को अपने पति से एक संतान हुई संतान होने के बाद भी महिला के पति ने अभी तक भी अपने पुत्र का चेहरा नहीं देखा है। आदिल व तेरे जेठ इमरान ने रात के समय में उसके कमरे में घुसकर उसके साथ बलात्कार का प्रयास किया। महिला के विरोध करने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने महिला के साथ मारपीट करते हुए उसे घर से निकाल दिया। घर से निकले जाने के बाद महिला अपने मायके पहुंच गई जहां उसने अपने साथ हुई घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। महिला ने बताया कि उसके से ही उसे ससुराल पक्ष के लोग प्रताड़ित कर रहे हैं। वह आरोपियों द्वारा की जा रही दहेज की मांग का लगातार विरोध कर रही है। उसके ससुर व दो जेठ ने एक दिन उसके साथ बलात्कार का प्रयास किया, परंतु उसके कड़े विरोध के कारण आरोपी अपने मनसूबों में सफल नहीं हो सके। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौपकर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की।

# बिजनौर : मुस्लिम मुआसरे में मर्दों के साथ-साथ औरतों का भी तालीम हासिल करना लाजमी मौलाना

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट असमीन सलमानी



**किरतपुर।** मौहल्ला अहमद खेल में स्थित जामिया दारुल उलूम मुहम्मदिया लिलबनात में सालाना दीनी इजलास का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मौलाना कलीमुज्जमा ने दीनी व दुनियावी तालीम पर जोर देते हुए कहा कि मुस्लिम मुआसरे में मदों के साथ-साथ औरतों का भी तालीम हासिल करना लाजिमी है। उन्होंने कहा कि बच्चा मां की गोद में आंख खोलता है उस बच्चे की पहली दर्सगाह मां ही है। किरतपुर शहर के मौहल्ला अहमद खेल में स्थित मदरसा जामिया दारुल उलूम मुहम्मदिया लिलबनात में तालिबात के फिरागत पर सालाना इजलास का आयोजन किया गया। जिसमें तालिबात ने तकारीर, मकाले व ग्रुपिंग मुकाबला का आयोजन किया। ग्रुपिंग मुकाबले में फर्स्ट, सेकिंड और थर्ड पोजीशन हासिल करने वाले तालिबात को नकद ईनाम, सर्टिफिकेट व ट्राफी देकर हौसला अफजाई की गई। फर्सट पोजीशन हासिल करने वाले ग्रुप के तालिबात जुबिया पुत्री राशिद, आयशा पुत्री याकूब, ताजवर पुत्री इरशाद, जोयजा पुत्री नफीस, आफरीन पुत्री कफील सेकिंड पोजीशन हासिल करने वाले ग्रुप की तालिबात अरीबा अंजुम पुत्री मुफ्ती मुशर्रफ हुसैन, नौशिया पुत्री अरशद, मंतशा पुत्री नफीस, सुमय्या पुत्री याकूब, मायजा पुत्री वकील एंव थर्ड पोजीशन हासिल करने वाले ग्रुप की तालिबात काशिफा, अफीफा पुत्री रियासत, सदफ पुत्री याकूब, जोया पुत्री अरशद, इफरा पुत्री साजिद है। सालाना जलसे में मौलाना कलीमुज्जमा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने मुस्लिम मुआसरे में तालीम हासिल करने पर जोर दिया और कहा कि किसी भी मुआसरे का उरुज व जवाल उसके तालीमी मयार पर मुंहसर करता है। मौलाना कलीमुज्जमा की दुआ पर कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर जामिया दारुल उलूम मुहम्मदिया लिलबनात के मोहतमिम मुफ्ती मुशर्रफ हुसैन, वरिष्ठ पत्रकार मौ० याकूब, सभासद नफीस राईन, मौलाना शमीम अख्तर मजाहिरी, मौलाना इंतजार कासमी, हाफिज इफ्तिखार, कारी फूजैल, मास्टर मौ० फारुक आदि रहे। अंत में मुफ्ती मुशर्रफ हुसैन ने सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

# बिजनौर शादी से लौट रही कार ट्रक से टकराईः 2 की मौत, 4 लोग घायल, अस्पताल में कराया भर्ती

लोकतंत्र की आवाज़

रिपोर्ट जसवीर सिंह





उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर की तहसील चांदपुर के थाना नूरपुर मैं कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे में दो की मौत हो गई।बताया जा रहा है कि बिजनौर शहर कोतवाली क्षेत्र के नूरपुर रोड पर एक गंभीर सड़क हादसे दो लोगों की मौत हो गई। लॉर्ड शिव मैरिज हॉल के पास देर रात एक कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में कार में सवार किरतपुर के मकसूदनपुर देवीदास निवासी 35 वर्षीय कर्मेंद्र और गोविंदपुर निवासी 50 वर्षीय प्यारेलाल की मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार चारअन्य लोग - सोनू, अनिल, अर्जुन और कर्मेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। युपी21सीएस4882कार सांख्य हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया और मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, सभी लोग किरतपुर क्षेत्र के निवासी थे। वे नूरपुर में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे। शहर कोतवाल उदय प्रताप ने बताया कि हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ट्रक चालक की तलाश कर रही है और मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में मील का पत्थर साबित साबित होगा केंद्रीय बजट 2025 कमलेश मिश्र

लोकतंत्र की आवाज

सीतापुर राकेश पाण्डेय

**सीतापुर।** केंद्रीय बजट 2025 भारतीय को विकसित राष्ट्र बनाने में मील का पत्थर साबित होगा इस बजट में देश के सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ग्यान सूत्र पर आधारित बजट देश को समर्पित किया है जिसमें ग्यान में ग का अर्थ गरीब य का अर्थ युवा अ से अन्नदाता और न से नारी को समर्पित है। उक्त उद्बोधन भारतीय जनता पार्टी अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा द्वारा नगर के एक निजी गेस्ट हाउस में व्यापारियों एवं प्रेस के बंधुओं को सम्बोधित करते हुए कही।उन्होंने अपने सम्बोधन में यह भी बताया कि बजट में स्वास्थ्य ,शिक्षा, रोजगार निवेश सभी का विशेष ध्यान रखा गया है और गरीबो को निःशुल्क मकान देने के लिए विशेष प्राविधान किया गया है। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने केंद्रीय बजट को भारत की जनता खासकर मिडिल क्लास के लोगों के लिए ऑक्सीजन बताया और बारह लाख तक की कर छूट को देश की उन्नति का एक पिलर बताया। उन्होंने यह भी बताया कि 2014 से पहले का बजट जहां एक पार्टी अपने तुष्टिकरण के लिए बनाती थी वहीं 2014 के बाद नरेंद्र मोदी सरकार ने विकसित भारत को ध्यान में रखकर अपने बजट बनाए हैं।उन्होंने बताया भारतीय जनता पार्टी भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए संकल्प बद्ध है इसलिए वह प्रतिवर्ष अपने बजट में देश की व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष ध्यान देती है इसी सूत्रों के आधार पर 2025 -26 का केंद्रीय बजट देश को समर्पित किया गया है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि केंद्रीय बजट भारत के भविष्य की उज्जवल आधार शिला है।उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के सकारात्मक विजन से भारत 2047 में विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है 2025 का बजट विकसित भारत की मजबूत आधारशिला है उन्होंने बताया कि गरीब युवा नारी और किसान को समर्पित यह बजट देश के प्रत्येक क्षेत्र में आर्थिक संपन्नता बनाने का कार्य करेगी।



कार्यक्रम को नगर पालिका परिषद सीतापुर की अध्यक्ष नेहा अवस्थी,नमिंद्र अवस्थी खैराबाद नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता,वीरेंद्र पुरी, गोपाल टंडन,प्रेमचंद अग्रवाल सागर गुप्ता अभिषेक भारती सुरेश तिवारी,सुधाकर शुक्ला इन्दु सिंह,जितेंद्र मल्होत्रा,विश्राम सागर राठौर,कंचन प्रभा पांडेय,रमेश भार्गव,दीपू आदि ने सम्बोधित किया।कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक नैमिष रत्न तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिले के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं महत्व पूर्ण व्यक्ति उपस्थित रहे उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट की जमकर प्रशंसा की।

# उद्यमी विकास अभियान सहित अन्य योजनाओं की दी गई जानकारी

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी



**बलिया।** उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा 01 दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम (एस0सी0एस0पी0) का आयोजन विकास खण्ड परिसर-बांसडीह में किया गया कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं-प्रधानमन्त्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना की विस्तृत जानकारी दी गयी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के बारे में भी विस्तृत जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में बीडीओ मनोज कुमार शर्मा रहे। इस मौके पर प्रबन्धक खादी तथा ग्रामोद्योग सुश्री संस्कृति गुप्ता, एडीओ पंचायत,एडीओ आईएसबी, शाखा प्रबन्धक पंजाब नेशनल बैंक बांसडीह अनिल कुमार, धनराज प्रसाद उद्यान विभाग ,वरिष्ठ सहायक श शरद चन्द्र यादव,वरिष्ठ सहायक श्री राकेश कुमार साहु, , विवेकानन्द सिंह, जितेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गौतम त्रिपाठी के द्वारा किया गया ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बिहपुरः क्रिकेट मैच में छोटू के ताबड़तोड़ बल्लेबाजी ने सबोर की टीम को हार का मुंह देखना पड़ा



लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर। बिहपुर दक्षिण पंचायत के सोनबर्षा रामनगर मैदान पर में चल रहे टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को एमबीसीसी नवगछिया बनाम ममलखा (सबोर ) बीच मैच खेला गया । पहले बल्लेबाजी करने उतरी नवगछिया की टीम ने निर्धारित 16 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर विशाल स्कोर 300 रन बनाई ।वहीं शानदार फॉर्म में चल रहे छोटू कुमार ने 116 व चंदन ने 58 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी मम्मलखा की टीम ने 9 विकेट खोकर 229 रन बनाई।बल्लेबाजी में निर्मल कुमार ने सर्वाधिक 112 रनों का योगदान दिया वहीं नवगछिया की तरफ से अमित कुमार ने 4 विकेट लिया। छोटू ने भी 2 विकेट लिये।वहीं शानदार प्रदर्शन करने के लिए छोटू को को मैन ऑफ दे मैच का पुरस्कार दिया गया ।छोटू ने 10 गेंद पर 10 छक्का भी लगाया था।अंपायरिंग की भूमिका में प्रशांत कुमार उर्फ डिंपल व रोहित थे।मैच का उद्घाटन पूर्व जिला परिषद सदस्य राजीव रंजन सिंह उर्फ घंटू ने फीता काटकर किया।

### समस्तीपुर जिला अधिकारी ने लगाया जनता दरबार सुनी समस्याएं



लोकतंत्र की आबाज

रामजी कुमार

समस्तीपुर। जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा द्वारा शुक्रवार को समाहरणालय सभागार समस्तीपुर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी समस्तीपुर द्वारा राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, सामाजिक सुरक्षा, आईसीडीएस, अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों के परिवादों को सुना गया तथा उनके निस्तारण हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर अपर समाहर्ता अजय कुमार तिवारी, अपर समाहर्ता लोक शिकायत निवारण शशिकांत पासवान सहित सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### प्रखंड स्तरीय टीएलएम टूल मेला आयोजित



लोकतंत्र की आबाज

दिलीपकुमार ठाकुर

खानपुर/समस्तीपुर। प्रखंड में प्रखंड स्तरीय टीएलएम मेला 2.0 का आयोजन बिहार शिक्षा परियोजना के निर्देशानुसार आयोजन हुआ। जिसमें संकुल स्तरीय चयनित प्रतिभागियों ने भाग लिया। मेला का शुभारंभ प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी लक्ष्मी कुमारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया ।संकुल स्तर पर चयनित प्रतिभागियों ने टीएलएम का प्रदर्शन काफ़ी आकर्षक तरीक़ों से किया गया । नामित निर्णायक दल के द्वारा जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वास्ते चयनित किया गया ।प्रखंड स्तरीय सदस्य बीपीएम शौकत इमाम, विकास कुमार सिंह , शत्रोघन शर्मा विष्णुदेव सिंह किशोर कुमार मिथिलेश कुमार सौरभ कुमार पोद्दार एवम ज्योति कुमारी उपस्थित रही। निर्णायक दल के द्वारा १० उत्कृष्ट प्रतिभागियों का चयन कर प्रशस्ति पत्र दिया गया एवम पुरस्कृत किया गया।

### जगदीशपुर में भारी मात्रा में शराब बरामद

जगदीशपुर। शराब के खिलाफ पुलिस ने एक विशेष टीम गठित कर लगातार अभियान चलाकर छापेमारी कर रही है ताकि शराब व इसके धंधेबाजो पर नकेल कसी जा सके। अभियान के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा मे शराब जप्त की है। साथ ही शराब धंधा मे प्रयुक्त बाइक को भी जप्त किया गया है।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना को लेकर बच्चियों को किया जागरूक



लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख

**साहिबगंज।** जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव के निर्देशानुसार मंथन संस्था एवं चाइल्डलाइन द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, राजमहल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी ने कहा कि भारत सरकार ने 2015 में शिक्षा, लैंगिक भेदभाव और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की शुरुआत की थी। यह योजना 22 जनवरी, 2015 को प्रधानमंत्री द्वारा पानीपत, हरियाणा में शुरू की गई थी। इस योजना से शिशु लिंग अनुपात में गिरावट को रोकने, महिलाओं को सशक्त बनाने, आर्थिक विकास में सुधार, स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति को बेहतर बनाने, सामाजिक सुधार को बढ़ावा देने और देश की प्रगति में योगदान देने में मदद मिलती है।

उन्होंने बच्चों को जागरूक करते हुए बताया कि अगर वे रास्ते, ट्रेन या किसी अन्य जगह पर खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं, तो वे तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, बाल संरक्षण पदाधिकारी, बाल कल्याण समिति या नजदीकी पुलिस स्टेशन को सूचना दे सकते हैं।

इसके बाद उन्हें हर संभव मदद दी जाएगी। मंथन संस्था के समन्वयक अमन वर्मा ने बताया कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं का सशक्तिकरण करना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और भविष्य में किसी भी समस्या का सामना करने में सक्षम हों।

इसके अलावा, कार्यक्रम के दौरान स्कूल में मौजूद प्रोजेक्टर के माध्यम से बाल विवाह, बाल शोषण, बाल तस्करी और पोक्सो एक्ट से संबंधित वीडियो दिखाए गए। साथ ही, इन विषयों से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम के अंत में बच्चों को शपथ ग्रहण करवाई गई और 5 फलदाई वृक्षों का रोपण भी किया गया। इस अवसर पर इकबाल अंसारी, संजीव कुमार, नाहिद परवीन, रूबी कुमारी, अंशु मालाकार, सबनम परवीन सहित आसपास क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बिहपुरः खो खो विश्व की विजेता खिलाड़ी मोनिका शाह को किया गया सम्मानित



लोकतंत्र की आवाज

- नवगछिया के महिला कालेज इकाई एंवम एनएसएस कालेज इकाई के तत्वाधान में मेज्ञ आयोजित हुआ

मोहम्मद सबरार आलम

**बिहपुर।** मदन अहिल्या महिला महाविद्यालय, नवगछिया के प्रशाल में खो खो विश्व कप विजेता खिलाड़ी मोनिका शाह के सम्मान में सम्मान समारोह अखिल भारतीय विधार्थी परिषद् नवगछिया के महिला कालेज इकाई एंवम एनएसएस कालेज इकाई के तत्वाधान मेज्ञआयोजित किया गया । जिसका नेतृत्व कालेज अध्यक्ष सह प्रांत सह एसएफडी प्रमुख कुसुम ने किया। इस अवसर पर अभाविप के दीक्षा मिश्रा ने खो खो खिलाड़ी को अपने संगठन के तरफ से एंवम महाविद्यालय की छात्राओं के तरफ से लक्ष्य की प्राप्ति हेतु उत्साह वर्धन किया ।

मोनिका साह अपनी जीवनी छात्राओं के साथ साझा की,विकट परिस्थिति में धैर्य के साथ अपने लक्ष्य प्राप्ति हेतु आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया ।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजीब कुमार सिंह ने अपने संबोधन मे उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए ढेर सारी बधाई दिए। वही मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक गण, शिक्षकेतर कर्मी एवं सैकड़ों छात्राएं उपस्थित रहीं।

प्राचार्य ने विश्व विजेता खिलाड़ी की जमकर सराहना की और अपने अभिभाषण में बोला यह इस क्षेत्र के लोगों के लिए गौरवशाली पल है ।मौके पर छात्र नेता सह लगोरी संघ के अध्यक्ष अनुज चौरसिया भी उपस्थित थे एंवम मौके पर महाविद्यालय के वरीय शिक्षक डॉ्ङ अनिल कुमार मंडल, डॉ. सुशील कुमार मंडल, डॉ. अमरेंद्र कुमार सिंह, डॉ. सीता भगत, अरुण कुमार, हिमांशु मिश्रा,मीना कुमारी अंशू अमन, कुमार सन्नी आदि उपस्थित थे, और इन ने मोनिका साह को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दिए एंवम उनके उज्जवल भविष्य कर ओलंपिक मे भी बेहतर प्रदर्शन करने की कामना किया।

## मध निषेध के दो प्राथमिकी अभियुक्त को भेजा जेल



लोकतंत्र की आबाज

दिलीपकुमार ठाकुर

**खानपुर/समस्तीपुर।** विती रात्रि खानपुर पुलिस द्वारा थाना कांड संख्या 40/25, धारा 30(ए)बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के गिरफ्तार प्राथमिकि अभियुक्त संदीप कुमार पिता अर्जुन झा ग्राम श्रीपुरगाहर वार्ड 9 एवं राहुल कुमार पिता फूल कुमार बैठा ग्राम श्रीपुरगाहर वार्ड नंबर 7 दोनों थाना खानपुर जिला समस्तीपुर को उचित मार्गरक्षी दल के साथ माननीय न्यायालय समस्तीपुर में उपस्थापन कराने वास्ते भेजा गया, की पुस्टि थानाध्यक्ष मनोजकुमार सिंह ने की है।

## मरीजों के जान के साथ खेल रहे झोलाछाप डॉक्टर, कब तक होता रहेगा यह के लोगों के साथ धोखा

लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम

**बिहपुर।** डॉक्टर को भगवान की उपाधी दी गई क्योंकी डॉक्टर हीं हैं जो मुर्दों में भी जान डालने का कार्य करते हैं ।परन्तु इन्हीं डॉक्टरों के नाम पर लोग अब ठगी करना प्रारंभ कर दी गई है । ताजा मामला बिहपुर प्रखंड से जुड़ा है जहाँ झोलाछाप डॉक्टर मरीजों के जान से खेल रहे हैं .गुरुवार को माँ शारदे नर्सिंग होम में जहाँ एमबीबीएस डॉ.अमीत कुमार एवं डी.पासवा का बोर्ड लगा हुआ था में बेगूसराय के कथित डॉक्टर एस.कुमार के द्वारा एक महिला का ऑपरेशन किया जा रहा था।बिना रजिस्टर्ड नर्सिंग होम में अव्यस्थाओं का अंबार लगा हुआ है ।



ओटी में ना तो एनएसथीसिया के कोई डॉक्टर थे , ना तो ट्रेंड ओटी स्टाफ थे , ना रजिस्टर्ड एनएम की व्यवस्था थी,ना एमबीओ बैग की व्यवस्था थी , ना तो लाईटिंग की व्यस्था थी ,ना लंग्स एन्फ्लुटर थी ,ना सेक्कसन मशीन थी और हीं नाजिए एइसीजी की व्यवस्था थी । इन सभी तमाम कमीयों के बावजूद सर्जरी की जा रही थी ।सर्जरी के बाद जब डॉ.एस कुमार से बात की गई तो उन्होंने अपना इंडीयन रजिस्ट्रेशन नंबर 28386बताया । जब इस नंबर की जांच की गई तो इस नंबर पर बिहार के केवल एक डॉक्टर निशा सिन्हा का नाम दिखा । जबकी डॉ एस कुमार बता रहे थे की उनका क्लिनिक साई क्लिनिक के नाम से बेगूसराय के लोहिया नगर में भी है और वो क्लिनिक के संचालक अमित कुमार के बुलावे पर बिहपुर आए हैं । हलांकि उन्होंने भी क्लिनिक के अव्यवस्था के प्रति नाराजी दिखाई .मरीज के पिता भी बार यह कह रहे थे की ऐसी अव्यवस्था में आकर फंस गए हैं ।

हद तो यह भी थी की सर्जरी के क्रम में बिजली भी पांच मिनट के लिये गुम हो गई थी ।बिहपुर में ऐसे कई क्लिनिक है जहाँ डॉक्टरी के नाम पर अवैध धंधा वर्षो से फल फूल रहा है और इस पर विभाग के द्वारा कोई ध्यान नही दिया जाता है । इसके बावत जब भागलपुर सिवील सर्जन से बात करने का प्रयाश किया गया तो उन्होने कहा की वो मीटिंग में व्यस्त हैं बाद में बात करेंगे । आखिर कब तक स्वास्थ्य से खिलवाड़ होता रहेगा यहां के लोगों के साथ कब तक स्वास्थ्य प्रशासन जागेगी।

## थूककांड के आरोपी ताजपुर बीडीओ गौरव कुमार पर डीएम करे कारवाई : माले



लोकतंत्र की आवाज़

अब्दुल कादिर

**ताजपुर/समस्तीपुर।** भाकपा माले ने जनसंपर्क अभियान चलाकर 2 मार्च को पटना के गांधी मैदान में महाजुटान रैली में भाग लेने की अपील ताजपुर वासियों से की है। शुक्रवार को भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने प्रखंड मुख्यालय से जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की। सभी गरीबों को 72 हजार रुपए से कम का आय प्रमाण-पत्र बनाने, 2 सौ यूनिट बिजली फ्री देने, स्कीम वर्कर्स को राज्य कर्मी का दर्जा देने आदि मांगों से संबंधित नारे लगाते हुए जुलूस बाजार क्षेत्र का भ्रमण कर राजधानी चौक पर सभा में तब्दील हो गया। सभा की अध्यक्षता प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने की।

उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ताजपुर समेत मानवता को शर्मशार करने वाली घटना थूककांड के आरोपी बीडीओ गौरव कुमार पर जिलाधिकारी एवं सरकारी पूर्व समझौतानुसार कारवाई करे अन्यथा आंदोलन तेज किया जाएगा। माले नेता ने ताजपुर के तमाम राजनीतिक दलों, संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों से थूककांड के लिए न्याय की मांग को लेकर संघर्ष का रूख अख्तियार करने की अपील की। मौके पर नौशाद तौहीदी, मो० एजाज, मो० क्यूम, प्रभात रंजन गुप्ता, ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह, संजीव राय, रवींद्र राय, मुकेश कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

## सुपौल के परिवार न्यायालय में पेश हुए पार्श्व गायक उदित नारायण

लोक तंत्र कीआवाज

**सुपौल।** प्रसिद्ध पार्श्व गायक उदित नारायण शुक्रवार को परिवार न्यायालय सुपौल में अपनी पेशी दी. इनके विरुद्ध इनकी पत्नी रंजना झा ने उक्त कोर्ट में एक मामला दर्ज करवा रखा है. दर्ज मामले की सुनवाई को लेकर कोर्ट द्वारा सम्मन भी जारी किया गया था तो पहली बार उदित नारायण इस मामले में कोर्ट पेश हुए. दरअसल उदित नारायण की पत्नी रंजना झा पत्नी का दर्जा दिए जाने व मेंटेनेंस को लेकर मामला दर्ज कराया है।



इस मामले में रंजना के वकील अजय कुमार ने बताया कि रंजना की शादी 1984 में उदित नारायण से हुई थी. बाद के दिनों में वे पहली पत्नी रहते दूसरी शादी कर ली और उन्होंने इनका देखभाल करना भी छोड़ दिया. इसके अलावा अपनी पत्नी मानने से इन्कार कर दिया. इसी विवाद के चलते रंजना ने अपने पति उदित नारायण के विरुद्ध 2022 में पत्नी का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर कोर्ट में केस दर्ज कराया था. इधर जब शुक्रवार को उदित नारायण पहली बार इस वाद में पेश हुए तो कोर्ट ने दोनों पक्षों को सामने रखकर काउंसलिंग की और उनकी दलीलें सुनीं।

रंजना के वकील ने आगे बताया कि उदित नारायण किसी भी तरह का समझौते किये जाने से मुकर गए और उन्होंने कोर्ट से आगे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पेश होने की इच्छा जताई. इसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए सुनवाई को लेकर अगली तारीख दे दी. हालांकि पेशी के बाद उदित नारायण अपनी गाड़ी से निकल गए।

## बरहरवा भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता ने दिल्ली के नए मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी को बधाई

लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख

**बरहरवा।** बरहरवा की राजधानी दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी ने 27 वर्षों का वनवास काटकर श्रीमती रेखा गुप्ता जी को भारत की दूसरी और दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री बनाया है , जिससे पूरे भारतवर्ष के महिलाओं में खुशी का लहर है , रेखा गुप्ता जी ने पहली बार शालीमार बाग से विधानसभा का चुनाव जीतकर यह परचम लहराया है , और देश के सभी महिलाओं को यह संदेश दिया है कि महिलाएं दुर्गा का स्वरूप होती है , ठान ले तो सब मुमकिन है , इससे पूर्व रेखा गुप्ता जी भाजपा



महिला मोर्चा की राष्ट्रीय पद पर भी आसीन है , आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी ने रेखा गुप्ता जी को मुख्यमंत्री बनाकर समस्त महिलाओं को सशस्त बनाने का काम किया है , मुख्यमंत्री बनते ही रेखा गुप्ता जी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी जो जो वादों को लेकर चुनाव लड़ी और ऐतिहासिक जीत दर्ज की है , उन सभी वादों को निश्चय ही पूरा किया जाएगा , और सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास और सबका विश्वास के साथ दिल्ली को विकसित दिल्ली बनाने का स्वर्णिम अध्याय का शुरुआत हुआ है ।

## सालाना उर्स के समापन पर पुलिस पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि सम्मानित

लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम

**बिहपुर।** मिल्की गांव स्थित सैयदना हजरत दाता मांगनशाह रहमतुल्ला अलैह के मजार पर शुक्रवार को बिहपुर पुलिस की चादरपोशी के साथ ही सात दिवसीय सालाना उर्स का समापन हो गया। इससे पहले इतिहादुल मुस्लिमीन कमेटी सदर मोहम्मद मुखिया मोहम्मद सलाउद्दीन संयुक्त सदर सह जिलापरिषद सदस्य मोईन राईन के एवं बिहपुर खानहका के सज्जाद नशी हजरत अली कौनौन खान फरीदी के अगवाई में चादरपोशी किया गया ।





समाजसेवी उत्तम कुमार ने भी अपने समर्थकों के साथ मजार शरीफ पर लगाई हाजिरी और चढ़ाया चादर।इंस्पेक्टर पवन कुमार, व बिहपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर, झंडापुर विश्वबंधु कुमार की अगुवाई में दारोगा धर्मवीर कुमार सिंह, संजीव कुमार, पवन कुमार, रिया कुमारी, हरेंद्र कुमार गाजे बाजे के साथ दाता के मजार पर चादरपोशी कर क्षेत्र में अमन चैन की दुआ मांगी।उर्स इंतेजामिया कार्यालय में कमेटी के सदर जनाब मो.इरफान आलम, संयुक्त सदर हजरत अली कौनौन खान फरीदी, सचिव अबुल हसन, उपसचिव असद राही व जिप मोइन राइन ने पुलिस पदाधिकारियों व जन प्रतिनिधियों को दाता की चादर भेंट कर सम्मानित किया, वही खरीक दक्षिण के पूर्व जिला परिषद सदस्य विजय मंडल, युवा नेता आजाद अंसारी के द्वारा मजार शरीफ पर चादरपोशी किया गया। मौके पर बिहपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने कहा दाता के मजार करीब 10 लाख जायरीनों ने चादरपोशी की। रेल थानाध्यक्ष सुदामा पासवान मौके पर मुखिया सलाउद्दीन, पैक्स अध्यक्ष रबुल हसन, गौतम कुमार प्रीतम, सरपंच सुल्लान किंग, खजांची जैनुल अंसारी, जावेद खान, मीडिया प्रभारी मोहम्मद इबरार आलम , मुखिया मोहम्मद गुलजार, मौलाना इरफान उफी, मौलाना राकीम रजा, मौलाना अबू सालेह फरीदी, मुबाशिर रजा, शिक्षक इकबाल हसन, मोहम्मद जहांगीर, मोहम्मद शहजाद, शेख हस्बुल, सरफराज हसन उर्फ सोनू, सहित स्थानीय लोगों मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### महाकुंभ से मोतिहारी लौट रहे श्रद्धालुओं की बस यूपी के गाजीपुर में पलटी, 50 यात्री घायल



महाकुंभ से मोतिहारी लौट रहे श्रद्धालुओं की बस गाजीपुर में डिवाइडर से टकराकर पलट गई। जिसमें 50 यात्री घायल हो गए. यह हादसा 19 फरवरी की रात करीब 11:30 बजे हुआ. बताया जा रहा है कि बस चालक और खलासी ने शराब और गांजा का सेवन किया था, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई. जानकारी के अनुसार, बस 18 फरवरी की रात मोतिहारी से 50 यात्रियों को लेकर प्रयागराज रवाना हुई थी. कुंभ स्नान के बाद सभी लोग घर लौट रहे थे. रास्ते में लाइन होटल पर यात्रियों ने भोजन किया, इसी दौरान चालक और खलासी ने नशे का सेवन कर लिया. कुछ ही देर बाद बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और पलट गई. हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया. घायलों में मदनाकर सिंह, अमित कुमार और चुन्नू सिंह समेत कई यात्री शामिल हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है. इलाज के बाद 20 फरवरी की रात को सभी घायलों को दूसरी बस से मोतिहारी भेज दिया गया. यात्रियों ने बस चालक की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए और कड़ी कार्रवाई की मांग की है. पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गोविन्दगंज में पुलिस की बड़ी कार्रवाई: भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद, आंगनबाड़ी सेविका का पति गिरफ्तार

ब्यूरो चीफ शशिकांत

पूर्वी चम्पारण: गोविन्दगंज थाना अध्यक्ष राजू मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया है। इस छापेमारी में पुलिस ने शराब तस्कर के घर से विदेशी शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके पर आंगनबाड़ी सेविका के पति चंदेश्वर सिंह को गिरफ्तार किया है, जो इस तस्करी में शामिल था। बता दें कि यह कार्रवाई गोविन्दगंज थाना पीएसआई बीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में मुडा पंचायत में की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चंदेश्वर सिंह अपने घर में विदेशी शराब का अवैध कारोबार चला रहा है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की और भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की। चंदेश्वर सिंह की गिरफ्तारी से क्षेत्र में शराब तस्करों के हौसले पस्त हो गए हैं। पुलिस अब इस मामले में आगे की जांच कर रही है। और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस तस्करी में और कौन–कौन लोग शामिल हैं।

### मंजूबाला पाठक ने पटना में कॉंग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्षा अलका लांबा का किया हार्दिक स्वागत

बिहार की पावन धरती पर कांग्रेस नेत्री मंजूबाला पाठक ने महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा अलका लांबा का स्वागत और अभिनंदन किया।बिहार प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्षा शरबत जहां फातिमा जी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मंजूबाला पाठक ने अलका लांबा का स्वागत किया।मिडिया को बताते हुए कांग्रेस नेत्री और महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष मंजूबाला पाठक ने कहा कि कांग्रेस ने शुरू से ही बेटी और रोटी को बढ़ावा दिया है।कांग्रेस ने महिलाओं के विकास,उनका स्वावलंबन,उनकी राजनीतिक सहभागिता,समानता और उनके समाज के मुख्यधारा में लाने का काम किया है।आयरन लेडी स्वर्गीय इंदिरा गांधी के विचारों और उनके आदर्शों से प्रभावित मंजूबाला पाठक ने कहा कि अबकी बार बिहार की महिलाएं अपने समर्पण,त्याग और एकता का प्रतीक बन देश को बेहतर भविष्य देनेवाले कांग्रेस में अपना विश्वास व्यक्त करेगी।प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मंजूबाला पाठक ने कहा कि महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा अलका लांबा के बिहार दौरे से महिला कांग्रेस विंग संगठन और मजबूत होगी और प्रदेश की महिलाओं को कांग्रेस में विश्वास और भरोसा बढ़ेगा।आपको बताते चलें कि कांग्रेस नेत्री मंजूबाला पाठक पिछले एक दशकों से चंपारण में कांग्रेस की झंडा बुलंद किए है और महिलाओं को लगातार कांग्रेस से जोड़ रही है और कांग्रेस की नीतियों और विचारों को महिलाओं तक पहुंचा रहीं है।मंजूबाला पाठक ने कहा कि नेत्री अलका लांबा की बिहार दौरा को आने वाले कांग्रेस की बिहार में महिलाओं की राजनीतिक पकड़ और सुचिता को बढ़ाने का काम करेगी।

# जिलाधिकारी ने 21 दम्पत्तियों को सावधि जमा पत्र सौंपा

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना एवं मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के तहत लाभुकों को प्रदान किया गया सावधि जमा पत्र।लाभुकों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अनुदान के तहत प्राप्त राशि का करेंगे सदुपयोग।जिलाधिकारी दिनेश राय द्वारा आज समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित विवाह योजनाओं के तहत समाहरणालय के सभागार में 21 दम्पतियों के बीच एक–एक लाख रुपये का सावधि जमा पत्र का वितरण किया गया। इस वितरण कार्यक्रम में 15 दम्पतियों को अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना का लाभ दिया गया। वहीं 6 दम्पतियों को मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना का लाभ दिया गया। विवाह योजनाओं के तहत एक साथ 21 दम्पतियों के बीच सावधि जमा पत्र का वितरण करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा जारी इन योजनाओं से समाज में छुआ–छूत की भावना को समाप्त करने में काफी मदद मिली है। साथ ही दिव्यांगजनों के बीच भी विवाह के प्रचलन में वृद्धि हुई है। इन योजनाओं से दिव्यांगजन एवं महिलाओं के स्वावलम्बन के उदेश्य की पूर्ति हुई है।

**21 दम्पतियों के बीच एक–एक लाख रुपए**



उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाएं सरकार की ऐसी व्यवस्था है कि आप अपने पैरो पर खड़ा हो सके, स्वावलंबी बन सकें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सामाजिक परिवेश बदला है। एक समय में सिर्फ जाति बंधन हुआ करता था। छूआछूत की भावना रहती थी। पूर्व में समाज में अंतर्जातीय विवाह को मान्यता नहीं मिली थी, बहुत सारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। लेकिन सरकार ने कई कदम उठाएं और जो भी इसके अंतर्गत आते थे उन्हें योजनाओं का लाभ देकर प्रोत्साहित किया।अपर समाहर्ता विभागीय जाँच, कुमार रविन्द्र ने बताया के इस योजना से समाज की एक बहुत पुरानी कुप्रथा को समाप्त करने में मदद मिली है। वितरण कार्यक्रम में अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के तहत सारिका सिन्हा, दीपांजली सिंह, नेहा कुमारी, रौशनी कुमारी, आकांशा कुमारी, सोनी कुमारी, सानया राज को एक–एक लाख रुपये का सावधि जमा पत्र दिया गया। साथ ही मुख्यमंत्री दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के तहत सुमंत कुमार, खुशिद आलम, रमेश चौधरी, पवन कुमार एवं मनीष कुमार को एक–एक लाख रुपये का सावधि जमा पत्र दिया गया। अनिरूद्ध साह को दोनों विवाह योजनाओं का लाभ दिया गया, वे एक दिव्यांग व्यक्ति है और उन्होंने अंतर्जातीय विवाह किया है।सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा ने बताया की इस वितीय वर्ष में जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के तहत 13 और मुख्यमंत्री दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के तहत 4 लाभुकों की स्वीकृति प्रदान की गयी है। उन्होंने बताया कि समाज में जाति प्रथा को समाप्त करने, दहेज़ प्रथा को हतोत्साहित करने, छुआ–छूत की भावना को समाप्त करने तथा अंतर्जातीय विवाह करने वाली महिला को आर्थिक रूप से सबल बनाने के उदेश्य से अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के तहत एक लाख रुपये मात्र अनुदान के रूप में दी जाती है। साथ ही राज्य सरकार द्वारा निःशक्त व्यक्तियों के विवाह को प्रोतसाहित करने और उन्हें आर्थिक रूप से सबल बनाने के उदेश्य से मुख्यमंत्री दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना का लाभ दिया जाता है।इन योजनाओं का लाभ पा कर दम्पति काफी खुश थे। लाभुकों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अनुदान के तहत प्राप्त राशि का सदुपयोग करेंगे। वितरण कार्यक्रम अपर समाहर्ता, राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, कुमार रविन्द्र, जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, अमरेन्द्र कुमार, वरीय उप समाहर्ता–सह–जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, श्रीमती रोचना माद्री, वरीय उप समाहर्ता, श्रीमती निधि राज, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, सुजीत कुमार, सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, श्री ब्रजभूषण कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## गौनाहा के सोनवारसा मे फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता का बीडीओ ने किया उद्घाटन।



लोकतंत्र की आवाज

**गौनाहा /** प्रखंड के महुई पंचायत स्थित सोनबरसा खेल मैदान में शुक्रवार को बीडीओ शिवजन्म राम ने 10 दिवसीय बिरसा मुंडा फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। शुरुआती मैच मे सिठ्ठी व बनाहवा परसा के खिलाड़ियों का बीडीओ शिवजन्म राम ने हाथ मिलाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि युवावस्था में खेल शारीरिक व मानसी विकास का मुख्य स्रोत है।खेल समाज को जोड़ने का काम करता है खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए आगे उन्होंने कहां कि पढ़ाई के साथ खेल भी बहुत जरूरी है। ग्रामीण स्तर पर इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन होने से युवाओं को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। क्षेत्र के सर्वागीण विकास हेतु हर संभव प्रयास करूँगा खेल मे हार जीत तो लगी रहती, आज हारने वाला अपनी कमी को खोज लेगा तो कल विजेता बनेगा। हमारी सरकार खेल को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया के तहत प्रतिभाओ को निखारने का काम कर रही है। आज के मैच में बनहवा परसा ने शानदार खेल प्रस्तुत करते हुए अपना जीत दर्ज किया है। इस मौके पर खेल संचालक सह प्रदेश महासचिव एससी एसटी प्रकोष्ट जदयू सह भारतीय थारू कल्याण महासंघ तपा जम्हौली के अध्यक्ष ओजेंद्र कुमार, सांसद प्रतिनिधि वाल्मीकि प्रसाद, महुई मुखिया शहर चौधरी, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिला प्रधान महा सचिव सह पूर्व विधायक प्रत्याशी लोकेश राम, राजद के बगहा जिला अध्यक्ष सह परसौनी मुखिया विजय महतो, सरपंच रामचंद्र महतो, गुमास्ता रामबली महतो, आवास प्रयवेक्षक राकेश कुमार, गोबर्धना रेंज के वनरक्षी दीपक कुमार, प्यूष कुमारी, त्रिलोकी प्रसाद आदि लोग उपस्थित रहे।

## हरे राम हरे कृष्णा के जय घोष से गुंजा बगहा।



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

**बगहा** पंसरवा बाबा हनुमान मन्दिर शास्त्री नगर मे शुक्रवार हनुमान जी का 22 वा स्थापना दिवस बड़े धूम धाम से मनाया गया। जिसमें 1001 कन्याओ का कलश यात्रा निकला गया और उसके बाद 24 घंटे राम नाम कीर्तन की पूजा शुरू हुई।मंदीर समिति के अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा ने बताया की आज से 21 वर्ष पूर्व आम जाने के सहयोग से इस पूजा की शुरुआत की गई और आज हम सभी 22 वा पर्व मना रहे है।इस पूजा मे इस वर्ष मुख्य यजमान मुन्ना गुप्ता अपनी पत्नी के साथ बैठे हैं और पुरोहित पंडित दुर्गेश मणि त्रिपाठी जी है।इस पूजा मे मुख्य रूप से उत्कर्ष,दिनेश पटेल,रामनवाल साह,श्रीनिवास,राहुल,प्रफुल,ओमप्रकाश,अवदेश,ध्रुव कुशवाह,संजय पांडे,संतोष यादव,अशोक शाह,श्रीप्रकाश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## अंचल कार्यालय बगहा एक के अनुमति के बाद भी बिहार सरकार द्वारा दिए गए सैनिक की बंदोबस्ती भूमि पर किया जा रहा अवैध कब्जा पीड़ित भुतपूर्व सैनिक न्याय के लिए प्रशासन से लगा रहा है गुहार

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

**बगहा** अनुमंडल अंतर्गत प्रखंड बगहा एक के सलहा बरिअरवा पंचायत के सलहा गांव के भुतपूर्व सैनिक सुभाष प्रसाद ने अनुमंडल पदाधिकारी बगहा को एक आवेदन पत्र देकर न्याय की गुहार लगाया है। उन्होंने बताया कि वे भारतीय सेना के पांचवीं बटालियन बिहार रेजिमेंट में वर्ष 1987 से 2003 तक देश की सेवा की। सेवा के दौरान 1995 में बिहार सरकार से एक एकड़ भूमि बंदोबस्ती के रुप में प्राप्त हुआ। तभी से उक्त भूमि हमारे दखल कब्जा में है। तथा जोत आबाद कर परिवार का भरण पोषण करतें आ रहें हैं। अभी खेत में फसल लगाये है, हमारे पंचायत के मुखिया अमित कुमार वर्मा अपने सहयोगियों के साथ बिहार सरकार के द्वारा दिए गए भूमि को कब्जा करना



चाहते हैं। तथा उक्त भूमि में खुदाई कर फसल बर्बाद कर रहे हैं। उनके बड़े भाई लाली शरण प्रसाद ने बताया कि मेरे भाई सैनिक को सरकार द्वारा दिए गए भूमि का खाता 216 व खेसरा 893 रकबा एक एकड़ है। जबकि सीओ बगहा एक ने खाता 217 , खेसरा 895 पर खेल मैदान निर्माण कराने के लिए अनुमति दी है। बावजूद भी मुखिया के द्वारा बंदोबस्ती भूमि पर जबरन कब्जा किया जा रहा है। पीड़ित सैनिक की पत्नी हृदया देवी, जोखु प्रसाद समेत कई लोगों ने बताया कि सैनिक सुभाष प्रसाद को बिहार सरकार ने एक एकड़ भूमि 1995 में बंदोबस्ती कर परिवार की जीविकोपार्जन के लिए दी थी। जो आज भी हमारे कब्जा में है। जबकि सीओ द्वारा दिए गए अनुमति बगल में है, जहां खेल मैदान निर्माण के लिए शिलान्यास पट भी लगा है। परंतु मुखिया के द्वारा उक्त खाता खेसरा व सीओ द्वारा अनुमति मिलने के बाद भी उक्त भूमि पर खेल मैदान निर्माण नहीं कराया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से सीओ द्वारा दिए गए एन ओसी प्रमाण पत्र के आलोक में खेल मैदान निर्माण कराने की मांग की है।

## 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान का सेन्ट्रल टीम ने किया निरीक्षण – पोर्टेबल एक्स–रे मशीन से संदिग्ध टीबी मरीजों की तुरंत हो रही है

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ शशिकांत

**मोतिहारी:** 21 फ़रवरी– राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत ₹जिले में 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान₹ की मॉनिटरिंग के लिए राज्य एवं केंद्रीय टीम द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। टीबी के नोडल चिकित्सक डॉ सुनील कुमार ने बताया कि जिले में दो टीम आई है। राज्य स्तर से डॉ गौरव एवं केंद्र स्तरीय टीम में डॉ मजहर हुसैन, दीपक कुमार, सेन्ट्रल टीबी डिविजन के टेक्निकल सपोर्ट मयंक कुमार आये हैं। टीम ने जिला यक्ष्मा अस्पताल मोतिहारी, पिपराकोठी के दक्षिणी चकरदेइ, एपीएचसी टीकुलिया, चकिया में क्षेत्र भ्रमण कर टीबी मरीजों की खोज, पोर्टेबल एक्स रे मशीन द्वारा जाँच



के तरीके आदि का निरीक्षण किया। टीम ने सुधार के लिए कई निर्देश दिए तथा इसमें तेजी लाने को कहा। उन्होंने कहा कि समाज को टीबी मुक्त बनाने के लिए जागरूक होना पड़ेगा। उन्होंने लोगों से टीबी मरीजों के पोषण सम्बन्धित सहयोग के लिए निक्षय मित्र बन- कैंप लगाकर 125 संदिग्ध मरीजों की हुई जाँचडॉ संजीव ने बताया कि पोर्टेबल मशीन के द्वारा एपीएचसी टीकुलिया में कैंप लगाकर संदिग्ध मरीजों की जाँच हुई जिसमें 125 लोगों की बीपी, शुगर के जाँच के साथ एक्स रे किया गया। इसमें टीबी के 63 संदिग्ध मिले हैं और इनका स्पुटम जाँच के लिए लिया गया। उन्होंने बताया कि टीबी मरीजों की अब आसानी से खोज हो पाएगी। इलाज के बाद इसके संक्रमण दर को खत्म करने में भी आसानी होगी। उन्होंने बताया कि जिले में जनवरी माह में 1139 नए मरीज मिले हैं। इनमें सरकारी अस्पताल में 206 तथा प्राइवेट में 933 हैं। उन्मूलन के लिए सभी का सहयोग जरूरी डॉ सुनील कुमार ने बताया कि 100 दिवसीय अभियान के तहत टीबी रोगियों की पहचान कर टीबी से होने वाली मौतों की दर में कमी कर, टीबी से नए लोगों को संक्रमित होने से रोकने के लिए जिला स्तर पर तेज गति से प्रयास किया जा रहा है। टीबी उन्मूलन अभियान की सफलता के लिए निर्वाचित प्रतिनिधियों, पंचायती राज संस्थानों और शहरी स्थानीय निकायों, अन्य समुदाय,निजी क्षेत्र,मीडिया, गैर–सरकारी संगठनों और विभिन्न संबंधित विभागों का शामिल होना महत्वपूर्ण है। सभी का सहयोग मिलेगा तो निश्चित ही टीबी हारेगा। इस मौके पर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ संजीव, नोडल डॉ सुनील कुमार, डब्लूएचओ के राज्य प्रतिनिधि डॉ कुमार गौरव, जिला यक्ष्मा केंद्र के अरविन्द कुमार, अमरेंद्र कुमार, मनु सिंह व अन्य लोग उपस्थित थे।

## कैलाशनगर में आमजन के लिए निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

65वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बेतिया शिविर बगहा द्वारा कमांडेंट नंदन सिंह मेहरा के मार्गदर्शन में कैलाशनगर वार्ड संख्या 06 में आमजन के लिए निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।वाहिनी चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवनीत कौर,सहायक कमांडेंट (चिकित्सा अधिकारी) 65 वाहिनी,स.सी.बल,बेतिया ने स्थानीय नागरिकों की स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवा वितरण किया।कार्यक्रम की पूर्व सूचना वाहिनी द्वारा संबंधित ग्राम–जनप्रतिनिधियों को दी गई थी जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इस कार्यक्रम से लाभान्वित हो सके।इस कार्यक्रम में कमांडेंट महोदय ने स्थानीय नागरिकों को बदलते मौसम में स्वयं को बिमारियों से सुरक्षित रखने के हेतु बेहतर खानपान एवं स्वच्छता के



नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया एवं आवश्यकता पड़ने पर 65 वाहिनी में उपलब्ध चिकित्सा अधिकारी द्वारा अपनी स्वास्थ्य जांच कराने हेतु प्रोत्साहित किया।स्थानीय नागरिकों ने इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन भविष्य में भी नियमित रूप से करते रहने का निवेदन किया जिससे गरीब नागरिकों के स्वास्थ्य जांच तथा दवा की जरूरतों को पूरा किया जा सके।इस कार्यक्रम मे 500 से ज्यादा मरीजों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर दवा वितरण किया गया।इस कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा अधिकारी द्वारा नागरिकों को नशा मुक्त भारत अभियान तथा नशीली दवाओं के दुरुपयोग के संबंध मे और ₹बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ₹ तथा युवतियों को केंद्रीय पुलिस बल मे भर्ती होने के लिए लोगों को जागरूक किया।इस कार्यक्रम मे नंदन सिंह मेहरा कमांडेंट आर. बी. सिंह उप कमांडेंट, डॉ नवनीत कौर सहायक कमांडेंट (चिकित्सा),राजन कुमार गुप्ता वार्ड पार्षद वार्ड संख्या –06 कैलाशनगर,65 वाहिनी की चिकित्सा टीम तथा जवान सम्मिलित हुए।

## जिलाधिकारी के जनता दरबार में 89 मामलों की हुई सुनवाई।प्रत्येक मामले को बहुत गौर से सुने जिलाधिकारी

लोकतंत्र की आज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा



कई मामलों का हुआ ऑन–द–स्पॉट समाधान।जिलाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में आज जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय ने लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को बारी–बारी से सुना। जनता दरबार में कई समस्याओं एवं शिकायतों का ऑन–द–स्पॉट समाधान कराया गया। साथ ही कई मामलों में संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का समाधान करने के लिए शीघ्र समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के जनता दरबार में 89 मामले आए। जिन मामलों का समाधान आज नहीं हो सका, उसे संबंधित विभाग/अधिकारियों को भेजते हुए त्वरित गति से नियमानुकूल समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया।जनता दरबार में कई तरह के मामले आए। जिसमें राजस्व, शिक्षा, आपूर्ति, आवास, स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या आदि शामिल हैं। जिलाधिकारी ने हर मामले को बहुत गौर से सुना और नियमानुसार समाधान की दिशा में आवेदन को आगे बढ़ाया। जिन लोगों के द्वारा अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया उनमें शोभा देवी, उर्मिला देवी, कासिम मियां, अवनीश कुमार, सबीना खातून, मु0 सरस्वती देवी, आलमगीर अंसारी, मंजीत कुमार पासवान, सुमन देवी, सरोज देवी, नन्दिता गुप्ता, जितेन्द्र कुमार यादव, नसीम आरा, अमरनाथ कुशवाहा, सुगंधी देवी, सुबोध कांत तिवारी, अयूब अंसारी आदि के नाम शामिल हैं। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता, विभागय जांच, कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता–सह–जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल कुमार सिन्हा, जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, अमरेन्द्र कुमार, वरीय उप समाहर्ता–सह–जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, श्रीमती रोचना माद्री, वरीय उप समाहर्ता, श्रीमती निधि राज, जिला गोपनीय शाखा, सुजीत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बगहा : खेत की ओर गए किसान पर अचानक एक भालू ने हमला कर दिया है

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

**बगहा खेत** की ओर गए किसान पर अचानक एक भालू ने हमला कर दिया है। भालू के अचानक हमले में किसान का दोनों पैर बुरी तरह जख्मी हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद जख्मी किसान को बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरों द्वारा दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया गया. दरअसल श्ळफजंगल से भटके भालू का इलाके में आतंक जारी है, क्योंकि पहले भी यहां कई लोगों को भालू हमला कर जख्मी कर चुका है. बिहार के इकलौते वाल्मीकि टाइगर रिजर्व जंगल से भोजन की तलाश में भटक कर भालुओं का झुंड रिहायशी इलाकों में चहलकदमी कर रहा है. वाल्मीकि नगर से हरनाटांड के कई क्षेत्रों में भालू लगातार किसानों और मजदूरों को जख्मी कर रहा है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया है. हालांकि,



वन विभाग प्रशासन की ओर से पीड़ितों को समय पर मुआवजा भी दिया जाता है. बावजूद इसके वनवर्ती इलाके के ग्रामीणों की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। यह ताजा मामला लौकरिया थाना क्षेत्र के सिधाव का है, जहां बुधन पासवान नामक शख्स शुक्रवार की सुबह खेत में काम करने के दौरान शौच करने किनारे गया, तभी वाल्मीकि टाइगर रिजर्व से निकलकर रिहायशी इलाके में पहुंचे भालू ने एकाएक किसान पर हमला कर दिया. बुधन ने जैसे ही अपने पैर से भालू को ढंकेलना चाहा उसने दोनों पैर को चबाने की कोशिश की, जिससे किसान बुरी तरह जख्मी हो गया. गनीमत रही की चीख पुकार की आवाज सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंचे, तब जाकर बुधन की जान बची और भालू उसे छोड़कर गन्ना की खेत में छुप गया अब ग्रामीणों ने वन विभाग से भालू को जंगल की ओर भगाने या रेस्क्यू कर उसे पकड़ने की मांग की है, ताकि भालू से फिर किसी जान माल का नुकसान न हो. बता दें कि पिछले दिनों भी भालू के हमले में कई लोग इन इलाकों में जख्मी हो गए हैं. बगहा 2 हरनाटांड़ ढल्ड से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बुधन पासवान को बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया गया. इस घटना की पुष्टि बगहा 2 सिधाव ढल्ड प्रभारी, चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर राजेश सिंह नीरज ने किया है। डॉक्टर राजेश सिंह नीरज ने बताया कि वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के खुले जंगल में सैकड़ों की संख्या में भालू हैं, जो अक्सर गन्ना के खेत की ओर झुंड में अपने शावक के साथ डेरा जमाए रहते हैं और जैसे ही किसान मजदूर खेतों की ओर अकेले में जाते हैं, उनपर हमला कर उन्हें जख्मी कर देते हैं. यहीं वजह है कि वाल्मीकि टाइगर रिजर्व प्रशासन की ओर से लाठी डंडे लेकर समूह में खेतों की ओर जाने की सलाह दी जाती है. बावजूद इसके कुछ लोग अकेले सुबह–शाम खेतों की ओर चले जाते हैं. इसी दौरान ऐसे हादसे हो जाते हैं. ऐसे में श्ळफके वन वर्ती इलाकों में लोगों को सतर्क और सजग रहने की जरूरत है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### महिला बाल विकास मंत्री से गया जिले की चर्चा किए डॉ मनीष पंकज मिश्रा



गया।भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के बागवानी प्रकोष्ठ के बिहार प्रदेश सह संयोजक ने कोडरमा की सांसद एवं भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री, अन्नपूर्णा देवी, से मुलाकात की है। इस अवसर पर मंत्री को अंग वस्त्र, विष्णु चरण चिन्ह, और एक बुके भेंट कर सम्मानित किया गया है।मुलाकात के दौरान, प्रदेश सह संयोजक ने मंत्री महोदया के नेतृत्व और महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की है। अन्नपूर्णा देवी ने सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने बागवानी क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी उन्नति को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो सके। सरकार और पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं बीच समन्वय और संवाद से इस प्रकार के सम्मान और संवाद से न केवल नेताओं का मनोबल बढ़ता है, बल्कि जमीनी स्तर पर कार्यरत कार्यकर्ताओं को भी प्रेरणा मिलती है।

### प्रदेश नेता अनिल स्वामी ने अपने मां को संगम स्नान करवाया



गया ।प्रयागराज महाकूम्भ मे सभी लोग स्नान करने आ रहे हैं लेकिन बिहार के नवादा प्रभारी अनिल स्वामी ने अपने माता को संगम घाट पर त्रिवेणी मे गंगा यमुना सरस्वती के पवित्र जल मे स्नान कराया है इसपर अनिल स्वामी ने कहा कि ऐसे तो सभी तीर्थ माता के चरणो मे उपस्थित होता है यह बिल्कुल सत्य है सब उन्ही के आशिर्वाद से आगे बढता है। इसके साथ ही अनिल स्वामी ने धर्म पत्नि तथा बड़े समधी एवम पुरे परिवार के साथ महाकूम्भ मे डुबकी लगाया है ।माता गंगा यमुना सरस्वती से सबो के लिए आशिर्वाद मांगे सब सुखी सब खुशी रहे माता सब पर किरपा करे यह कहां है।

### महिला बाल विकास मंत्री से गया जिले की चर्चा किए डॉ मनीष पंकज मिश्रा

गया।भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के बागवानी प्रकोष्ठ के बिहार प्रदेश सह संयोजक ने कोडरमा की सांसद एवं भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री, अन्नपूर्णा देवी, से मुलाकात की है। इस अवसर पर मंत्री को अंग वस्त्र, विष्णु चरण चिन्ह, और एक बुके भेंट कर सम्मानित किया गया है।मुलाकात के दौरान, प्रदेश सह संयोजक ने मंत्री महोदया के नेतृत्व और महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की है। अन्नपूर्णा देवी ने सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने बागवानी क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी उन्नति को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो सके। सरकार और पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं बीच समन्वय और संवाद से इस प्रकार के सम्मान और संवाद से न केवल नेताओं का मनोबल बढ़ता है, बल्कि जमीनी स्तर पर कार्यरत कार्यकर्ताओं को भी प्रेरणा मिलती है।

# मछली से बनने वाले विभिन्न मूल्य वर्धित उत्पादों से संबंधित त्रिदिवसीय व्यवहारिक एवं क्रियाशील प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रमाण पत्र वितरण समारोह के साथ हुआ समाप्त

**प्रशिक्षणार्थियों को मछली से बनने वाले विभिन्न मूल्य वर्धित उत्पाद यथा, मछली का अचार, कटलेट, बिस्कुट इत्यादि के लिए किया गया प्रशिक्षित**

**लोकतंत्र की आबाज**

**रामजी कुमार**

**समस्तीपुर।** डॉ.राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा, समस्तीपुर के मात्स्यिकी महाविद्यालय, ढोली, मुजफ्फरपुर में समस्तीपुर जिला के चयनित अनुसूचित जाति समुदाय के 25 प्रशिक्षणार्थियों हेतु आयोजित त्रिदिवसीय व्यवहारिक एवं क्रियाशील प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन सह प्रमाण पत्र वितरण समारोह के मुख्य अतिथि डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय की बैज्ञानिक डॉ. पुष्पा कुमारी एवं महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव तथा वैज्ञानिक एवं प्रशिक्षण संयोजिका डॉ. तनुश्री घोड़ई ने प्रशिक्षणार्थियों को मछली से बनने वाले विभिन्न मूल्य वर्धित उत्पाद यथा, मछली का अचार, कटलेट, बिस्कुट इत्यादि को बनाने हेतु सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत प्रमाण पत्र देते हुए उन्हें प्राप्त ज्ञान को जीवन में उतार कर स्वावलंबी बन खुशहाल जीवन यापन व स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया। समारोह के दौरान पूसा के वरिष्ठ पत्रकार सुभाष कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर, उनके उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। समारोह में मुख्य अतिथि एवं अधिष्ठाता द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पुन्यव्रत सुविमलेन्दु पाण्डेय के कुशल नेतृत्व व दूरदर्शिता की भूरी–भूरी प्रशंशा की। मौके पर महाविद्यालय की वैज्ञानिक व प्रशिक्षण कार्यक्रम की संयोजिका डॉ तनुश्री घोड़ई, तथा वैज्ञानिक डॉ. शिवेन्द्र कुमार, डॉ. मुकेश कुमार सिंह, डॉ. सुजीत कुमार नायक, डॉ. राजीव कुमार ब्रह्मचारी, डॉ.अनिरुद्ध कुमार, रोशन कुमार राम अधिष्ठाता के निजी सहायक डॉ.राजेश कुमार ,साजन कुमार भारती तथा महाविद्यालय के अन्य कर्मी एवं सभी प्रशिक्षणार्थी के साथ ही जिला मत्स्य पदाधिकारी, समस्तीपुर भी मौजूद थे। समापन कार्यक्रम से पूर्व प्रशिक्षण के अंतिम सत्र में मात्स्यिकी महाविद्यालय, ढोली की वैज्ञानिक व प्रशिक्षण संयोजिका डॉ. तनुश्री घोड़ई द्वारा प्रशिक्षणार्थियों से मछली से बनने वाले विभिन्न उत्पादों हेतु तकनीकी व क्रियाशील प्राप्त ज्ञान से व्यबहारिक रुप में विभिन्न उत्पाद भी बनबाया गया जिससे प्रशिक्षणार्थी काफी संतुष्ट नजर आ रहे थे व उनमें आत्मविश्वास की आभा स्पष्ट रूप से झलक रही थी।



## मरीजों के जान के साथ खेल रहे झोलाछाप डॉक्टर



**लोकतंत्र की आवाज**

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर,,,** डॉक्टर को भगवान की उपाधी दी गई क्योंकी डॉक्टर हीं हैं जो मुर्दों में भी जान डालने का कार्य करते हैं ।परन्तु इन्हीं डॉक्टरों के नाम पर लोग अब ठगी करना प्रारंभ कर दी गई है । ताजा मामला बिहपुर प्रखंड से जुड़ा है जहाँ झोलाछाप डॉक्टर मरीजों के जान से खेल रहे हैं .गुरुवार को माँ शारदे नर्सिंग होम में जहाँ एमबीबीएस डॉ.अमीत कुमार एवं डी.पासवा का बोर्ड लगा हुआ था में बेगूसराय के कथित डॉक्टर एस.कुमार के द्वारा बिहपुर निवासी मो.मुख्तार की पुत्री दुलाड़ी खातुन का ऑपरेशन किया जा रहा था ।इस बिना रजिस्टर्ड नर्सिंग होम में अव्यस्थाओं का अंबार लगा हुआ है ।ओटी में ना तो एनएसथीसिया के कोई डॉक्टर थे , ना तो ट्रेंड ओटी स्टाफ थे , ना रजिस्टर्ड एनएम की व्यवस्था थी,ना एमबीओ बैग की व्यवस्था थी , ना तो लाईटिंग की व्यस्था थी ,ना लंग्स एन्फ्लुटर थी ,ना सेक्कसन मशीन थी और हीं ना इसीजी की व्यवस्था थी । इन सभी तमाम कमीयों के बावजूद सर्जरी की जा रही थी ।सर्जरी के बाद जब डॉ.एस कुमार से बात की गई तो उन्होंने अपना इंडीयन रजिस्ट्रेशन नंबर 28346बताया । जब इस नंबर की जांच की गई तो इस नंबर पर बिहार के केवल एक डॉक्टर निशा सिन्हा का नाम दिखा । जबकी डॉ एस कुमार बता रहे थे की उनका क्लिनिक साई क्लिनिक के नाम से बेगूसराय के लोहिया नगर में भी है और वो क्लिनिक के संचालक अमित कुमार के बुलावे पर बिहपुर आए हैं । हलांकि उन्होंने भी क्लिनिक के अव्यवस्था के प्रति नाराजी दिखाई .मरीज के पिता भी बार यह कह रहे थे की ऐसी अव्यवस्था में आकर फंस गए हैं । हद तो यह भी थी की सर्जरी के क्रम में बिजली भी पांच मिनट के लिये गुम हो गई थी ।बिहपुर में ऐसे कई क्लिनिक है जहाँ डॉक्टरी के नाम पर अवैध धंधा वर्षों से फल फूल रहा है और इस पर विभाग के द्वारा कोई ध्यान नही दिया जाता है । इसके बावत जब भागलपुर सिवील सर्जन से बात करने का प्रयाश किया गया तो उन्होने कहा की वो मीटिंग में व्यस्त हैं बाद में बात करेंगे ।

## तीन वारंटी को गिरफ्तार कर वैनी थानाप्रभारी ने भेजा जेल



**लोकतंत्र की आबाज**

**वैनी/समस्तीपुर।** जिले के वैनी थाना के एक पुराने मारपीट के मामले में न्यायालय द्वारा जारी वारंटी अभियुक्त वारंटी मो० फहीम पिता स्व० मो० रहीम निवासी शाहपुर बघौनी, मो० समद पिता स्व० मो० मोती निवासी शाहपुर बघौनी, मो० कमर पिता–स्व० मो० मोती निवासी शाहपुर बघौनी को बीते दिन गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में समस्तीपुर माननीय न्यायालय भेजा गया। थाना अध्यक्ष आनंद शंकर गौरव ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

## सावधान होकर ट्रेनों में चले,नशाखुरानी के शिकार हुए अरविंद ने बयां किया घटना,धन्यवाद दिया जीवन बचाने वाले का

**लोक तंत्र कीआवाज**



**लखीसराय :** समझ नहीं आया कि हमारे पानी के बोतल में ही कुछ डाला गया था या इसकी फुक मारने से ये हुआ।अगर आप सफर कर रहे हैं तो सावधान रहें किसी अपरिचित से बात करने से पूर्व अपने सामानों को देख ले कही किसी ने आपके पानी में कुछ डाला तो नहीं है। अक्सर हरेक स्थानों पर लिखा पाया जाता है कि सतर्कता हटी दुर्घटना घटी। ठीक इसी सतर्कता को न अपनाने से कम पढ़े लिखे भागलपुर के रहने वाले को नशाखुरानी गिरोह के लोगों ने नशे में धुत कर सामानों को ले लेने का काम किया और मरने को छोड़ फरार हो गया। घटना मुजफ्फरपुर में घटने की है। भागलपुर के रहने वाले अरविंद कुमार ने बताया कि किस तरीके से वह मुजफ्फरपुर से स्टेशन में ट्रेन के डब्बे नशाखुरानी का शिकार हुआ। इन्होंने बताया कि ट्रेन के डब्बे में बैठने के बाद सामने की सीट पर दो लोग बैठ गए और उन्होंने पूछा कहां जाएंगे। अरविंद कुमार में जब बताया कि वह भागलपुर जाएंगे तो उनलोगो ने भी भागलपुर जाने की बात बता दी। कुछ देर बाद दोनों चाय पीते हुए आपस में कुछ बात करने लगे और सामने की दिशा में फुक मारने लगे। इसी दौरान प्यास लगने पर पानी पीने के लिए अरविंद कुमार ने बोतल का पानी इस्तेमाल किया और फिर इन्हें कुछ याद नहीं रहा। इन्होंने कहा कि मुझे समझ नहीं आया कि हमारे पानी के बोतल में ही कुछ डाला गया था या इसकी फुक मारने से ये हुआ। वही गंभीर स्थित में मननपुर रेलवे स्टेशन के नजदीक कई घंटे पड़े रहने के बाद इनका इलाज कम्युनिटी हेल्थ सेंटर रामपुर चानन में किया गया। अरविंद कुमार ने बताया कि वह फ़ौजी मंडल का पुत्र है और ग्राम– गोराडीह प्रखंड,जिला भागलपुर का रहने वाला है जो पिछले दिनों बुधवार को दानापुर भागलपुर ट्रेन से वह अपने घर आ रहा था। दिल्ली आनंदविहार से काम कर अपने घर आने के क्रम में इस घटना में दो मोबाइल, कपड़ा, बैग, परफ्यूम, बारह हजार रुपए, बाल्टी, बिस्कुट इनसे ले लिया गया। इन्होंने कहा कि मैने किसी का नुकसान नहीं किया इसलिए भगवान ने मेरे साथ कुछ नहीं होने दिया और मेरा जीवन बच गया। इन्होंने कहा कि इलाज होने के बाद शुक्रवार को घर जाने के लिए सफाई कर्मचारी ने सौ रुपए और डॉक्टर साहब ने डेढ़ सौ रुपए दिए। इस व्यवहार से यह समझ आता है कि इंसान की सेवा ही महान है और डॉक्टर भगवान के रूप होते है।

## भगवन नाम के जाप से सारे बिपतियों का नाश हो जाता है : डॉ.राघवेंद्रचार्य

**लोक तंत्र कीआवाज**



**नरहट :** इस जगत में भगवत कृपा के बिना कुछ भी सम्भव नही है। भगवन नाम के जाप से सारे बिपतियों का नाश हो जाता है। युक्त बातें मा तारा देवी परिसर बेरौटा में श्रीमद भागवत सप्ताह महायज्ञ में प्रवचन करते कथा व्यास स्वामी डॉ.राघवेंद्रचार्य जी महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर कथा होती है वहां भगवान विराजमान होते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा कि कर्म ही प्रधान है बिना कर्म के कुछ भी संभव नहीं होता है, जो मनुष्य अच्छा एवं सत्कर्म करता है उसे अच्छा फल मिलता है एवं बुरे कर्म करने वाले को हमेशा बुरा फल मिलता है। इसलिए सभी को सत्य कर्म करनी चाहिए। उन्होंने गोकर्ण और धुंधकारी की कथा सुना कर उपस्थित श्रद्धालुओं को सत्य के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा की भागवत कथा एक ऐसा अमृत है जिसका जितना भी पान किया जाए आत्मा तृप्ति नहीं होती है। भागवत कथा सुनते ही ज्ञान और वैराग्य जाग जाता है भागवत कथा भक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है कथा वही है, जिसमें ईश्वर से प्रेम हो कथा सुनने से भक्तों में श्री कृष्ण का ज्ञान वैराग्य भक्ति स्थापित हो जाएगी। कथा व्यास ने गुरुदेव सुखदेव जी महाराज और राजा परीक्षित की कथा का अमृत पान कराते हुए श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। बीच बीच में भजन की प्रस्तुति देकर कथा व्यास में श्रद्धालुओं को झूमा दिया। कथा 26 फरवरी तक चलेगी। इस अवसर पर नवल सिंह, डॉ. राम रतन सिंह आदि मौजूद थे।

## रजौली: रजौली में भीषण जाम में घंटो फंसे रहे मैट्रिक परीक्षा के परीक्षार्थी

**लोक तंत्र कीआवाज**



**रजौली :** मैट्रिक परीक्षा के पांचवें दिन रजौली में शुक्रवार को साप्ताहिक हाट बाजार लगने से हाट चौक पर भीषण जाम लग गया। इस भीषण जाम में मैट्रिक परीक्षा के परीक्षार्थी घंटो फंसे रहे। बिहार बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा 17 फरवरी से लेकर 25 फरवरी तक होना है। मैट्रिक परीक्षा को लेकर रजौली प्रखंड क्षेत्र में कुल सात परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सात परीक्षा केंद्रों में रजौली इंटर विद्यालय रजौली, मथुरासिनी इंटर विद्यालय रजौली, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय चिरैला, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय करिगांव, सप्तर्षि डिग्री कॉलेज, प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय रजौली परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां इन सात परीक्षा केंद्रों में कुल 10693 छात्र–छात्राएं मैट्रिक की परीक्षा दे रही है। शुक्रवार को मैट्रिक परीक्षा के पांचवें दिन विज्ञान विषय की परीक्षा की पहली पाली में परीक्षा देने के लिए अपने–अपने घरों से निकले मैट्रिक परीक्षा के परीक्षार्थी रजौली पहुंचे और अपने–अपने परीक्षा केंद्र जाने के क्रम में रजौली के बजरंगबली चौक स्थित हाट चौक पर सैकड़ों परीक्षार्थी जाम में फंस गए। जिसके कारण घंटो देर तक परीक्षार्थी जाम से परेशान रहे। वहीं दूसरी पाली में भी मैट्रिक परीक्षा के परीक्षार्थी को अपने–अपने परीक्षा केंद्र जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। क्योंकि शुक्रवार के दिन रजौली में बजरंगबली चौक स्थित हाट चौक पर सब्जी, फल, कपड़ा बकरी बेचने को लेकर हाट का बाजार लगता है। हाट बाजार लगने के कारण शुक्रवार को सैकड़ों परीक्षार्थी घंटो जाम में फंस रहे। धीरे–धीरे भीड़ घटती गई वैसे–वैसे सैकड़ों परीक्षार्थी समय पर अपने–अपने मैट्रिक परीक्षा केंद्र पर पहुंचे और मैट्रिक की परीक्षाएं दी।

## पंचायत समिति की बैठक में कई बिदुओं पर चर्चा

**लोक तंत्र कीआवाज**



**पकरीबरावां :** पकरीबरावां प्रखण्ड कार्यालय परिसर स्थित बीआरसी भवन में पंचायत समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख रंजू कुमारी ने की। बैठक में 15 वीं वित्त आयोग से 1 करोड़ 14 लाख की योजनाएं पारित की गई। इसी तरह मनरेगा से 39 करोड़ की योजनाएं ली गई। बैठक में आईसीडीएस, शिक्षा, कृषि, पीएचईडी, स्वास्थ्य आदि का मुद्दा छाया रहा। पंचायत समिति सदस्य दिनेश सिंह ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में टीएचआर वितरण में भारी लापरवाही बरती जाती है। लाभुकों को सही मात्रा में टीएचआर नहीं मिल पाता है। कहा गया कि किसी पंचायत प्रतिनिधि को वितरण की सूचना नहीं दी जाती है। आरोप लगाया गया कि चुपके से टीएचआर का वितरण कर दिया जाता है। कहा गया कि आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच भी सही तरीके से नहीं की जा रही है। जवाब में सीडीपीओ ने जांच की जाने की बात कही। बैठक में कहा गया कि कई गांवों में नल जल की स्थिति ठीक नहीं है। घरों में सही तरीके से पानी नहीं पहुंच रहा है। आरोप लगाया गया कि मरम्मत के नाम पर पीएचइडीई विभाग द्वारा केवल खानापूर्ति की जाती है। कृषि विभाग के अधिकारी से कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली गई। शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ. मृत्युंजय कुमार, अंचलाधिकारी खुशबु गौतम, प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी गौरव कुमार, उप प्रमुख धर्मराज सिंह, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी अशोक कुमार, मनरेगा पीओ कौशलेन्द्र कुमार, प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी सुशील कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## टीचर्स ऑफ बिहार ने लॉन्च किया ' प्रोजेक्ट शिक्षक साथी 'प्रोजेक्ट शिक्षक साथी₹ राज्य के सरकारी विद्यालयों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने की अनूठी पहल:– शिव कुमार, फाउंडर, टीचर्स ऑफ बिहार

**लोक तंत्र कीआवाज**




**पटना :** बिहार में शिक्षा के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बिहार के सबसे बड़ी प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी टीचर्स ऑफ बिहार ने 'प्रोजेक्ट शिक्षक साथी' की शुरुआत की है। इस परियोजना के तहत राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने की योजना बनाई गई है, जिससे शैक्षिक संसाधनों की उपलब्धता, पारदर्शिता और संवाद में सुधार हो सके।बांका जिले के 35 वें स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यालय का वेबसाइट हुआ लॉन्च बांका जिले के 35 वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रोन्नत मध्य विद्यालय खड़हिरा उर्दू बालक, प्रखंड बाराहाट, जिला बांका की वेबसाइट लॉन्च की गई। इस कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार (भा.प्र.से.), खेल मंत्री, बिहार सरकार सुरेन्द्र मेहता और स्थानीय विधायक राम नारायण मंडल ने विद्यालय की वेबस्इट का लोकार्पण किया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमाकांत कुमार भी उपस्थित थे। जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार, (भा.प्र.से.) ने कहा कि यह डिजिटल पहल शिक्षा को सुलभ और पारदर्शी बनाने में मील का पत्थर साबित होगी।इस अभिनव परियोजना की संकल्पना टीचर्स ऑफ बिहार के टेक्निकल टीम लीडर इंजीनियर शिवेंद्र प्रकाश सुमन द्वारा की गई है। उन्होंने न केवल इस परियोजना के अंतर्गत सभी पोर्टल का निर्माण किया है, बल्कि शिक्षकों को डिजिटल शिक्षा के लिए आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान कर रहे हैं। इस पहल के माध्यम से शिक्षकों और छात्रों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।हर विद्यालय के लिए निःशुल्क वेबसाइट 'प्रोजेक्ट शिक्षक साथी' के तहत प्रत्येक सरकारी विद्यालय के लिए एक निशुल्क वेबसाइट बनाई जाएगी, जो विद्यालय की सूचनाओं, पाठ्यक्रम, गतिविधियों और शैक्षणिक संसाधनों को ऑनलाइन प्रदर्शित करेगी। इससे विद्यालयों में डिजिटल पारदर्शिता बढ़ेगी और अभिभावकों व छात्रों के लिए सूचनाएँ सुलभ होंगी।प्रधानमंत्री पोषण योजना कैलकुलेटर पोर्टलपरियोजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री पोषण योजना कैलकुलेटर पोर्टल भी विकसित किया गया है, जो विद्यालयों को इस योजना से जुड़े आँकड़ों का सटीक प्रबंधन करने में मदद करेगा। इस कार्य में शिक्षक रिजवान रिजवी और उनके आईआईटियन पुत्र अमीर हम्ज़ा भी सहयोग कर रहे हैं।शिक्षकों के लिए डिजिटल प्रशिक्षण (द्रोणविद्या)शिक्षकों को डिजिटल शिक्षा में दक्ष बनाने के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे। इंजीनियर शिवेंद्र प्रकाश सुमन के नेतृत्व में शिक्षकों को वेबिनार, वर्चुअल क्लासरूम और अन्य डिजिटल टूल्स के उपयोग का प्रशिक्षण दिया जाएगा।टीचर्स ऑफ िहार– द चेंज मेकर्स के संस्थापक शिव कुमार ने बताया कि यदि कोई विद्यालय अपनी वेबसाइट बनवाना चाहता है या किसी डिजिटल आवश्यकता को पूरा करना चाहता है, तो हर जिले में सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की एक तकनीकी टीम इस कार्य में सहयोग करेगी। इसकी जानकारी टीचर्स ऑफ बिहार के प्रदेश प्रवक्ता रंजेश सिंह और प्रदेश मीडिया संयोजक मृत्युंजय ठाकुर ने संयुक्त रूप से देते हुए बताया कि यह पहल बिहार के शिक्षा तंत्र में डिजिटल क्रांति लाने और शिक्षकों व छात्रों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### दिवारी पंचायत के ग्रामीणों ने वरीय पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर बिना रोड बनाए अवैध निकासी का लगाया आरोप



लोकतंत्र की आवाज
कहरा सहरसा संवादाता ।प्रखंड क्षेत्र के दिवारी पंचायत के धकजड़ी वार्ड नंबर 11 में रोड घोटाला का मामला सामने आया है। जिसमें वार्ड सदस्य व ग्रामीणों के द्वारा, जिलाधिकारी, उपविकाश आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रखंड विकाश पदाधिकारी को लिखित आवेदन दिया गया जिसमें कहा गया है की वित्त वर्ष 2018/19 में पंचम वित्त आयोग मद्य से 4 लाख 88 हजार 800 रुपया की योजना स्वीकृत कराई गई। जिसमें भूटो यादव के घर से अरुण यादव के घर तक पीसीसी ढलाई कार्य करना था। लिखित आवेदन में ग्रामीण ने कहा है की रोड का निर्माण तो नहीं हुआ लेकिन रोड के नाम पर 2 लाख 7 सात हजार रुपयों का अवैध निकासी पंचायत सचिव प्रदीप मंडल, मुखिया और जेईई के मिलीभगत से कर लिया गया। जबकि धकजड़ी वार्ड नंबर 11 में इस रोड का कहीं आता पता नहीं है। इस रोड पर बारिश के मौसम में बड़े-बड़े गड्ढा और कीचर से लोगों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था इस मामले को लेकर कई बार मुखिया सहित संबंधित पदाधिकारी को भी अवगत कराया गया लेकिन इसपर कोई ध्यान नहीं दिया। अब हम सभी ग्रामीण मिलकर के लिखित आवेदन वरीय अधिकारियों को दिए हैं। हम लोग चाहते हैं इस मामले में संलिप्त भ्रष्ट पदाधिकारी पर कानूनी कार्रवाई किया जाए। हालांकि इस मामले को लेकर जब पंचायत सचिव प्रदीप मंडल से बात किया गया तो उन्होंने इधर-उधर घूमते हुए कहा रोड का मरम्मत कार्य 2 लाख 7 हजार रुपए की लागत से पंचम वित्त से हुआ है। जिसका भुगतान भी हो चुका है।

### बीडीओ व पीएचसी प्रभारी ने अल्ट्रासाउंड केन्द्रों का किया जांच



लोकतंत्र की आवाज
सोनवर्षा राज सहरसा संवादाता। प्रखंड क्षेत्र में सहरसा के जिलाधिकारी व सिविल सर्जन के निर्देश गुरूवार को नगर क्षेत्र में संचालित अल्ट्रासाउंड केन्द्रों की जांच बीडीओ अरविंद कुमार व पीएचसी प्रभारी डां लक्ष्मण कुमार द्वारा बुधवार को किया गया। जांच की भनक मिलते ही थाना रोड स्थित चार दिन पूर्व उद्घाटित श्री राधा अल्ट्रासाउंड का संचालक केन्द्र बंद कर फरार हो गया। इस दौरान द्वय पदाधिकारियों द्वारा अगल बगल के दूकानदारों से पुछताछ कर आवश्यक जानकारी जूटाया गया। जिसके बाद दोनों पदाधिकारी द्वारा बीएसएनएल दूरभाष केंद्र के समीप स्थित न्यू सोनवर्षा राज अल्ट्रासाउंड केन्द्र पहुंच कर जांच आवश्यक जांच पड़ताल किया गया। इस दौरान करते हुए विभिन्न पंजी में अनुज्ञप्ति आदेश, बिल पंजी, चिकित्सक का पर्ची, रेडियोग्राफर चिकित्सक का नाम सहित कई अन्य कागजातों की जांच की गई। उक्त बाबत बीडीओ अरविंद कुमार ने कहा की न्यू सोनवर्षा राज अल्ट्रासांड के कागजातों के जांच कुछ खामियां पाई गई है जिसे शिघ्र दूर करने की हिदायत दी गई है।

### भारत-नेपाल सीमा पर 52वीं वाहिनी और एपीएफ नेपाल द्वारा संयुक्त गश्ती अभियान का सफल संचालन



लोक तंत्र कीआवाज
अररिया। 20 फरवरी 2025 को 52वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, अररिया के कमांडेंट महेंद्र प्रताप के नेतृत्व में भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक महत्वपूर्ण संयुक्त गश्ती अभियान चलाया गया। इस अभियान में 52वीं वाहिनी के जवानों ने एपीएफ नेपाल के साथ मिलकर बॉर्डर पीलर संख्या 164/1 से 165 तक गश्त की, जो सीमा पर सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण था। पार्टी कमांडर निरीक्षक मदन लाल ने बताया कि यह गश्ती अभियान नियमित रूप से दोनों देशों के बीच आपसी समन्वय और सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह अभियान पगडंडियों, सड़कों और सीमावर्ती रास्तों से होते हुए सीमा पर अवैध गतिविधियों, तस्करी और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण लगाने में मदद करता है। इसके अलावा, यह दोनों देशों के जवानों के बीच साझा जानकारी और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सहयोग को बढ़ावा देता है। इस गश्ती अभियान में एसएसबी की ओर से मु०आ० संजय मुर्मू, मु०आ० शनील, के०सी० शोभनाथ, आ० चावललित पाँगवांक, रवि शंकर कुमार और राज कुमार छेत्री सहित अन्य जवान शामिल थे, वहीं एपीएफ नेपाल की ओर से निरीक्षक नारंग उपरीती, सा०उप०नि० उमेश मंडल, मु०आ० कृष्णा साही, मु०आ० नवीन गारी, आ० हरका भुजल, आ० संजय चौधरी और आ० शिव कुमार यादव सहित अन्य कार्मिकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

# सहरसा कोशी प्रक्षेत्र के औद्योगिक विकास स्थानीय रोजगार बैजनाथपुर पेपर मील चालू करने की मांग प्रधान मंत्री से आग्रह

लोकतंत्र की आवाज



**रंजीत सक्सेना**
**सहरसा संवादाता।** बताते चले कि कोशी प्रक्षेत्र के अधिकतर गरीबों, बेरोजगार लोगों अन्य प्रदेशों को रोजी व रोटी के लिए पलायन करते हैं। दो वक्त रोटी के लिए मजबूर यह सुविधा अपने क्षेत्र में मिल जाए तो हजारों परिवार को रोजी व रोटी आराम से मिल जाएगा क्षेत्र में रोजगार नहीं मिलने से पलायन विवशता या लाचारी कहे आज तक जो भी चुनाव आया है। सिर्फ बैजनाथपुर पेपर मील चालू होने का जिक्र जरूर हुआ लेकिन सरजमीन पर चालू नहीं हो पाया बड़े बड़े वायदा जरूर किया गया लेकिन सरजमीन हाफ रहा है कई मजदूरों ने अपना पीड़ा व पलायन का विवशता (संवादाता) को बताया आज हम दो वक्त की रोटी पारिवारिक दायित्व भरण पोषण के लिए अन्य प्रदेशों में भटकते हैं। कौन सुनेगा किसको सुनाऊं इसलिए चुप रहते हैं। आज तक ओवरब्रिज निर्माण का सपना साकार नहीं हो पाया कई रेलमंत्री के शिलान्यास के बावजूद बैजनाथपुर पेपर मिल को पुनः चालू करने की मांग को लेकर कोशी विकास संघर्ष मोर्चा ने प्रधानमंत्री से किया आग्रह

कोशी प्रक्षेत्र के औद्योगिक विकास और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोशी विकास संघर्ष मोर्चा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से बैजनाथपुर पेपर मिल, सहरसा को पुनः चालू करने की मांग की है। प्रधानमंत्री जी 24 फरवरी 2025 को बिहार दौरे पर आ रहे हैं, और इस अवसर पर मोर्चा ने इस महत्वपूर्ण मुद्दे को उनके संज्ञान में लाने के लिए एक औपचारिक आवेदन पत्र भेजा है।

संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष श्री विनोद कुमार झा और संरक्षक प्रवीन आनंद ने बताया कि यह कागज मिल कभी सहरसा और आसपास के जिलों के लिए रोजगार का बड़ा केंद्र थी, लेकिन वर्षों से बंद पड़ी होने के कारण हजारों परिवार प्रभावित हुए हैं। सरकार ने जब देशभर में बंद पड़ी औद्योगिक इकाइयों को पुनर्जीवित करने की नीति अपनाई है, तो कोशी क्षेत्र की इस महत्वपूर्ण इकाई को भी पुनः चालू किया जाना चाहिए।

प्रवीन आनंद ने कहा, ₹हमारी सरकार जब आत्मनिर्भर भारत और औद्योगीकरण की दिशा में आगे बढ़ रही है, तो कोशी प्रक्षेत्र को इससे अलग नहीं रखा जा सकता। यदि इस फैक्ट्री को फिर से चालू किया जाता है, तो हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा और बिहार के आर्थिक विकास को भी नई गति मिलेगी। मोर्चा ने प्रधानमंत्री जी से आग्रह किया है कि वे अपने बिहार दौरे के दौरान इस मुद्दे को प्राथमिकता दें और कोशी क्षेत्र के इस महत्वपूर्ण उद्योग के पुनरुद्धार की घोषणा करें।

**मुख्य मांगें:**
1. बैजनाथपुर पेपर मिल के पुनरुद्धार के लिए विशेष पैकेज प्रदान किया जाए।
2. इसे सरकारी या निजी भागीदारी (ढढढ मॉडल) के तहत पुनः संचालित करने की योजना बनाई जाए।
3. क्षेत्र में औद्योगिक विकास और निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष औद्योगिक नीति बनाई जाए।

# फैक्टनेब ने प्रोफेसर विद्यानंद झा को पूर्णिया विश्वविद्यालय इकाई का किया संयोजक नियुक्त



लोक तंत्र कीआवाज

- प्रदेश अध्यक्ष डॉ. शंभू नाथ प्रसाद सिन्हा ने प्रो.झा को पटना में सौंपा नियुक्ति पत्र, दिया बधाई और शुभकामनाएं

**पूर्णिया।** बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. शंभू नाथ प्रसाद सिन्हा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें भगवती मंदिर महाविद्यालय, बरारी, कटिहार के सहायक प्राचार्य प्रोफेसर विद्यानंद झा को फैक्टनेब की पूर्णिया विश्वविद्यालय इकाई का संयोजक नियुक्त किया गया। इस मौके पर डॉ. सिन्हा ने प्रोफेसर झा को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उन्हें बधाई दी और विश्वास जताया कि वे अपने नए दायित्व को निभाते हुए महासंघ के उद्देश्यों को सशक्त बनाएंगे और पूर्णिया विश्वविद्यालय में शिक्षक एवं कर्मियों के हित में निरंतर कार्य करेंगे। प्रोफेसर झा को इस महत्वपूर्ण भूमिका में नियुक्ति मिलने पर महासंघ के सभी सदस्य उनके प्रति अपनी शुभकामनाएं प्रकट कर रहे हैं। प्रोफेसर विद्यानंद झा को संयोजक बनाए जाने पर फैक्टनेब के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. शंभू नाथ प्रसाद सिन्हा और राज्य समिति के सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए प्रोफेसर अरविंद कुमार यादव, विश्वविद्यालय अध्यक्ष, भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, लालू नगर, मधेपुरा ने उन्हें बधाई दी और भविष्य में उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों के लिए शुभकामनाएं दीं। फैक्टनेब को उम्मीद है कि प्रोफेसर झा अपने नये कार्यभार के तहत महासंघ को मजबूती प्रदान करेंगे और पूर्णिया विश्वविद्यालय में शिक्षक एवं कर्मियों की समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# उपभोक्ता विभाग के पदाधिकारी ने गोदाम और मिलों का किया जांच



लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत पात्र लाभुकों को ससमय खाद्यान्न उपलब्ध करवाये जाने की बाध्यता है। साथ ही, पात्र लाभुकों को गुणवत्ता पूर्ण एवं निर्धारित मात्रा पर खाद्यान्न उपलब्ध हो यह भी सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। इसी कड़ी में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी विनोद कुमार तिवारी एवं प्रशन्न कुमार मिश्रा आपूर्ति निरीक्षक खाद्य एवं उपभोक्ता विभाग ने जिला प्रबंधक संतोष कुमार सिन्हा सहित अन्य के साथ जिले के सीएमआर गोदाम, राईस मिलों का भौतिक जांच किया और संबंधित को कई तरह के दिशा निर्देश दिए।

# यूआर कॉलेज रोसड़ा में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन, शिक्षा और संस्कृति के संरक्षण पर हुई चर्चा: डा. घनश्याम राय

लोक तंत्र की आवाज



- 25वीं वर्षगांठ पर महाविद्यालय में विचार गोष्ठी, मातृभाषा में शिक्षा के महत्व पर जोर

**रोसड़ा।** उदयनाचार्य रोसड़ा महाविद्यालय, रोसड़ा, समस्तीपुर में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस विशेष अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम राय की अध्यक्षता में विचार-विमर्श का आयोजन किया गया। डॉ. राय ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान में दुनिया की लगभग 40 प्रतिशत आबादी अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने से वंचित है, और यह आंकड़ा कुछ क्षेत्रों में तो 90 प्रतिशत से भी अधिक है। उन्होंने यह भी बताया कि मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने से न केवल शैक्षिक परिणाम बेहतर होते हैं, बल्कि यह सामाजिक और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण में भी मददगार साबित होती है।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के मैथिली विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रवीण कुमार प्रभंजन ने एक प्रभावशाली आशु कविता का पाठ किया, जिसमें उन्होंने मातृभाषा और मातृभूमि के प्रति अपनी गहरी निष्ठा व्यक्त की। कविता का एक अंश था: ₹हे! हमर मातृभूमि, हे!! हमर मातृभाषा। अर्थशास्त्र विभाग के डॉ. सौरभ कुमार झा ने अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यूनेस्को ने 21 फरवरी 1999 को इस दिन को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के रूप में घोषित किया था, और 2000 में पहला अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। इस साल इस दिवस की 25वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है, जो मातृभाषा के संरक्षण और संवर्धन के लिए वैश्विक प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में डॉ. जाकिर हुसैन, डॉ. उमेश कुमार, डॉ. अमरेश कुमार सिंह, डॉ. अनुराग कुमार, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. बिरेंद्र कुमार, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. कुमार सौरव, डॉ. श्याम सुंदर शर्मा के साथ-साथ प्रधान सहायक हेमकांत ठाकुर, मनोज कुमार, विकेश कुमार, और सुष्मिता कुमारी ने भी अपने विचार साझा किए। सभी ने मातृभाषा के संरक्षण, इसके महत्व और शिक्षा में इसके योगदान पर चर्चा की।

# रेखा गुप्ता का मुख्यमंत्री बनना नारीशक्ति और कार्यकर्ताओं के सम्मान का प्रतीक: नागेश्वर यादव

लोक तंत्र कीआवाज



- नागेश्वर यादव ने रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री बनने पर दी बधाई, कहा- यह बीजेपी के संगठनात्मक सामर्थ्य और महिला शक्ति की जीत है

**नरपतगंज।** दिल्ली में नई कैबिनेट के शपथ ग्रहण समारोह के बाद, नरपतगंज विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख बीजेपी नेता और जिला भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष सह आस्था हॉस्पिटल बथनाहा के मालिक नागेश्वर यादव ने कहा कि दिल्ली में 'आप' पार्टी के एक दशक के शासन के बाद अब बदलाव की बयार बह रही है। इस बार दिल्ली में रेखा गुप्ता के रूप में एक ऐसी मुख्यमंत्री का आगमन हुआ है, जिन्होंने संगठन, शासन और समाज तीनों स्तरों पर कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बनाई है।

नागेश्वर यादव ने कहा कि रेखा गुप्ता ने अपनी राजनीतिक यात्रा की शुरुआत दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रसंघ में महासचिव और अध्यक्ष के रूप में की थी, जहां उन्होंने छात्रहित के लिए काम किया। इसके बाद उन्होंने पार्टी के युवा मोर्चा, दिल्ली प्रदेश महिला मोर्चा और राष्ट्रीय महिला मोर्चा में संगठनात्मक दायित्वों को निभाया और दो बार निगम पार्षद भी रही हैं।

उनकी सफलता और राजनीति में योगदान को लेकर यादव ने कहा कि रेखा गुप्ता की पारिवारिक पृष्ठभूमि गैर-राजनीतिक रही है, लेकिन फिर भी उन्होंने बीजेपी के प्लेटफार्म से अपने संघर्ष और समर्पण से इस उच्च पद तक अपनी यात्रा पूरी की। यह केवल बीजेपी के संगठनात्मक सामर्थ्य और महिला शक्ति की जीत है।

नागेश्वर यादव ने यह भी कहा कि रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री बनने से दिल्ली में अब डबल इंजन सरकार का नेतृत्व होगा और इससे राजधानी में तेज़ी से विकास होगा। उन्होंने कहा, ''आज हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, दिल्ली में विकास की गति दोगुनी होगी, और यह सरकार विश्वास, विकास और प्रगति की दिशा में काम करेगी।'' इस प्रकार, रेखा गुप्ता का मुख्यमंत्री बनना न केवल बीजेपी के कार्यकर्ताओं और नारीशक्ति की जीत है, बल्कि यह दिल्ली के विकास की नई दिशा का प्रतीक भी है।

# पूर्व संकायाध्यक्ष प्रो. विनय कुमार चौधरी को डॉ. सुधांशु शेखर ने भेंट की अपनी पुस्तकें

लोक तंत्र कीआवाज



**मधेपुरा।** अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुधांशु शेखर ने अपने दो महत्वपूर्ण कृतियों सामाजिक न्याय : अंबेडकर-विचार और आधुनिक संदर्भ (2014) और गांधी-विमर्श (2015) को महाविद्यालय के मानविकी संकाय के पूर्व अध्यक्ष प्रो. विनय कुमार चौधरी को भेंट किया। इस मौके पर हिंदी विभाग, पीजी सेंटर, सहरसा के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सिद्धेश्वर काश्यप भी उपस्थित रहे।

प्रो. विनय कुमार चौधरी ने डॉ. शेखर को बधाई दी और उनसे लेखकीय सक्रियता बनाए रखने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अकादमिक योगदान समाज में सोच और समझ को नया दिशा प्रदान करते हैं।डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि इन दोनों पुस्तकों के अलावा उनकी दो अन्य पुस्तकें भूमंडलीकरण और मानवाधिकार (2017) और गांधी, अंबेडकर और मानवाधिकार (2024) भी प्रकाशित हो चुकी हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस साल उनके द्वारा एक और पुस्तक हिंद स्वराज का दर्शन (2025) प्रकाशित होने वाली है।

'गांधी-विमर्श' में लेखक ने गांधी जी की दृष्टि से विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों जैसे 'राष्ट्र', 'सभ्यता', 'धर्म', 'राजनीति', 'स्वराज', 'शिक्षा', 'दलित', 'स्वास्थ्य', 'पर्यावरण', 'विकास', और 'भूमंडलीकरण' पर विचार किया है। पुस्तक का उद्देश्य है कि गांधी जी के दृष्टिकोण से इन सवालों के समाधान को समझा जाए, चाहे वह धर्म, राजनीति, शिक्षा या प्रौद्योगिकी का मामला हो।

वहीं, 'सामाजिक न्याय : अंबेडकर-विचार और आधुनिक संदर्भ' में डॉ. शेखर ने सामाजिक न्याय को अंबेडकर की दृष्टि से प्रस्तुत किया है। इस पुस्तक में अंबेडकर के विचारों को विभिन्न खंडों में विभाजित किया गया है, जिसमें स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, धम्म, शिक्षा, ब्राह्मणवाद, पूंजीवाद, दलित मुक्ति, स्त्री सशक्तिकरण और मानवाधिकार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई है। ये पुस्तकें न केवल अंबेडकर और गांधी विचारधारा के अनुसरण करने वाले शिक्षकों और शोधार्थियों के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि सामान्य पाठकों के लिए भी अत्यधिक उपयोगी हैं।

# सिमरी बख्तियारपुर: दो खिलाड़ी का चयन नेशनल प्रतियोगिता के लिए किया गया है

लोकतंत्र की आवाज



**चन्दन कुमार पासवान**
**सिमरी बख्तियारपुर /सहरसा ।** सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड के दो खिलाड़ी का चयन नेशनल प्रतियोगिता के लिए किया गया है। यह खिलाड़ी 37 वा जूनियर नेशनल नेटबॉल चैम्पियनशिप हरियाणा के भिवानी में आगामी 23 फरवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 तक होगा। टीम को पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से माननीय महानिदेशक रविन्द्र संकरण एवं बिहार राज्य नेटबॉल के महासचिव संतोष कुमार सिंह ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए बधाई देकर टीम को रवाना किए।

जिसमें सहरसा जिला से अदिति, पिता अजय कुमार राय, ग्राम मोहनपुर एवं अंजलि कुमारी पिता नविन्दर मिश्र, ग्राम खजूरी प्रखंड सिमरी बख्तियारपुर के हैं। मौके पर नेटबॉल के सचिव सह शारीरिक शिक्षक मध्य विद्यालय मोहनपुर के राजकिशोर गुप्ता, जिलाध्यक्ष आनंद झा, संरक्षक प्रमोद कुमार झा , कोषाध्यक्ष ब्रजेश, सह संयुक्त सचिव ई .राजेश यादव, पुनीता कुमारी आदि ने बच्चों को बधाई दी है। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार चौधरी, शारीरिक शिक्षक शशि भूषण, मनोरंजन सिंह, शैलेश झा, विकास भारती, प्रणव प्रेम, जितेंद्र कुमार , मनीष खा, मुकुंद माधव आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# मदरसा के छात्रों को खिलाई गई फाइलेरिया की दवा

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवादाता।** फाइलेरिया जैसे गंभीर रोग से बचाव के लिए जिले में सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम के तहत गुरुवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार के नेतृत्व में हेड मौलवी और मौलवी की उपस्थिति में मदरसा के छात्रों को फाइलेरिया को दवा खिलाई गई। जिसके तहत जिले में संचालित 21 सरकारी और निजी मदरसों में फाइलेरिया रोधी दवा डीईसी, एल्बेंडाजोल और आइवरमेक्टिन का सेवन कराया गया। उक्त अभियान के तहत मदरसा में लक्षित कुल 5,918 छात्रों और 95 शिक्षकों को दवा खिलाना गया।

कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के जिला कार्यक्रम प्रबंधक उज्जवल कुमार की अहम भूमिका रही। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी उज्ज्वल कुमार ने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर रोग है। जिससे बचाव के लिए सर्वजन को दवा का सेवन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि दवा खाली पेट न लें। मध्यान्ह भोजन के बाद ही इसका सेवन करें। बता दें कि 2 से 5 वर्ष तक के बच्चों को डीईसी और एल्बेंडाजोल की एक-एक गोली खिलाई जा रही है। वही 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को डीईसी की दो और एल्बेंडाजोल की एक गोली खिलाई गई। जबकि 14 वर्ष या अधिक उम्र के लोगों को डीईसी की तीन और एल्बेंडाजोल की एक गोली खिलाई गई थी। वही आइवरमेक्टिन की दवा लंबाई के अनुसार दी जा रही थी। गर्भवती महिलाओं, दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को यह दवा नहीं खिलाई जाएगी।

उन्होंने आगे बताया कि फाइलेरिया मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलने वाला परजीवी जनित रोग है। इसके लक्षण धीरे-धीरे विकसित होते हैं। जिनमें बुखार, शरीर में खुजली, सूजन, हाथीपांव और अंडकोषों की सूजन प्रमुख हैं। इससे बचाव के लिए हर साल सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम चलाया जाता है। पीरामल टीम और स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग की पहल से यह अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया गया। जिसमें मदरसों के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को कवर किया गया था।

## संक्षिप्त खबरें ।

### रांची में सरेआम महिला से डेढ़ लाख की लूट, बच्चे के स्कूल एडमिशन के लिए बैंक से निकाले थे पैसे



लोक तंत्र कीआवाज

रांची। राजधानी रांची के धुर्वा इलाके में शुक्रवार को सरेआम महिला से डेढ़ लाख रुपये की लूट हुई है। महिला अपने देवर के साथ बैंक से रुपये निकालकर घर जा रही थी तभी बाइक सवार बदमाशों ने महिला से डेढ़ लाख रुपये लूट लिये और मौके से फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, बिंदू देवी नाम की महिला अपने देवर के साथ धुर्वा स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के ब्रांच आई थी और बाहर निकलने के बाद बदमाशों ने बैंक से निकाले रुपये लूट लिये। ये पैसे बिंदू देवी अपनी बेटी के स्कूल एडमिशन के लिए निकालने आई थी। बैंक से रुपये निकालने के बाद घात लगाये बैठे बदमाश रुपये लूटकर फरार हो गये।

### सड़क हादसे में छात्रा का दर्दनाक मौत



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख

बरहरवा। बरहरवा थाना क्षेत्र के फुटानीमोड़ के पास शुक्रवार शाम को भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में एक छात्रा का दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि एक चिमनी ईंट भट्ठा से ट्रैक्टर से ईंट लोड कर तेज रफ्तार से अब्राटोला की ओर जा रहा था। इस दौरान एक बच्ची कोचिंग में पढ़ने जा रही थी। इस बीच ट्रैक्टर के चपेट में आ गया। जिससे घटनास्थल में मौत हो गया। गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। उधर, घटना की सूचना मिलने पर बरहरवा थाना प्रभारी दलबल के साथ घटनास्थल पहुँच गए। स्थिति बिगड़ता देख राधानगर, रांगा, कोटालपोखर,तीनपहाड़ थाना पुलिस मौके पर पहुँच गए। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाबुझा कर जाम को समाप्त किया। वही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु राजमहल भेज दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गए हैं।

### अगले महाकुंभ में गंगा की स्थिति क्या और कैसी होगी



लोकतंत्र की आवाज
विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ )


गिरिडीह, झारखंड। अभी हाल ही में कुछ दिनों पहले आज तक समाचार चैनल पर यह बताया जा रहा था कि अगला महाकुंभ मेला 144 वर्षों बाद जब लगेगा तब तक गंगा लगभग सूख चुकी होगी क्यों ? क्या आपने कभी सोचा है ! कि हम व्यक्तिगत रूप से पर्यावरण की रक्षा के लिए क्या कर सकते हैं क्यों गंगोत्री ग्लेशियर पिघलती जा रही है संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 87 वर्षों में ग्लेशियर 1700 मी तक पिघल चुका है ग्लोबल वार्मिंग जो मानवता निर्मित है उसमें वनों की कटाई है खनन मवेशी पालन जीवाश्म ईंधन जलाना छोटा लेकिन गंभीर उदाहरण साथ ही साथ आपको यह भी पता होगा कि पंजाब एवं हरियाणा में धान की कटाई के बाद बचे अवशेषों को जला दिया जाता है तथा इससे निकलने वाला धुआं दिल्ली में रहने वालों की स्थिति खराब कर देती है इन सबों से बचने के लिए हम में से प्रतीक को अपनी अपनी उन आदतों को उन्नत करना है जिससे कि हम किसी भी प्रकार से पर्यावरण की किसी न किसी प्रकार से रक्षा कर सकते हैं शेष अगले अंक में।

# झारखंड मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले में भाजपा नेता का पुत्र गिरफ्तार 350 रु. में प्रश्नपत्र बिकने की बात सामने आयी

लोक तंत्र कीआवाज

झारखंड प्रभारी निशांत तिवारी

**रांची।** झारखंड में मैट्रिक बोर्ड के हिंदी और विज्ञान के पेपर लीक कराने के मामले में पुलिस ने कोडरमा जिले के मरकच्चो निवासी स्कूल–कोचिंग संचालक प्रशांत कुमार साव को गिरफ्तार किया है। वह भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय नेता प्रकाश साहा का पुत्र है। इसके अलावा, दो छात्रों को भी हिरासत में लिया गया है।



प्रशांत मरकच्चो प्रखंड के जामू में एक प्राइवेट स्कूल और कोचिंग सेंटर चलाता है। उससे पूछताछ चल रही है। प्रशांत ने पुलिस को बताया है कि उसे मरकच्चो निवासी प्रिंस राणा नामक छात्र ने प्रश्न पत्र उपलब्ध कराया था। प्रिंस मूक–बधिर है, जो खुद इस बार परीक्षा में शामिल होने वाला था। प्रिंस अपने पिता इंद्रदेव विश्वकर्मा और मां आरती देवी के साथ इलाज के लिए बेंगलुरू गया है।

**ट्रेन छूट जाने की वजह से परीक्षा में नहीं हो सका शामिल :** बताया जा रहा है कि बेंगलुरू से वापस आने वाली ट्रेन छूट जाने की वजह से वह परीक्षा में शामिल नहीं हो पाया। पुलिस ने प्रिंस के घर पर दबिश दी तो वहां उसकी दादी और छोटा भाई गौतम मिला।

**प्रश्नपत्र एक व्हाट्सएप ग्रुप में मात्र 350 रुपए में बेचे गए :** प्रश्नपत्र एक व्हाट्सएप ग्रुप में मात्र 350 रुपए में बेचे गए थे। इस ग्रुप के एडमिन प्रिंस ही है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) बोर्डएग्जामिनेशन से यह व्हाट्सएप ग्रुप हाल में बनाया गया था। इस ग्रुप से जुड़ने के लिए छात्रों को लिंक भेजे गए थे। इस ग्रुप में एक हजार से ज्यादा लोग जुड़े थे।

**प्रश्न पत्र के बदले क्यूआर कोड से मांगा गया था 350 रुपये :** ग्रुप से जुड़ने के बाद प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने के बदले क्यूआर कोड से 350 रुपए मांगे गए थे। प्रश्नपत्र के पीडीएफ को अनलॉक करने के लिए पासवर्ड बनाया गया था। जिन लोगों ने रुपए का भुगतान किया, उन्हें पासवर्ड उपलब्ध कराया गया था। गुरुवार को पहली पाली में जब 9.45 बजे सुबह विज्ञान के पेपर बंटे, तो यह पहले से वायरल प्रश्नपत्र से हूबहू मिल गया। इसके बाद हिंदी और विज्ञान दोनों विषयों की परीक्षा रद्द कर दी गई है।

**कई अन्य जिलों में भी प्रश्न पत्र लीक होने की सूचनाएं :** गिरिडीह, गढ़वा और पूर्वी सिंहभूम जिले में भी प्रश्न पत्र लीक होने की सूचनाएं मिली थीं। इन तीनों जिलों में भी उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक मामले की जांच में जुटे हैं। गढ़वा में कई लोगों से पूछताछ की गई है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने इन सभी जिलों के उपायुक्तों से शुक्रवार तक जांच रिपोर्ट मांगी है।

## ट्रेक्टर की चपेट में आने से एक स्कूली 10 वर्षीय बच्ची की मौत





लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख

**बरहरवा।** थाना क्षेत्र के मिर्जापुर फुटानी मोड एन एच 80 चेकना के पास अनियमित ट्रेक्टर से कुचल कर 10 बष? की बच्ची की मोत हो गई आवराटोला निवासी कुरवान सेख की पुत्री साहिना परवीन जीनियस नैशनल स्कूल से घर जा रही थी इसी क्रम मै ट्रेक्टर से उसकी मोत हो गई ।

इस दौरान आक्रोशित ग्रामीण ने कफि हो हागमा मचाई चुचना मिलते ही बरहरवा थाना प्रभारी सुमीत कुमार सिंह ने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर भीड को नियंत्रित कर मृतक बच्ची को पोस्टमार्टम के भेज दिए प्रत्यक्षदशशीयो ने बताया की ट्रेक्टर मिर्जापुर के नाजिर सेख के ट्रेक्टर संख्या जे एच 18 एन 6109 कुचल कर ही बच्ची की मोत हुआ है जिसे ट्रेक्टर को पुलिस ने अपने कब्जे मै लेकर छानबीन की जा रही है।

## बिष्णुगढ़ के मैट्रिक परीक्षा केंद्रों का बीडीओ ने किया निरीक्षण



लोकतंत्र की आवाज

घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

**हजारीबाग (झारखंड)।** बिष्णुगढ़ प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में संचालित मैट्रिक परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने गुरुवार को कहा कि मेरे प्रखंड में सभी विद्यार्थी आत्मविश्वास से परीक्षा दे रहे हैं और कहीं कदाचार करते नहीं दिखे इस दौरान शांतिपूर्ण परीक्षा कराने के लिए परीक्षा केंद्रों का घूम–घूम कर बीडीओ ने निरीक्षण किया ताकि कहीं से ना किसी तरह का बच्चों को कोई परेशानी नहीं हो और ना बच्चे कदाचार कर पावें इस दौरान बाल विकास के लिपिक महेश प्रसाद भी मौजूद थे।

## पूजा सिंघल पोस्टिंग मामला: ईडी की याचिका खारिज, पीएमएलए कोर्ट ने कहा-पोस्टिंग पर रोक का अधिकार नहीं

लोक तंत्र कीआवाज

**रांची ।** मनी लॉन्ड्रिंग की आरोपी आईएएस पूजा सिंघल की किसी विभाग में पोस्टिंग पर रोक लगाने की मांग वाली ईडी की याचिका रांची के पीएमएलए कोर्ट ने खारिज कर दी है। कोर्ट ने इस याचिका पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और सुनवाई पूरी होने के बाद 17 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था।



पीएमएलए कोर्ट ने आज शुक्रवार को सुनाए गए फैसले में माना है कि पोस्टिंग करने या न करने का अधिकार राज्य सरकार का है। इसमें कोर्ट की ओर से दखल नहीं दिया जाएगा। ईडी ने अपनी याचिका में दलील दी थी कि पूजा सिंघल मनरेगा घोटाले से अवैध कमाई करने से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग के केस में ट्रायल फेस कर रही हैं।

जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद झारखंड सरकार ने उन्हें निलंबन मुक्त कर दिया है। अगर सरकार उन्हें किसी विभाग में पोस्टिंग देती है, तो वह केस से जुड़े सबूतों को प्रभावित कर सकती हैं। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का भी हवाला दिया गया था।

**ईडी ने पोस्टिंग पर रोक लगाने की थी मांग :** एजेंसी ने अदालत से मांग की थी कि उन्हें किसी भी विभाग में पदस्थापित करने पर रोक लगाई जाए। ईडी की इस याचिका पर पूजा सिंघल के वकील ने उनका पक्ष रखा। झारखंड के खूंटी जिले में मनरेगा घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में करीब 28 महीने तक जेल में बंद रहने के बाद पूजा सिंघल को सितंबर 2024 में पीएमएलए कोर्ट से जमानत मिली थी। उन्हें भारत नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 (बीएनएसएस 2023) के एक प्रावधान के तहत राहत मिली थी, जिसमें प्रावधान है कि अगर कोई आरोपी लंबे समय से जेल में बंद है और उसने उस मामले में दी जाने वाली कुल सजा की एक तिहाई अवधि जेल में बिता ली है, तो उसे जमानत दी जा सकती है।

**पूजा सिंघल आईटी और ई–गवर्नेंस विभाग की सचिव बनीं :** कोर्ट ने दो–दो लाख रुपये के निजी मुचलके और पासपोर्ट जमा करने की शर्त पर जमानत दी थी। जमानत मिलने के बाद 21 जनवरी को राज्य सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग ने उन्हें निलंबन मुक्त किया था। 19 फरवरी को राज्य सरकार ने पूजा सिंघल को सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग के सचिव के पद पर पदस्थापित किया है। उन्हें झारखंड कम्युनिकेशन नेटवर्क लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी का भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## बिष्णुगढ़ के रमुवा में सांसद मद से बने पेभरब्लोक पथ का उदघाटन किया गया

- अब नागरिकों को आने-जाने में सहुलियत होगी

लोकतंत्र की आवाज

घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

**हजारीबाग (झारखंड)।** विष्णुगढ़ प्रखंड में बेड़ा हरीयारा पंचायत के ग्राम रमुवा में सांसद निधि से निर्मित छोटन साव के घर से कोमल साव के तक की पेबरब्लॉक पथ का शुभ उद्घाटन रविंद्र कुमार बरनवाल की गरिमामय उपस्थिति में विष्णुगढ़ प्रखंड के सम्मानित सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संपन्न किया गया ।



कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल प्रभु प्रसाद विश्वकर्मा शंभू नाथ पांडेय अंजू देवी गायत्री देवी सुनील अकेला अनूप कसेरा राजू श्रीवास्तव गौतम भारती शशि लहकर अनुभव भारती सुखदेव प्रसाद मंडल राजेश सोनी कन्हैया यादव झल्लू पंडित गोवर्धन महतो द्वारका साव संतोष साव भीमा प्रसाद गुप्ता सुरेश बर्मन रतनलाल साहू संतोष कसेरा अरविंद लहकर प्रवीण कुमार महतो कुंदन कुमार वर्मा संदीप लहकर मुन्ना सिंह यदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## हंसडीहा थाना क्षेत्र में ट्रक और स्कूटी में जोरदार टक्कर; एक की मौत दूसरा घायल

लोक तंत्र कीआवाज

**हंसडीहा(दुमका)।** हंसडीहा थाना क्षेत्र के दुमका भागलपुर मुख्य मार्ग पर नोनीहाट मुरको नदी पुल के समीप शुक्रवार को स्कूटी व ट्रक में हुई जोरदार टक्कर से एक की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई वहीं दूसरा गंभीर रूप घायल हो गया। बताते चलें कि ट्रक पुल के नजदीक में ट्रक खड़ा था,




स्कूटी सवार दुमका की ओर से हंसडीहा की ओर जा रहा था। हंसडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत नोनीहाट चंद्रदीप मुरको नदी पुल के समीप स्कूटी सवार ने ट्रक के पिछले हिस्से में जोरदार टक्कर मार दी जिसमें स्कूटी सवार दो व्यक्तियों में से एक की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना की जानकारी हंसडीहा थाना को मिलते ही हंसडीहा थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायल व्यक्ति को उपचार के लिए फूलों झानों मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका भेज दिया। साथ ही ट्रक और स्कूटी को अपने कब्जे में लिया। स्कूटी का निबंधन संख्या (खल़04अअ1853) व ट्रक का निबंधन संख्या (खल़12ख3945) हैं।खबर लिखें जाने तक किसी की पहचान नहीं हो पाई थी।

## हजारीबाग: विस्थापन एवं पर्यावरण असंतुलन के मुद्दे पर भाकपा ने किया एलान

- 24 मार्च को करेगा झारखंड विधानसभा सभा का घेराव

लोकतंत्र की आवाज

घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

**हजारीबाग (झारखंड)।** हजारीबाग के पुर्व सांसद सह भाकपा के वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने प्रेसवार्ता कर बताया है कि हजारीबाग सहित पुरे झारखंड के लिए विस्थापन की समस्या बढ़ती चली जा रही है कोल खनन कम्पनियों के द्वारा लगातार जमीन का अधिग्रहण कर खनन किया जा रहा जिससे विस्थापितों की संख्या में लगातार



इजाफा हो रहा है साथ ही इनके द्वारा सड़क मार्ग से ढुलाई का काम किया जा रहा है जिससे पर्यावरण असंतुलित हो रहा है बिमारीयों में इजाफा हो रहा है इन्हीं समस्या को लेकर 22 फरवरी को प्रेस क्लब रांची में एक सेमिनार का आयोजन हो रहा है जिसमें झारखंड के सभी जिलों से लोग भाग लेंगे तथा 24 मार्च को विधानसभा का घेराव किया जायेगा जिसमें हजारों की संख्या में लोग सामिल होंगे ।

## दुमका: मध्याह्न भोजन का एस.एम.एस. नहीं करने वाले विद्यालयों पर होगी करवाई : बीईईओ जामा

लोक तंत्र कीआवाज

**जामा(दुमका)।** मासिक गुरू गोष्ठी एवं सी.आर.पी. को निर्देशित करने के वावजूद भी कई विद्यालयों द्वारा मध्याह्न भोजन का एस.एम.एस. नियमित रूप से नही किया जा रहा है इस पर संज्ञान लेते हुए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुधा कुमारी ने पत्र जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।



प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुधा कुमारी ने बताया कि लगातार सूचना प्रेषित करने के बाद भी मध्य विद्यालय विराजपुर, मध्य विद्यालय पंचरुखी, मध्य विद्यालय ऊर बहाल प्राथमिक विद्यालय नकटी परगाडीह एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुरूम टांड़ द्वारा मध्यान भोजन योजना का एसएमएस नहीं किया जा रहा है जो अत्यन्त खेदजनक है।

ज्ञातव्य हो जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा इसकी समीक्षा नियमित रूप से की जा रही है। जिसमें कुछ विद्यालय द्वारा लापरवाही बरतने की बात सामने आई है। मध्याह्न भोजन योजना सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है जिसका अनुपालन माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किया जाता है।

इस मामले में जिन विद्यालयों के द्वारा एस.एम.एस. नहीं किया गया है वे स्पष्ट मन्तव्य के साथ अपना स्पष्टिकरण प्रस्तुत करेगें कि किन परिस्थितियों में आपके द्वारा एस.एम.एस. नहीं किया गया है। संतोषजनक जवाब नहीं होने पर आपका वेतन मानदेय स्थगित कर दिया जाएगा।

# इंडिया गठबंधन की बड़ी तैयारी के संकेत देश की राजनीति में अब आएगा तूफान

लोक तंत्र कीआवाज

**रायबेली।** नेता विपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को रायबरेली में एक सनसनीख़ेज खुलासा कर दिया. उन्होंने कहा यदि बसपा लोकसभा चुनाव में उनके साथ मिल कर लड़ती तो उत्तर प्रदेश में भाजपा का सफाया तय था. उन्होंने कहा, पता नहीं क्यों मायावती चुनाव लड़ने को लेकर उदासीन रूख अपनाए हैं. राहुल गांधी के इस खुलासे से देश की राजनीति में तूफान आने के संकेत हैं।

राहुल गांधी ने यह बात तब कही, जब एक दलित युवक ने उनसे कांशीराम और मायावती के बारे में पूछा. उसने कहा था, कि दलितों के हालात तब बदले जब बहन मायावती सत्ता में आईं. इसके बाद राहुल गांधी ने उससे कहा, कि चुनाव के पूर्व हमने उनसे इंडिया गठबंधन में आने को कहा था. यदि ऐसा होता तो हमारे लिए सत्ता की डगर आसान होती।

**योगी सरकार का नगाड़ा:** उत्तर प्रदेश में दो साल बाद: विधानसभा चुनाव होने हैं. कुंभ की सफलता और विधानसभा उप चुनावों में जीत का नगाड़ा बजा कर योगी आदित्यनाथ सरकार इसकी तैयारी कर चुकी है. लेकिन अब राहुल गांधी द्वारा मायावती को चुनाव के प्रति उदासीन बताना इस बात का संकेत है, कि गठबंधन न हो पाने की स्थिति में दलित वोटर अपनी लाइन तय करे। हालांकि अभी तक कभी ऐसा नहीं हुआ जब बीजेपी के खिलाफ उत्तर प्रदेश में सपा, बसपा और कांग्रेस मिल कर लड़ी हों. अलबत्ता 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा–बसपा और 2025 में सपा और कांग्रेस मिल कर लड़ी थीं. विधानसभा में सपा और बसपा ने 1993 का चुनाव मिल कर लड़ा था. तब उत्तर प्रदेश में सपा सुप्रीमो मुलायम सिंह की सरकार बनी थी. इसके बाद 1996 में बसपा और कांग्रेस ने साथ चुनाव लड़ा था।

**गठबंधन का फायदा भी मिलता रहा:** 1996 के विधानसभा चुनाव में मायावती को लग गया था कि कांग्रेस के साथ मिल कर लड़ना उनके लिए फ़ायदेमंद नहीं रहा. बड़ी पार्टी छोटे दलों का वोट बैंक छीन सकती है. इसके बाद मायावती ने कांग्रेस से दूरी बना ली. 2017 में सपा और कांग्रेस ने विधानसभा में फिर हाथ मिलाया. तब बसपा को 19 सीटें मिली थीं. सत्तारूढ़ सपा को मात्र 47 सीटें हासिल हो पाई थीं तथा उसकी सहयोगी कांग्रेस को केवल 7 सीटें हासिल हुईं. जबकि बीजेपी के एनडीए गठबंधन को 312 सीटें. 2022 के विधानसभा चुनाव में सभी विपक्षी दल अलग–अलग मैदान में उतरे. इस चुनाव में फिर से बीजेपी का परचम तो लहराया मगर उसकी सीटें काफ़ी कम हुईं. कुल 255 सीटों पर उसे संतोष करना पड़ा।

**2022 में सपा को फायदा:** इसके विपरीत राष्ट्रीय लोकदल तथा कुछ अन्य दलों से गठजोड़ करने का लाभ सपा को मिला. उसे 111 सीटें मिलीं. कांग्रेस और बसपा सभी सीटों पर अकेले लड़ीं. दोनों को क्रमशः दो और एक सीट मिली. देश की राजनीति में उत्तर प्रदेश का अखाड़ा बहुत शक्तिशाली है. कहा जाता है, कि यूपी के रास्ते ही प्रधानमंत्री आता है. इसीलिए उत्तर प्रदेश के संदर्भ में राहुल गांधी का यह धमाकेदार बयान तब आया जब वे अपने लोकसभा क्षेत्र



रायबरेली के दो दिवसीय दौरे पर हैं. दरअसल उत्तर प्रदेश में बीजेपी के सफाए का ब्लू प्रिंट बनाने वाले अखिलेश यादव का फोकस लखनऊ ही है. उन्हें केंद्र में सरकार बनाने अथवा प्रधानमंत्री बनने की कोई हड़बड़ी नहीं है. उनका पूरा ध्यान उत्तर प्रदेश पर है।

**मायावती को घेरने की कवायद :** दो दिन पहले कांग्रेस नेता उदित राज ने बयान दिया था, कि मायावती ने दलितों का गला घोंटा है. इसलिए अब मायावती का गला घोंटने का समय आ गया है. इसके बाद अखिलेश यादव सपा की मुलायम सिंह यादव सरकार में मंत्री रहे चौधरी यशपाल सिंह की पोती की शादी में सहारनपुर गए थे. वहाँ भारतीय किसान यूनियन (इडव) के नेता राकेश टिकैत से उनकी गुफ्तगू हुई।

बताया जाता है, तब अखिलेश यादव ने उनसे कहा था, कि अगर 2024 में मायावती उनके साथ होतीं तो भाजपा को वे शून्य पर पहुँचा देते. इस तरह उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनाव में विपक्ष की रणनीति का खुलासा कर दिया था. यह मायावती को चारों टाएरफ से घेर लेने की क़वायद है. अब बसपा कब तक भाजपा के विरुद्ध आमने–सामने की लड़ाई लड़ने से कतराती रहेंगी!

**राहुल गांधी ने खोले पत्ते:** गुरुवार को राहुल गांधी राय बरेली शहर में स्थित मूल भारती आवासीय विद्यालय पहुंच गए, जहां छात्रावास में उन्होंने छात्रों से संवाद किया. वहीं पर एक दलित छात्र के सवाल जवाब में उन्होंने यह कहा. प्रदेश विधान सभा चुनाव के दो वर्ष पहले शुरू हुई विपक्ष की इस सुगबुगाहट से यह तो पता चलता ही है कि इस बार सत्तारूढ़ भाजपा को घेरने के लिए विपक्षी दलों ने अपनी गोटें बिछनी शुरू कर दी हैं. राहुल गांधी राय बरेली में दो दिन रुकेंगे. उन्होंने लखनऊसे सड़क मार्ग से यह यात्रा की. उन्होंने चुरूवा के हनुमान मंदिर पहुंच कर पूजा–अर्चना भी की. वहाँ से वे बछरावाँ होते हुए राय बरेली पहुंचे. बछरावाँ में उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं के बीच बूथ मैनेजमेंट को संभालने का सुझाव दिया।

**भारी पड़ सकती है मायावती की उदासीनता:** शहर में मूल भारती विद्यालय में उन्होंने स्पष्ट कहा, कि लोकसभा चुनाव के पूर्व उन्होंने मायावती को इंडिया गठबंधन में आने का न्योता दिया था. पहली बार विपक्षी गठबंधन के किसी बड़े नेता ने यह खुलासा किया. चुनाव लड़ने में बसपा की यह उदासीनता मायावती को भारी पड़ सकती है. अभी भी उत्तर प्रदेश में दलित वोट बैंक मायावती के पास है.

**पीडीए फार्मूला हिट रहा :** अखिलेश यादव का पीडीए फ़ार्मूला हिट हो गया था. इसके बाद हर रैली में राहुल गांधी द्वारा संविधान बचाओ का आ''ान करना भी. जब राहुल गांधी लोगों को संविधान की प्रति दिखाते तब डइउ और दलितों के बीच यह आवाज़ घर कर गई कि भाजपा को वोट करने का अर्थ अपना आरक्षण खो देना. इसी वजह से अयोध्या जैसी सामान्य सीट से दलित प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को जीत मिली. सपा ने इस चुनाव में 37 सीटें जीतीं. नगीना लोकसभा सीट निर्दलीय उम्मीदवार चंद्रशेखर आज़ाद ने जीत ली. वे दलित हैं और मायावती के प्रतिद्वंदी बन कर उभार रहे हैं।

**बसपा के ग्राफ में तेजी से गिरावट:** आज़ाद के पास अभी कोई संगठन नहीं है और इसके बावजूद वे इस सुरक्षित सीट पर भारी पड़ गए. अभी एक दशक पहले तक बसपा राष्ट्रीय पार्टी हुआ करती थी. परंतु आज उसका हाल यह है कि उत्तर प्रदेश में भी उसकी मान्यता ख़तरे में पड़ गई है. लोकसभा में उसका कोई सदस्य नहीं है और विधानसभा में मात्र एक सदस्य है. इस तरह की भारी गिरावट से लगता है कि अगर बसपा ने अपनी रणनीति न बदली तो आने वाले दिनों में वह अतीत की पार्टी बन कर रह जाएगी। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का सफ़ाया 1989 से हो गया था. पिछले 36 वर्ष से उसके नेता राज्य की सत्ता से बाहर हैं. 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में उसकी बुरी गत हुई थी. परंतु इंडिया गठबंधन बनाने के कारण उसे उत्तर प्रदेश में आशातीत सफलता मिली. ऐसे में मायावती को भी सबक़ लेना चाहिए।

**खिसक रहा है बसपा का वोट बैंक:** तीन बार उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री रहीं मायावती को सोचना तो पड़ेगा कि क्यों आख़िर वे विपक्षी दलों से तालमेल बिठाने में असफल रहती हैं. जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने सपा से गठबंधन किया था और लोकसभा की 10 सीटें जीत ली थीं. उनकी सहयोगी सपा को सिर्फ़ पांच सीटों पर संतोष करना पड़ा था. मायावती अपने बूते सिर्फ 2007 में राज्य की सत्ता में आ सकीं. शेष हर बार उन्हें भाजपा से चुनाव बाद सहयोग की राजनीति करनी पड़ी. इसमें कोई शक नहीं कि लंबे अरसे तक दलितों में उनकी पकड़ पुख्ता रही और आज भी है. लेकिन अल्पसंख्यक वोट उन्हें भरोसेमंद साथी नहीं मानता. आज उत्तर प्रदेश में मुस्लिम वोट कांग्रेस की तरफ़ खिसक लिया है और अकेले दलित वोट से चुनाव जीता नहीं जा सकता।

**सिर्फ जाटव वोट बचे:** उत्तर प्रदेश में बसपा का मुस्लिम चेहरा नसीमुद्दीन सिद्दीकी कांग्रेस में चले गए हैं. बाबू मुनकाद अली पर मायावती की तलवार लटकी ही रहती है. 2019 का लोकसभा चुनाव अमरोहा से दानिश अली ने जीता था. किंतु मायावती ने उन्हें पार्टी से निकाल दिया. वे अब कांग्रेस में हैं. दलितों में जाटवों के सिवाय अन्य समुदायों पर भी बसपा की पकड़ ढीली पड़ती जा रही है. उनके कई प्रदेश अध्यक्ष आज सपा में हैं. जाटवों में चंद्रशेखर आज़ाद जिस तरह उभर रहे हैं, उससे लगता है कि यह वोट बैंक कब तक साथ रहेगा. ऐसे में राहुल गांधी ने मायावती पर वार कर लड़ाई की शुरुआत तो कर दी है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### दिल्ली की सीएम बनने पर गायघाट भाजपा नेताओं ने जताया हर्ष

लोकतंत्र की आवाज
दीपक कुमार



गायघाट। दिल्ली की मुख्यमंत्री चुने जाने पर रेखा गुप्ता को बधाई देते हुए गायघाट विधानसभा के भाजपा नेता सह जिला उपाध्यक्ष रानी सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक निर्णय से महिलाएं और अधिक सशक्त और आत्मनिर्भर बनेंगी। उन्होंने इसे भाजपा की महिला सशक्तिकरण नीति का एक महत्वपूर्ण कदम बताया और कहा कि यह निर्णय समाज में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को बढ़ावा देगा। गायघाट भाजपा मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश गामी, बिकाव यादव, संजागर कुमार सहनी, राघवेंद्र कुमार सिंह, राजीव कुमार, दीपक कुमार उर्फ बउआ जी समेत कई भाजपा नेताओं ने भी रेखा गुप्ता को बधाई दी और कहा कि उनका मुख्यमंत्री बनना आधी आबादी के सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा सभी वर्गों का ध्यान रखती है और महिलाओं को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा नेताओं ने कहा कि रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली में विकास की एक नई शुरुआत होगी। उनके मुख्यमंत्री बनने से न केवल महिलाओं का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि समाज में सशक्त नारी, समर्थ भारत का सपना भी साकार होगा। यह निर्णय महिलाओं को राजनीति और प्रशासन में अधिक भागीदारी के लिए प्रेरित करेगा। गायघाट भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय पर हर्ष व्यक्त किया और इसे भाजपा की न्याय और समावेशी राजनीति की पहचान बताया। नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के उत्थान के लिए कई योजनाएँ चलाई जा रही हैं, और रेखा गुप्ता का मुख्यमंत्री बनना उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आशा जताई कि रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली और अधिक विकसित होगी और महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से और अधिक मजबूती मिलेगी।

### नेपाल से भारत मादक पदार्थ तस्करी का भंडाफोड़, मोतिहारी में 2 तस्कर गिरफ्तार,8 किलो ड्रग्स और नगदी बरामद

लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ शशिकांत



मोतिहारी। पुलिस और एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में नेपाल से मादक पदार्थ की तस्करी का भंडाफोड़ हुआ है। दो अलग–अलग थाना क्षेत्रों से दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। कुंडवा चैनपुर थानाध्यक्ष राकेश कुमार को नेपाल से मादक पदार्थ की तस्करी की सूचना मिली।एसपी के निर्देश पर पुलिस और एसएसबी ने संयुक्त अभियान चलाया। एक संदिग्ध युवक को पकड़ा गया। उसके पास से 5 किलो मादक पदार्थ बरामद हुआ। दूसरी कार्रवाई महुअवा थाना क्षेत्र में की गई। यहां एक तस्कर को 3.3 किलो मादक पदार्थ और 24,550 रुपए नगद के साथ पकड़ा गया। दोनों तस्कर से पूछताछ जारी पुलिस दोनों गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ कर उनके गिरोह के अन्य सदस्यों की जानकारी जुटा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक प्रभात ने कहा कि मादक पदार्थों और शराब तस्करी के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। इस अभियान के तहत लगातार तस्करों की गिरफ्तारी हो रही है।

### केसरिया महोत्सव के दुसरे दिन स्थानीय कलाकार भोजपुरी गायक ने बिखेरा जलवा



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ शशिकांत

पूर्वी चम्पारण। केसरिया में चल रहे तीन दिवसीय महोत्सव,के दुसरे दिन स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी गयी। जिसमें धनगरहां निवासी विनोद बेदर्दी ने अपने लोक गायिकी से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आपको बताते चलें कि प्रथम दिन डॉ विपिन मिश्रा जी की टीम के द्वारा शंखनाद किया गया एवं बौद्ध भंते के द्वारा बौद्ध मंत्रोच्चार किया गया। महोत्सव के पहले दिन लेजर शो के द्वारा केसरिया के ऐतिहासिक महत्व को दिखाया गया, प्रिया वेंकटरमन की टीम के द्वारा शास्त्रीय नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात सुप्रसिद्ध लोक गायिका सुश्री मैथिली ठाकुर जी ने अपने प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। दुसरे दिन यानी 21.02.2025 को भोजपुरी गायक ने अपनी प्रस्तुति दी। वहीं इनके गानें से स्रोता झूमे रहे। इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन सहित स्थानीय विधायक,मिडियाकर्मी, समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन एवं समाजसेवी,तथा केसरिया महोत्सव टीम वॉलेंटियर मौजूद रहे।

## नौ मार्च को फिर से लगेगा नेत्र शिविर

लोकतंत्र की आवाज
सीतापुर राकेश पाण्डेय



**सीतापुर।** जिले के विकास खण्ड हरगांव क्षेत्र की एक ग्राम पंचायत में स्थित विद्यालय में समाजसेवी के द्वारा नौ मार्च 2025 को फिर से नेत्र शिविर का आयोजन कराया जा रहा है। इससे पूर्व उनके स्तर से कराए गए नेत्र शिविर से अधिकाधिक लोग लाभान्वित हो चुके हैं। जानकारी के अनुसार जिले के विकास खण्ड हरगांव क्षेत्र के समाजसेवी किसान संघर्ष मंच के अध्यक्ष राजेश सिंह तोमर के द्वारा आगामी नौ मार्च 2025 दिन रविवार को सुबह से सीतापुर आंख अस्पताल की ओर से बड़कऊसिंह स्मारक विद्यालय गनेशपुरा फिरोज पुर में बृहद नेत्र शिविर का आयोजन कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस शिविर के माध्यम से छोटी– छोटी बीमारियों के नि:शुल्क इलाज के साथ ही नि:शुल्क जांच व मोतियाबिंद के आपरेशन की सुविधा उपलब्ध होगी।उन्होंने नेत्र रोग से पीड़ति आम जन मानस से शिविर में आकर लाभान्वित होने की अपील की। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि किसान नेता समाजसेवी राजेश सिंह तोमर किसी न किसी रूप में समाज को लाभान्वित कराने की कोशिश में लगे रहते हैं। इनके द्वारा की जा रही समाज सेवा चाहे नेत्र शिविर का आयोजन करवाना हो या अन्य,सभी में आम जन मानस का विश्वास बना हुआ है।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की सम्पन्न हुई बैठक

लोकतंत्र की आवाज

**सीतापुर राकेश पाण्डेय**

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिला अधिकारी ने अभी तक चिन्हित किये गये ब्लैक स्पाटों की स्थिति की जानकारी करते हुये सम्बन्धितों को निर्देश दिये कि जिन स्थानों पर दुर्घटना ज्यादा हुयी हैं, वहां के ब्लैक स्पाटों को चिन्हित करते हुये आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय किये जाये।जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को सम्मिलित प्रयास कर एवं व्यापक



जन –जागरूकता अभियान चलाते हुये दुर्घटनाओं की संख्या में कमी किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने व्यापक स्तर पर प्रवर्तन कार्यवाही करते हुये नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने कहा कि जो नए ब्लैक स्पाट चिन्हित किये गये हैं, उनका निस्तारण जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाये ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके।उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जहां पर लाइटें लगायी जानी हैं,उस कार्य को ससमय पूर्ण किया जाये। उन्होंने सम्बन्धित को निर्देशित किया जिन सड़कों अवैध निर्माण हैं।

उसमें सम्बन्धित के खिलाफ नोटिस जारी करते हुये तत्काल हटवाया जाये।पंचकोसीय मार्ग को ठीक कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देश जिला अधिकारी ने कहा कि झाड़ियों की साफ –सफाई तत्काल करायी जाये। जिलाधिकारी ने सम्बन्धितों से यह भी कहा कि ड्रग एण्ड ड्राईव मामलों में सम्बन्धित के दस्तावेजों के निलम्बन की कार्यवाही की जाये। बैठक के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस उप–महानिरीक्षक ने पुलिस कार्यालय का किया निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज

**दीपक कुमार**

**गायघाट।** पुलिस उप–महानिरीक्षक, मिथिला क्षेत्र, दरभंगा द्वारा पुलिस कार्यालय दरभंगा का निरीक्षण किया गया। निरी क्षण पूर्व उन्हें गार्ड ऑफ़ ऑनर दिया गया। निरिक्षण के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक, दरभंगा / नगर पुलिस अधीक्षक, दरभंगा/ ग्रामीण पुलिस अधीक्षक, दरभंगा/ सहायक पुलिस अधीक्षक/ पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय / सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं सभी शाखा के प्रभारी उपस्थित रहें।

**निरिक्षण के क्रम में क्रमशः–** अपराध शाखा, लेखा शाखा, सामान्य शाखा, पेंशन शाखा, पुलिस के विरुद्ध लंबित कांड, सी०सी०ए० का प्रस्ताव, मध् निषेध, त्वरित विचारण, विदेशी शाखा, डी० सी० बी० शाखा,



मानवाधिकार, लोकशिकायत एवं अन्य सभी शाखाओं का गहनता से निरिक्षण किये एवं आवश्यक दिशा नीर्देश दिए।

साथ ही लंबित कांडों का तवरित गति से निष्पादन कराने, त्वरित विचारण हेतु चिन्हित कांडों का यथा शीघ्र विचारण संपन्न कराने गंभीर शीर्ष के काण्ड यथा झ हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार, सांप्रदायिक हिंसा, पुलिस पर हमला आदि कांडों की समीक्षा किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं जिले के टॉप 20 अपराधी गुंडा पंजी में उपद्रवियों का नाम प्रविष्ट करने और उपद्रवी तत्वों के विरुद्ध सी०सी०ए० के तहत कार्रवाई करने, सभी पदाधिकारियों को यह निर्देश दिया गया कि अपराध पीड़ितों व्यक्तियों के प्रति पीड़ित केन्द्रित दृष्टिकोण अपनाकर पुलिसिंग करें, पुलिस पर हमला और सांप्रदायिक कांडों में शामिल लोगो की त्वरित गिरफ्तारी और सख्ती से कुर्की करने का निर्देश दिया गया।

## जिले में छोटी से लेकर बड़ी परियोजनाओं के निर्माण का कार्य मिशन मोड में होगा पूर्ण

लोकतंत्र की आवाज

**दीपक कुमार**

**मुजफ्फरपुर।** डीएम ने प्रोजेक्टवार समीक्षा कर संबंधित अभियंताओं को कार्य में तेजी लाने एवं जल्द पूरा करने का दिया टास्क अर्जित भूमि का कैंप मोड में होगा रैयतों का भुगतान भूअर्जन/ निर्माण कार्य में आ रहे अवरोधों को एसडीओ पू./प.स्थलीय विजिट कर करेंगे मामले का निपटारा एवं निगरानी मा मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा की घोषणाओं/स्वीकृत परियोजनाओं का काम प्रायरिटी बेसिस पर जल्द शुरु करने का अभियंताओं को मिला टास्क



**आँनगोइंग स्कीम में तेजी लाने का सख्त निर्देश:** जिले में आधारभूत संरचनाओं के निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर करने, अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर अड़चनों को दूर करने तथा कार्य में तेजी लाने हेतु प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप की बैठक जिलाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन ने समाहरणालय सभागार में तकनीकी विभाग के अधिकारियों अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारियोंतथा वीडियो कांफ्रेंसिंग से संबद्ध अंचलाधिकारियों के साथ बैठक की । उन्होंने कहा कि जिले की संचालित परियोजनाओं के क्रियान्वयन में जमीन संबंधी किसी भी प्रकार की अड़चन आता है तो संबंधित अंचलाधिकारी/अनुमंडल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर समस्या का निदान करें। एसडीओ एवं सीओ को भी सक्रिय एवं तत्पर होकर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को दूर करने का निर्देश दिया। इसके लिए स्थलीय विजिट करने तथा परियोजनाओं के भू अर्जन से लेकर निर्माण कार्य मैं आ रही दिक्कतों का समाधान करने तथा सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग कर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। इसके लिए अनुमंडल पदाधिकारी, एसडीपीओ एवं अंचलाधिकारी को संयुक्त रूप से विजिट कर उत्पन्न समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के तहत मानिकपुर साहिबगंज के फेज दो के तहत 36 मौजा का स्वामित्व दे दिया गया है। इस परियोजना के अंतर्गत लगभग 403 करोड़ का भुगतान होना है जिसमें से 263 करोड़ का भुगतान रैयतों को कर दिया गया है। फरवरी माह में 7 करोड़ 24 लाख का भुगतान किया गया है। इस परियोजना के अंतर्गत पारु, साहेबगंज,सरैया अंचल आता है। जिलाधिकारी ने छूटे हुए रैयतों से आवेदन एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने हेतु कैंप लगाने का निर्देश दिया। कैंप की जानकारी पूर्व मे ही रैयतों को देने हेतु संबंधित क्षेत्र अंतर्गत ई रिक्शा से प्रचार प्रसार करने को कहा ताकि सभी भूधारियों से आवेदन प्राप्त कर शत प्रतिशत भुगतान का निष्पादन किया जा सके।

इस परियोजना के पहला फेज के अंतर्गत आदिलवाड़ी से मानिकपुर में 6 मौजा आता है। सभी मौजा का दखल कब्जा दे दिया गया है। इस परियोजना में 9 करोड़ का भुगतानभी किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने शेष भूधारियों को भी शीघ्र भुगतान करने को कहा। बागमती परियोजना में इस माह में भूधारियों को 3.58 करोड़ का भुगतान किया गया है। 6 सदस्यय कमेटी द्वारा स्थलीय जांच भी पूर्ण कर लिया गया है। मुजफ्फरपुर सुगौली दोहरीकरण रेल परियोजना के तहत कुल 10 मौजा का दखल कब्जा अधियाची विभाग को करा दिया गया है। इसमे 35.94 करोड़ की राशि का भुगतान किया गया है।

छपरा –मुजफ्फरपुर नई रेल लाइन परियोजना के तहत आधियाची विभाग पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर से प्राप्त अधियाचना के आलोक में सभी 26 मोजे में अर्जित भूमि का विधिवत दखल कब्जा अधियाची विभाग को सौंप दिया गया है। प्राप्त राशि के विरूद्ध मुआवजा की राशि का भुगतान भी हो चुका है। लंबित पंचाटियों को नियमानुसार भुगतान की कार्रवाई की जा रही है। माननीय मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान की गई सभी घोषणाओं की प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। जिलाधिकारी ने उन सभी परियोजनाओं को विभागीय प्रावधान एवं प्रक्रिया का पालन करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता आधार पर जल्द कार्य शुरू करने का सख्त निर्देश दिया। इस कार्य को मिशन मोड में विभाग से समन्वय स्थापित कर जल्द पूरा करने का निर्देश दिया।

बैठक में जिला भू–अर्जन पदाधिकारी श्री अशोक कुमार गुप्ता, अपर समाहर्ता राजस्व श्री संजीव कुमार, अनुमंडल अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिम श्रीमती श्रेया श्री पंचायत राज पदाधिकारी श्री नवीन कुमार, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, तकनीकी विभागों के पदाधिकारी गण तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अंचलाधिकारी संबद्ध थे।

## उरई जेल में निरुद्ध बंदियों को संगम प्रयाग राज के पवित्र जल से जेल के अंदर स्नान कराए

लोक तंत्र की आवाज

**उरई जालौन।** मा० कारागार मन्त्री उ०प्र० शासन के निर्देशानुक्रम में आज जिला कारागार उरई में निरूद्ध बंदियों को संगम प्रयागराज के पवित्र जल से जेल के अन्दर अमृत स्नान कराया गया। कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाये उ०प्र० लखनऊसे प्राप्त निर्देशों के क्रम में जेल प्रशासन द्वारा विशेष वाहक भेज कर दिव्य महाकुंभ संगम प्रयागराज से पवित्र जल मंगाते हुए जिला कारागार उरई पर पूजा अर्चना, मन्त्रोच्चार इत्यादि विधि विधान से कलश स्थापना की गयी एवं बंदियों द्वारा भजन कीर्तन इत्यादि का कार्यक्रम किया गया।



कारागार की प्रत्येक बैरकों में निरूद्ध बंदियों के स्नान की व्यवस्था हेतु पानी के टेंक को फूलमाला इत्यादि से सजाया गया इसके उपरांत संगम प्रयागराज से लाये गये महाकुंभ के पवित्र जल को टेंक में मिलाया गया। कतारवद्ध होकर बंदियों ने एक एक करके शान्ति व हर्षोल्लास के साथ अमृत स्नान किया। अमृत स्नान के पश्चात बंदियों के अन्दर सकारात्मकता की लहर दौड़ गयी और समस्त कारागार परिसर ओंमकार और हर हर गंगें के जयकारों से गूंज उठा। ऐसा सकारात्मक माहौल बंदियों को मानसिक शांति प्रदान करते हुए उनके द्वारा पूर्व में कारित बुरे कृत्यों के प्रति पश्चाताप की भावना तथा भविष्य में कभी कोई गलत कार्य न करने की प्रेरणा से ओत प्रोत हो गया। अमृत स्नान के उपरांत कारागार में निरूद्ध समस्त बंदियों द्वारा कारागार प्रशासन द्वारा किये गये प्रयास के प्रति कृतज्ञता / प्रशंसा व्यक्त की गयी।

इस अवसर पर जेल अधीक्षक नीरज देव, कारापाल प्रदीप कुमार, कारागार चिकित्साधिकारी राहुल वर्मन, उप कारापाल अमरसिंह, अन्य कारागार स्टाफ, व समस्त बंदीगण उपस्थित रहे। अमृत स्नान का कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

लोकतंत्र की आवाज स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।